3 राजधानी
मारपीट के मामले में चार छात्र निलम्बित

6 अभिमत
थाईलैंड की सेना का बनावटी चेहरा

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 98
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 26 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




सूर्यकुमार बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# मलबे में दबने से सपा नेता की मां, पत्नी की मौत

- अलाया अपार्टमेंट ढहने के मामले में बिल्डर सहित तीन पर मुकदमा दर्ज
- अब तक 16 लोग सुरक्षित बाहर निकाले गए, मंडलायुक्त की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित

## विधायक शाहिद मंजूर का पुत्र गिरफ्तार



लखनऊ में मंगलवार को गिरे अलाया अपार्टमेंट के मलबे से लोगों को निकालने का काम बुधवार को भी जारी रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हजरतगंज** के वजीर हसन रोड पर बीते मंगलवार की देर शाम पांच मंजिला अलाया अपार्टमेंट के ढह जाने के मामले में योगी सरकार ने बड़ी कार्रवाई है। हजरतगंज कोतवाली में सपा के पूर्व मंत्री और विधायक शाहिद मंजूर के बेटे नवाजिश, भतीजे मोहम्मद तारिक और बिल्डर फाहद याजदानी के खिलाफ बुधवार को आईपीसी की धारा 323, 308, 420, 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस ने नवाजिश को मेरठ से गिरफ्तार कर लिया है। अन्य अभियुक्तों की तलाश में 5 पुलिस टीमें गठित की गई हैं। सीएम के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी गई है। इस कमेटी में आयुक्त लखनऊ मंडल रोशन जैकब, संयुक्त पुलिस आयुक्त लखनऊ पीयूष मोर्डिया एवं चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी लखनऊ होंगे। ये समिति इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को चिन्हित कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देगी। इस हादसे के चलते मलबे में दबी सपा नेता अब्बास हैदर की मां बेगम हैदर और पत्नी उजमा हैदर को रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन दोनों की मौत हो गई। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।

इस हादसे में अब तक 16 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। एक ही परिवार में दो लोगों की मौत से सपा नेता अब्बास हैदर के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं शव का पोस्टमार्टम न कराने बात कह कर परिजन शव सीधे घर ले जाना चाह रहे थे जबकि प्रशासनिक अधिकारी बेगम हैदर व उजमा हैदर का पोस्टमार्टम कराने की बात कह रहा था। हालांकि काफी देर तक हुई नोकझोंक के बाद परिजन शव लेकर चले गए। अपार्टमेंट के ढहने की घटना के मामले में पूर्व कैबिनेट मंत्री और मेरठ के किठौर से सपा विधायक शाहिद मंजूर का नाम सामने आया। अलाया अपार्टमेंट की जिस जमीन पर बिल्डिंग बनाई गई थी, वह उनके बेटे नवाजिश और भतीजे तारिक के नाम पर थी।

बिल्डिंग को यजदान बिल्डर ने बनाया था। 2003 में चार सौ गज जमीन नवाजिश और तारिक के नाम खरीदी थी। इसमें सौ गज में रास्ता और बाकी में अपार्टमेंट बनाया गया था। 2004-05 में ही पूरी बिल्डिंग बिक गई थी। घटना के समय मेंटेनेंस का काम चल रहा था। लखनऊ से मंगलवार की रात ही मेरठ पहुंची पुलिस टीम ने उनके बेटे नवाजिश को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया और लखनऊ ले आई। जहां बुधवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार दिखाकर प्रभारी, सीजेएम साक्षी गर्ग के न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने नवाजिश को सात फरवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। विधायक के परिवार को लिखित में नोटिस भी दिया है कि परिवार का कोई भी सदस्य बिना अनुमति फिलहाल जनपद के बाहर न जाएं। लखनऊ के पुलिस कमिश्नर एसबी शिरोडकर ने बताया कि हजरतगंज इलाके में हुए बिल्डिंग हादसे में पहली गिरफ्तारी की गई है। पूर्व मंत्री और सपा विधायक शाहिद मंजूर के बेटे नवाजिश को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो अन्य की तलाश में पांच टीमें लगाई गई हैं। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि अन्य की भी जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि दो लोगों की मृत्यु के बाद दर्ज मुकदमे में गैरइरादतन हत्या (304 आईपीसी) की धारा को भी जोड़ दिया गया है। जांच के बाद ही हादसे का वास्तविक कारण पता चलेगा।

# सुषमा पर पोम्पियो की टिप्पणी जयशंकर ने दिया कड़ा जवाब

- अपनी पुस्तक में अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने भारतीय समकक्ष सुषमा स्वराज को बताया नासमझ
- बोले जयशंकर- मैं सुषमा जी के लिए इस्तेमाल की जाने वाली अपमानजनक भाषा की निंदा करता हूं

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली/वाशिंगटन





**सुषमा** स्वराज के खिलाफ पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो की अपमानजनक टिप्पणी की विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कड़ी निंदा की है। पोम्पियो ने मंगलवार को लांच हुई अपनी पुस्तक में स्वराज के बारे में उस समय के प्रसंगों का जिक्र किया है जब वह विदेश मंत्रालय का जिम्मा संभाल रही थीं।

सुषमा स्वराज ने मई 2014 से मई 2019 तक विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया। अगस्त 2019 में उनका निधन हो गया था। स्वराज के बारे में लिखते हुए पोम्पियो ने कहा कि उन्होंने अपनी समकक्ष सुषमा स्वराज को कभी भी महत्वपूर्ण राजनेता नहीं माना, लेकिन एस जयशंकर के साथ उनकी अच्छी दोस्ती रही है। अमेरिकी विदेश मंत्री रहे पोम्पियो की किताब पर कड़ी टिप्पणी करते हुए जयशंकर ने कहा कि मैंने तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री पोम्पिओ की किताब में सुषमा स्वराज का जिक्र करते हुए एक अंश पढ़ा है। मैंने हमेशा स्वराज का बहुत सम्मान किया और उनके साथ असाधारण रूप से घनिष्ठ और मधुर संबंध थे। मैं उनके लिए इस्तेमाल की जाने वाली अपमानजनक भाषा की निंदा करता हूं। मंगलवार को बाजार में आई अपनी नई किताब 'नेवर गिव एन इंच : फाइटिंग फॉर द अमेरिका आई लव' में पोम्पिओ ने सुषमा स्वराज के बारे में अपमानजनक तरीके से वर्णन किया है, जिसमें उनके लिए अमेरिकी अपशब्दों 'गूफबॉल' और 'हार्टलैंड पॉलिटिकल हैक' का इस्तेमाल किया गया है। गूफबॉल अमेरिका में अमूमन नासमझ के लिए इस्तेमाल किया जाता है। अमेरिका के विदेश मंत्री रहे 59 वर्षीय माइक पोम्पिओ अपनी तत्कालीन भारतीय समकक्ष के बारे में किताब में लिखते हैं कि भारतीय विदेश विभाग की टीम में मेरे मूल समकक्ष यानी सुषमा स्वराज इतनी महत्वपूर्ण नहीं थीं।

इसके बजाय, मैंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ अधिक तालमेल बिठाकर काम किया, जो प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी और भरोसेमंद विश्वासपात्र थे। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भरोसेमंद रहे पोम्पियो 2017 से 2018 तक उनके प्रशासन में सीआईए निदेशक थे और फिर 2018 से 2021 तक विदेश विभाग की जिम्मेदारी संभाली। पोम्पियो पुस्तक में कहते हैं कि मेरे दूसरे भारतीय समकक्ष सुब्रह्मण्यम जयशंकर थे, जिन्होंने मई 2019 में भारतीय विदेश मंत्रालय का कार्यभार संभाला। मैं और बेहतर समकक्ष की नहीं कर सकता था। मैं जयशंकर से प्यार करता हूं। अंग्रेजी उन सात भाषाओं में से एक है, जो वह बोलते हैं, और अंग्रेजी पर उनकी पकड़ मुझसे बेहतर है।

## अवकाश सूचना



**गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 26 जनवरी 2023 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 28 जनवरी 2023 को प्रकाशित होगा।**

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,205 | ⬇ | 773 | |
| निफ्टी | 17,891 | ⬇ | 226 | |
| सोना | 56,972 | ⬇ | 198 | /10g |
| चांदी | 68,625 | ⬇ | 270 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मंत्री नंदी को एक साल की सजा, अंतरिम जमानत मिली

**प्रयागराज।** वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार रहे और वर्तमान मे योगी सरकार मे मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और तत्कालीन सपा उम्मीदवार कुंवर रेवती रमण सिंह के कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट के मामले मे यहां की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने नंदी को सजा सुनाई और उच्च न्यायालय मे अपील के लिए उनकी अंतरिम जमानत स्वीकार की। नंदी को धारा 323 के तहत छह महीने और 147 के तहत एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है और पांच हजार रुपए जुर्माना लगाया है। नंदी के वकील राजेश गुप्ता ने बताया कि 2014 के लोकसभा चुनाव में यह घटना हुई थी। रेवती रमण और नंदी के समर्थकों के बीच कुछ विवाद बताया गया था। उस समय सपा सरकार थी और उनके दबाव में नंदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।

### आज बिजली कटौती से मुक्त रहेगा प्रदेश

**लखनऊ।** 2017 में सूबे की कमान योगी आदित्यनाथ के हाथों में आने के बाद से ही उत्तर प्रदेश जगमगा रहा है। इसके बाद से किसी एक जिले की बजाय पूरे प्रदेश में समान रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। यही नहीं विशेष महत्व वाले दिनों, पर्वो और राष्ट्रीय पर्वो पर सरकार निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश को विद्युत कटौती से मुक्त रखने का निर्देश दिया है। निर्देश के अनुसार सभी महानगरों में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी।

# जी20 ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं पर चर्चा का आदर्श मंच: राष्ट्रपति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जी20 समूह ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा करने और इसका समाधान तलाशने का आदर्श मंच है जिन समस्याओं से सबसे अधिक प्रभावित गरीब लोग होते हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने देश के 74वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में यह बात कही।

उन्होंने कहा, शासन के सभी पहलुओं में बदलाव लाने और लोगों में रचनात्मक ऊर्जा को उजागर करने के लिए हाल के वर्षों में किए गए प्रयासों की श्रृंखला के परिणाम स्वरूप अब विश्व समुदाय भारत को सम्मान की दृष्टि से देखता है। उन्होंने कहा कि विश्व के विभिन्न मंचों पर हमारी सक्रियता से सकारात्मक बदलाव आने शुरू हो गए हैं, विश्व मंच पर भारत में जो सम्मान अर्जित किया है उसके कारण देश को नए अवसर और जिम्मेदारियां भी मिली है। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सब जानते हैं कि इस वर्ष भारत इस वर्ष जी20 देशों के समूह की अध्यक्षता कर रहा है। मुर्मू ने कहा कि विश्व बंधुत्व के अपने आदर्श के अनुरूप हम सभी की शांति और समृद्धि के पक्षधर हैं। उन्होंने कहा कि जी20 की अध्यक्षता बहुपक्षता को बढ़ावा देने का अच्छा अवसर भी है, साथ ही एक बेहतर विश्व और बेहतर भविष्य को स्वरूप देने का उचित मंच भी है। राष्ट्रपति ने कहा, मुझे विश्वास है कि भारत के नेतृत्व में जी-20 अधिक न्यायपरक और स्थिरता से पूर्ण व्यवस्था के निर्माण के अपने प्रयासों को और बढ़ाने में सफल होगा। उन्होंने कहा कि जी-20 के सदस्य देशों का कुल मिलाकर विश्व की आबादी में लगभग दो-तिहाई और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 85 प्रतिशत होता है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा करने और उनके समाधान के लिए एक आदर्श मंच है।

मुर्मू ने कहा, मेरे विचार से ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन ऐसी चुनौतियां हैं जिनका समाधान शीघ्र करना है। उन्होंने कहा कि वैश्विक तापमान बढ़ रहा है और मौसम में बदलाव के चरम रूप दिखाई पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सामने एक गंभीर दुविधा है कि अधिक से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए आर्थिक विकास जरूरी है और इस विकास के लिए जीवाश्म ईंधन का प्रयोग भी करना पड़ता है।

## विश्व भारती ने अमर्त्य सेन पर भूखंड कब्जाने का आरोप लगाया

**कोलकाता( भाषा )।** विश्व भारती ने मंगलवार को नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन से पश्चिम बंगाल के शांति निकेतन में एक भूखंड को सौंपने का आग्रह किया और दावा किया कि उन्होंने अनधिकृत तरीके से उस हिस्से पर कब्जा किया हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालय के उप पंजीयक द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र में कहा गया है कि प्रसिद्ध अर्थशास्त्री का निवास एक ऐसे क्षेत्र में बनाया गया हैए जिसमें अतिरिक्त 13 डिसमिल भूमि शामिल है। विश्वविद्यालय ने यह भी कहा कि वह अपने प्रतिनिधियों और सर्वेक्षणकर्ता या सेन द्वारा प्रतिनियुक्त सर्वेक्षणकर्ता या अधिवक्ता की निगरानी में संयुक्त सर्वेक्षण करने के लिए तैयार है ताकि दावों को सत्यापित किया जा सके। पत्र में कहा गया हैए ष्रिकॉर्ड और भौतिक सर्वेक्षण, सीमांकन से यह पता चला है कि विश्व भारती से संबंधित 13 डिसमिल भूमि पर आपका अनधिकृत कब्जा है। इसमें कहा गया है, आपसे अनुरोध है कि उक्त 13 डिसमिल जमीन जल्द से जल्द विश्वविद्यालय को सौंप दी जाए।

# भारत और मिस्र सामरिक गठजोड़ बढ़ाएंगे

**भाषा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**भारत** और मिस्र ने बुधवार को अपनी द्विपक्षीय भागीदारी को सामरिक गठजोड़ के स्तर पर ले जाने का निर्णय किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी ने समयबद्ध तरीके से रक्षा, सुरक्षा, कारोबार, तथा आतंकवाद से निपटने में सहयोग को बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने खाद्य, ऊर्जा और उर्वरक की उपलब्धता पर रूस यूक्रेन संघर्ष के प्रभावों के बारे में भी चर्चा की, साथ ही सीमापार आतंकवादी गतिविधियों सहित आतंकवाद से निपटने को लेकर सतत एवं समन्वित रूख अपनाने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति अल सीसी के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने संस्कृति, सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, युवा मामलों एवं प्रसारण क्षेत्र से जुड़े पांच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा दोनों देशों के बीच संबंधों को सामरिक भागीदारी के स्तर पर ले जाने पर सहमति बनी है जिसमें राजनीतिक, सुरक्षा, रक्षा, ऊर्जा और आर्थिक संबंधों के आयाम शामिल हैं। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने अगले पांच वर्ष में अपने द्विपक्षीय कारोबार को 12 अरब डालर ले जाने का निर्णय किया जो अभी सात अरब डालर है। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति अल सीसी के बीच वार्ता को बेहद सार्थक और गर्मजोशी से भरा बताया।

मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे हैं। बुधवार को हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति अल सीसी ने कई विषयों पर चर्चा की। बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया बयान में कहा, अरब सागर के एक छोर पर भारत है तो दूसरी ओर मिस्र है। दोनो देशों के बीच सामरिक समन्वय पूरे क्षेत्र मे शांति और समृद्धि के लिए मददगार होगा। इसलिए आज की बैठक में राष्ट्रपति सीसी और मैंने हमारी द्विपक्षीय भागीदारी को सामरिक गठजोड़ के स्तर पर ले जाने का निर्णय लिया।

# आशीष मिश्रा को आठ सप्ताह की अंतरिम जमानत मिली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष को 2021 में हुए लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आठ सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी और जेल से छूटने के एक सप्ताह के अंदर उत्तर प्रदेश छोड़ने का निर्देश दिया। इस हिंसा में आठ लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी की पीठ ने निर्देश दिया कि आशीष अंतरिम जमानत की अवधि के दौरान न तो उत्तर प्रदेश और न ही दिल्ली में रह सकेगा।

पीठ ने कहा कि वह न्याय के हित को आगे बढ़ाने के लिए और एक तरह से प्रायोगिक आधार पर यह फैसला करने के लिए कुछ अंतरिम निर्देश जारी कर रही है कि राज्य और अन्य द्वारा जताई गई आशंकाओं में कोई दम है या नहीं। पीठ ने अपनी संवैधानिक शक्तियों का स्वत: प्रयोग किया और चार आरोपियों - गुरुविंदर सिंह, कमलजीत सिंह, गुरुप्रीत सिंह और विचित्र सिंह - को अगले आदेश तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया। इन आरोपियों को एक अलग प्राथमिकी के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।

अदालत ने कहा, याचिकाकर्ता आशीष मिश्रा को निचली अदालत की संतुष्टि के अनुसार मुचलका जमा करने पर शुरुआत में आठ सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया जाता है। उसने कहा, जिन गवाहों को अभी बयान देना है, उन्हें किसी भी प्रकार के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभाव से दूर रखने के लिए याचिकाकर्ता को अंतरिम जमानत पर उसकी रिहाई की तारीख से एक सप्ताह के भीतर उप्र राज्य छोड़ने का निर्देश दिया जाता है। उसने कहा, याचिकाकर्ता, उसके परिवार या समर्थकों द्वारा गवाहों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने या धमकाने की कोई भी कोशिश किए जाने पर अंतरिम जमानत रद्द कर दी जाएगी।

# मुलायम, कृष्णा, जाकिर हुसैन को पद्म सम्मान

- गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषित पुरस्कारों में कई हस्तियों के नाम शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मुलायम सिंह यादव



एसएम कृष्णा



जाकिर हुसैन

**उत्तर** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, संप्रग सरकार में विदेश मंत्री रह चुके एसएम कृष्णा और तबला वादक जाकिर हुसैन सहित छह लोगों को देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण के लिए चुना गया है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है।

मुलायम सिंह यादव के साथ ही डॉक्टर दिलीप महालनाबिस और मशहूर वास्तुकार बालकृष्ण दोशी को मरणोपरांत पद्म विभूषण सम्मान के लिए चुना गया है। इस साल, देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न के लिए किसी नाम की घोषणा नहीं की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पद्म पुरस्कार पाने वालों को ट्वीट कर बधाई दी। उन्होंने कहाकि भारत के लिए उनके समृद्ध और विविध योगदान और विकास पथ को बढ़ाने के उनके प्रयासों को देश स्वीकार करता है। अमेरिका स्थित गणितज्ञ श्रीनिवास वर्धन को भी पद्म विभूषण सम्मान के लिए चुना गया है। बयान के अनुसार प्रसिद्ध उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला, उपन्यासकार एस एल भैरप्पा और लेखिका सुधा मूर्ति सहित नौ लोगों को पद्म भूषण के लिए चुना गया है।

राकेश झुनझुनवाला (मरणोपरांत), अभिनेत्री रवीना टंडन, मणिपुर भाजपा अध्यक्ष टीचौबा सिंह सहित 91 लोगों को पद्म श्री सम्मान के लिए चुना गया है। पद्म पुरस्कारों के लिए घोषित नामों में महाराष्ट्र से 12, कर्नाटक और गुजरात से आठ-आठ व्यक्ति शामिल हैं। राष्ट्रपति द्वारा ये सम्मान औपचारिक समारोहों में प्रदान किए जाते हैं जिनका आयोजन आमतौर पर हर साल मार्च या अप्रैल में राष्ट्रपति भवन में किया जाता है। राष्ट्रपति ने 2023 के लिए 106 पद्म पुरस्कारों के लिए मंजूरी दी है। पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं हैं। सात लोगों को मरणोपरांत इस सम्मान के लिए चुना गया है। पद्म सम्मान देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं और यह तीन श्रेणियों- पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में प्रदान किए जाते हैं।

## पद्म विजेताओं ने उप्र का गौरव बढ़ाया: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वाले उत्तर प्रदेश के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा, विभिन्न क्षेत्रों में आपके उल्लेखनीय योगदान ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। प्रदेश से आठ को पद्म सम्मान के लिए चुना गया है जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव शामिल हैं। साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, दिलशाद हुसैन और रित्विक सान्याल ने कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान किया है। वहीं, अरविंद कुमार ने विज्ञान एवं अभियांत्रिकी, उमा शंकर पांडेय ने सामाजिक कार्य जबकि मनोरंजन साहू ने औषधि के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान किया है।

# दिव्यांगजन को मुख्य धारा में लाना हमारी प्रतिबद्धता

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि दिव्यांगजन को सहानुभूति नहीं बल्कि प्रोत्साहन एवं सहयोग की आवश्यकता है। प्रदेश सरकार दिव्यांगजन को सशक्त बनाकर समाज व विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। प्रशासन व विभागीय अधिकारी उन्हें जीवनोपयोगी आवश्यक उपकरण, संसाधन तथा प्रमाण पत्रों की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराएं।

सीएम योगी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात कर रहे थे। मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान उन्होंने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें भरोसा दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, संतुष्टिपरक और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ दिव्यांगजन ट्राइसाइकिल की आवश्यकता बताने तथा कुछ मानसिक दिव्यांग अपने परिजन के साथ प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध लेकर आए थे। उनकी समस्या सुनते ही मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि जिन्हें भी ट्राईसाइकिल, मोटरराइज्ड ट्राइसाइकिल की जरूरत है उन्हें त्वरित आधार पर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्होंने यह हिदायत जारी की कि मानसिक दिव्यांगजन को प्रमाणपत्र जारी करने में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोगों के साथ उनके बच्चे भी आए थे। सीएम योगी ने उन्हें दुलारा आशीर्वाद दिया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की दी बधाई



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 74वें गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी के पावन अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखी, समृद्ध एवं स्वस्थ जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई सन्देश में कहा कि गणतंत्र दिवस का पर्व हम सबको एक सूत्र में बांधने वाली भारतीयता के गौरव का उत्सव है। उन्होंने कहा कि इस शुभ अवसर पर विविधता में एकता की संस्कृति को बनाये रखते हुए अपने संविधान निर्माताओं की आकांक्षाओं एवं महापुरुषों की इच्छाओं को पूर्ण करने का संकल्प लें और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करें। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल का जनता के नाम सन्देश का प्रसारण दूरदर्शन केन्द्र, लखनऊ से 26 जनवरी 2023 को प्रातः 8:30 बजे और आकाशवाणी केन्द्र, लखनऊ से 26 जनवरी 2023 को रात्रि 7:30 बजे प्रसारित किया जायेगा। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा कि बसन्त का आगमन सभी देश एवं प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य का संचार करे तथा विद्या की देवी सरस्वती सभी के जीवन को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करें।

# आठ जनपदों की डायलिसिस यूनिट में बढ़ाए जायेंगे बेड: ब्रजेश पाठक

- नेशनल हेल्थ मिशन ने बेड बढ़ाने के प्रस्ताव को दी मंजूरी, गुर्दा रोगियों के इलाज में होगी सहूलियत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गुर्दे** के गंभीर रोगियों को डायलिसिस के लिये एक से दूसरे जनपद तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। बेड की कमी की वजह से गुर्दा रोगियों को डायलिसिस का इंतजार भी नहीं करना होगा। इसके लिए डायलिसिस यूनिट में बेड बढ़ाये जायेंगे। अभी प्रदेश के आठ जनपदों में डायलिसिस यूनिट में बेड बढ़ाए जा रहे हैं। जरूरत के हिसाब से अन्य जनपदों में भी बेड की संख्या में इजाफा किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने महानिदेशक स्वास्थ्य को जल्द से जल्द बेड बढ़ाने के लिए निर्देशित किया है।

यूपी में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत पब्लिक प्राइवेट पार्टनशिप मॉडल पर डायलिसिस यूनिट का संचालन किया जा रहा है। गुर्दे के गंभीर रोगियों को उनके जिले में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि रोगियों को डायलिसिस के लिए दूसरे जिलों तक दौड़ न लगानी पड़े। गुर्दा रोगियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। ऐसे में रोगियों को डायलिसिस की सुविधा मुहैया कराकर राहत प्रदान की जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि रोगियों की संख्या बढ़ने की दशा में आठ जनपदों में हीमोडायलिसिस बेड बढ़ाये जा रहे हैं।

> गुर्दा रोगियों के बेहतर उपचार के लिए, लगातार कदम उठाये जा रहे हैं। जल्द से जल्द आठ जनपदों की डायलिसिस यूनिट में बेड बढ़ाने के निर्देश दिये गये हैं ताकि अधिक से अधिक रोगियों को इलाज उपलब्ध कराया जा सके। डायलिसिस यूनिट में पर्याप्त सफाई, आरओ सिस्टम को दुरुस्त रखें। जरूरी दवाओं का संकट न होने दें। रोगियों को अधिक से अधिक सुविधाएं मुहैया कराई जायें।
>
> ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री

### 109 बेड होंगे डायलिसिस यूनिट में

कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, अम्बेडकर नगर, हाथरस, फिरोजाबाद, गाजीपुर, महाराजगंज व लखीमपुर खीरी जिला चिकित्सालय में 71 बेड पर मरीजों की डायलिसिस हो रही है। एक बेड पर एक दिन में तीन से चार रोगियों की डायलिसिस हो रही है। मरीजों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। इन जनपदों में करीब 38 बेड बढ़ाये जा रहे हैं। डायलिसिस यूनिट में कुल 109 बेड होंगे।

# एडीजी राजा श्रीवास्तव सहित 79 पुलिसजनों को मिले राष्ट्रपति के पुलिस पदक

- पांच को विशिष्ट सेवाओं और 74 को सराहनीय सेवाओं के लिए मिला यह सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गणतंत्र** दिवस-2023 के मौके पर उत्तर प्रदेश पुलिस के 79 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रपति के विशिष्ट व सराहनीय सेवा पदक से नवाजा गया है। इनमें जिन पांच पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पुलिस पदक हासिल हुआ है उनमें डीजीपी मुख्यालय में एडीजी कार्मिक राजा श्रीवास्तव, डीजीपी के जनरल स्टाफ आफीसर (जीएसओ) एडीजी एन. रवींदर, एडीजी एटीएस नवीन अरोड़ा, एडीजी टेक्निकल सर्विस मोहित अग्रवाल और वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात हेड कांस्टेबल विनय कुमार शामिल हैं।

इसके अलावा 74 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। इनमें आईजी अजय कुमार मिश्रा, आईजी प्रतिंदर सिंह, डीआईजी लव कुमार, एसपी राजेश कुमार, एसपी दुर्गेश कुमार, डीएसपी उदयराज सिंह, एसीपी इंद्रप्रकाश सिंह, डीएसपी लायक सिंह, एआरओ जय प्रकाश सिंह, एआरओ वीरेद्र कुमार वर्मा, डीएसपी कृष्ण मोहन सक्सेना, डीएसपी बहादुर सिंह, इंस्पेक्टर खुशपाल सिंह, इंस्पेक्टर पवन सिंह, इंस्पेक्टर राम सागर यादव, कंपनी कमांडर चंदन सिंह, कंपनी कमांडर प्रेम शंकर सिंह, इंस्पेक्टर सुभाष चंद्रा व विजय बहादुर सिंह, सुरेंद्र सिंह, राकेश कुमार सिंह चौहान, संजय कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार बाजपेयी, हरिराजए राजकुमार, फिरोज अहमद, अनिल कुमार वर्मा, जगदीश प्रसाद पाण्डेय, एसआई विश्राम सिंह, प्लाटून कमांडर ब्रजनंदन सिंह यादव, इंस्पेक्टर श्रीबक्श, प्लाटून कमांडर शिव करन सिंह, सब इंस्पेक्टर राबिन कुमार भौमिक, एसआई आनंद ध्यानी, एसआई कैलाश चंद्र, एसआई शीषपाल सिंह, एसआई राम नरेश, एसआई कन्हैया तिवारी, आशाराम, सुशील कुमार सिंह, उमाकांत राय, कमल कुमार तिवारी, शशिभूषण सिंह, प्लाटून कमांडर चंद्रेश राव, एसआई कमलेश त्रिपाठी, अमर बहादुर सिंह, प्रमोद कुमार पाठक, प्लाटून कमांडर महिपाल सिंह, एसआई रामकुमार सिंह, प्रमोद कुमार, हरिओम शर्मा, निरंजन सिंह, जय नंदन पोद्दार, सुभाष चंद्र यादव, बजरुल कुमार, फेकू प्रसाद प्रमुख हैं। इसी तरह राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा पुलिस पदक पाने वालों में एसआई साधु राम, प्लाटून कमांडर रंजीत प्रसाद, मुख्य आरक्षी चंद्रभूषण शुक्ला, कश्मीर सिंह, कमलेश सिंह, इंस्पेक्टर कृष्ण मुरारी अग्रवाल, राम शिंगर मिश्रा, सुनील गुलाटी, राजीव कुमार, गिरजेश प्रकाश, सुभाष चंद्र पाण्डेय, हरीश सिंह भंडारी, राकेश कुमार, जुबेर अहमद, सुभाष चंद्र शर्मा, चंदौली में तैनात सुरेश चंद्रा और लखनऊ में तैनात इंस्पेक्टर सुरेश चंद्रा, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर वर्मा शामिल हैं।

### नौ पुलिस अफसरों को डीजीपी ने प्रदान किया प्रशस्ति पत्र

लखनऊ। डीजीपी डॉ. डीएस चौहान ने गणतंत्र दिवस-2023 के मौके पर एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार सहित नौ पुलिस अफसरों को उनकी प्रशंसनीय सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। इनमें प्रंशात कुमार के अलावा एडीजी कार्मिक राजा श्रीवास्तव, एडीजी रेलवे ए.सतीश गणेश, आईजी कानून एवं व्यवस्था डॉ. संजीव गुप्ता, डिप्टीएसपी गोपनीय, डीजीपी मुख्यालय अनिल कुमार मिश्रा, निरीक्षक गोपनीय कृष्ण कुमार सिंह, निरीक्षक गोपनीय मुनेंद्र कुमार पांडेय और निरीक्षक, कमिश्नरेट आगरा अरविंद कुमार शामिल हैं।

# गणतन्त्र दिवस पर पावर कारपोरेशन कर्मियों को बोनस का तोहफा


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** पावर कारपोरेशन अपने कार्मिकों को 2021-22 के लिये तदर्थ अनुग्रह धनराशि (बोनस) देगा। कारपोरेशन अध्यक्ष एम. देवराज की पहल पर इस तरह का प्रस्ताव पावर कारपोरेशन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर द्वारा पारित कर दिया गया है। बोनस की धनराशि पर लगभग 19 करोड़ व्ययभार आयेगा और इससे कारपोरेशन के 32517 कार्मिकों को लाभ प्राप्त होगा। बोनस के रूप में 30 दिन की परिलब्धियों के बराबर धनराशि कार्मिकों को प्राप्त होगी। देवराज का कहना है कि कारपोरेशन अपने अधिकारियों एवं कार्मिकों के प्रति संवेदनशील है। हमारी कोशिश है कि निगम की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर कार्मिकों को उनके हित लाभ मिलते रहें। उन्होंने कार्मिकों का अवाहन किया है कि अपने कार्यों को इमानदारी, निष्ठा एवं परिश्रम के साथ करें। प्रबन्धन हमेशा उनके साथ है।

# 9495 करोड़ से अधिक की धनराशि व्यय कर देश में प्रथम स्थान पर यूपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य के दिशा निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत अधिक से अधिक कार्य कराकर श्रमिकों को जहां रोजगार दिया जा रहा है, वही उनके भुगतान में भी तत्परता बरती जा रही है। मनरेगा श्रमिकों का भुगतान बी सी सखियों के माध्यम से मनरेगा कार्यस्थल एपंचायत भवन एवं उनके आवासों पर मजदूरी का वितरण यथा संभव किया जा रहा है। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि चालू वर्ष में 9495 करोड़ से अधिक की धनराशि मनरेगा में व्यय की गई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में मनरेगा मे धनराशि व्यय करने में प्रदेशए देश में प्रथम स्थान पर है। तमिलनाडु एवं राजस्थान क्रमशरू द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर हैए। तमिलनाडु ने 8915 करोड़ एवं राज ने 7569.29 करोड़ धनराशि व्यय की है। उत्तर प्रदेश में इस वर्ष 65ण्07 लाख परिवारों को मनरेगा में रोजगार प्रदान किया गया है और परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने में उत्तर प्रदेशएदेश में प्रथम स्थान पर है। इस मामले में भी तमिलनाडु व राजस्थान क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर हैं। तमिलनाडु में 63.26 लाख व राजस्थान में 25.08 लाख परिवारों को मनरेगा में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। 3 लाख 87 हजार से अधिक परिवारों को 100 दिवसों का पूर्ण रोजगार उपलब्ध करा दिया गया है और प्रदेश परिवारों को 100 दिवसों का पूर्ण रोजगार उपलब्ध कराने में देश में प्रथम स्थान पर है।






# आने वाले दिनों में बढ़ेगी पर्यटन की भूमिका: जयवीर सिंह

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन दिवस के अवसर पर बुधवार को अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश द्वारा विभिन्न क्षेत्रों रूरल टूरिज्मए ईको टूरिज्म एवं एग्रो टूरिज्म में उत्कृष्ट कार्य कर रहे उद्यमियों को प्रोत्साहन एवं उत्साहवर्धन के रूप में मोमेण्टो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इससे भविष्य में वे अपने क्षेत्र में दुगुनी रफ्तार से नए आयाम स्थापित कर सकेंगे जिससे रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे एवं प्रदेश के राजस्व में वृद्धि हो सकेंगी। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम में कृषि पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन, ईको पर्यटन पर आधारित विशेषज्ञों द्वारा इन क्षेत्रों में किए गए कार्यों एवं भविष्य में किस प्रकार से इस क्षेत्र को नई दिशा एवं गति प्रदान किये जाने के विषय पर चर्चा की गई। जयवीर सिंह ने कहा कि रंजीत कौर, कारीकोट, विकास खण्ड मिहिपुरवा, जिला.बहराइच रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। इनके द्वारा बहराइच के कतरनियाघाट पर होम स्टे तथा जैविक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किये जा रहे है जो कि आने वाले समय में पर्यटकों के आकर्षण के मुख्य केन्द्र होंगे। इसी प्रकार हिमाशुं गंगवार, शमसाबाद, कायमगंज जिला फरूर्खाबाद पिछले 15 वर्षों से गौ आधारित प्राकृतिक खेती कर देशी गौवंश का संरक्षण संवर्धन प्राकृतिक उत्पादों एवं मूल्यों का संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती के लिए कृषकों को प्रेरित करना एवं इस विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना इनकी मुख्य विशेषता है। इनके द्वारा प्राकृतिक खेती को लेकर नित नवीन प्रयास किये जा रहे है जोकि आने वाले समय में आम जनमानस के स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त लाभप्रद होगा।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में खेल विभाग भी निभायेगा अपनी भूमिका: डॉ. नवनीत सहगल

**लखनऊ।** मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने लखनऊ में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में खेल विभाग भी भूमिका निभायेगा। तीन दिवसीय जीआईएस में स्पोर्ट्स की गतिविधियों पर आधारित एक सत्र होगा, जिसमें क्रोएशिया देश के एक मंत्री द्वारा भाग लिये जाने की संभावना है। इस दौरान खेल क्षेत्र में निवेश के इच्छुक उद्यमियों के साथ एमओयू भी किया जायेगा। इसके साथ ही एक्जीविशन हाल में खेल गतिविधियों की ब्रांडिंग होगी, इसमें वाराणसी में प्रस्तावित इन्टरनेशल क्रिकेट स्टेडियम, मेरठ की स्पोर्ट्स यूनिवसिटी सहित अन्य खेल सुविधाओं का माडल प्रस्तुत किया जायेगा। अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने बुधवार को बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजन के तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लखनऊ में जीआईएस का भव्य आयोजन होगा। जीआईएस में अन्य विभागों के साथ-साथ खेल एवं युवा कल्याण विभाग की भी सहभागिता रहेगी । उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए खेल क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों से लगातार सम्पर्क स्थापित किया जा रहा है। खेल क्षेत्र में देश.विदेश के कई उद्योगपतियों ने निवेश की इच्छा जताई है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जीआईएस में स्पोर्ट्स सेशन के दौरान उत्तर प्रदेश की खेल गतिविधियों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जायेगा।






# झांसी में उद्योग जगत करेगा एक लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश

- 50 हजार करोड़ से ऊर्जा सेक्टर में ही होगा सबसे बड़ा निवेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, झांसी

**प्रदेश** में 17 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य लेकर चल रही योगी सरकार के लिए बुंदेलखंड के उद्योग जगत ने अपनी तिजोरी खोल दी है। दशकों से पिछड़े क्षेत्र के रूप में पहचाने जाने वाले बुंदेलखंड में निवेश को लेकर आए प्रस्तावों ने सबको चौंकाते हुए नया कीर्तिमान रच दिया है। यूपी के जिलों में हो रहे स्थानीय स्तर पर इन्वेस्टर्स समिट में झांसी ने अबतक सभी जिलों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

झांसी में बुधवार को आयोजित हुए इन्वेस्टर्स समिट में बताया गया कि अब तक 111610.90 करोड़ रूपये के 146 से अधिक प्रस्ताव सरकार को मिल चुके हैं जिनमें से लगभग 65 हजार करोड़ रुपए के निवेश के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर भी हो चुके हैं। इनमें ऊर्जा के क्षेत्र में सबसे अधिक का एमओयू हुआ है जो तकरीबन 50 हजार करोड़ रुपए का है। इस समिट में स्थानीय उद्यमियों के साथ ही देश के दूसरे हिस्सों से आये निवेशकों ने भी हिस्सा लिया और अपनी शंकाओं का समाधान किया। झांसी इन्वेस्टर्स समिट में भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने निवेशकों को सरकार की ओर से मिलने वाली योजनाओं और प्रोत्साहन की जानकारी दी। झांसी जिले में सबसे अधिक निवेशक ऊर्जा क्षेत्र में दिलचस्पी ले रहे हैं। इसके साथ ही पर्यटन, हाऊसिंग, डिफेन्स और एमएसएमई क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में निवेशकों ने दिलचस्पी दिखाई है। झांसी के मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद ने बताया कि जिले में सबसे अधिक निवेश एनर्जी सेक्टर में आ रहा है। इसमें लगभग 50 हजार करोड़ के प्रस्ताव आये हैं। टूरिज्म और हाऊसिंग की कई यूनिट्स यहाँ आ रही हैं। योजनाओं को धरातल पर ले आने से लगभग 58 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। हम योजनाओं के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए प्रयास कर रहे हैं। बुंदेलखंड पर केंद्रित योजनाओं में जो छूट है उसके बारे में हम निवेशकों को जानकारी दे रहे हैं।









सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# लविवि मारपीट के मामले में चार छात्र निलम्बित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## ● निलम्बित समेत 11 छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में हुई मारपीट के मामले में बुधवार को विवि के चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने 11 छात्रों को नोटिस जारी की है। साथ ही इसमें जिन चार छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है, उन्हें निलम्बित कर दिया गया। विश्वविद्यालय के प्राक्टर की ओर से बुधवार को जारी आदेश में आरोपी छात्रों को तीन दिन में जवाब देने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उनका विश्वविद्यालय परिसर और छात्रावास में प्रवेश प्रतिबंधित करते हुए अंतरूवासी छात्रों को 48 घंटे में हॉस्टल खाली करने का निर्देश दिया गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राक्टर प्रो राकेश द्विवेदी की ओर से जारी आदेश के अनुसार पीड़ित छात्र अभिषेक यादव की ओर से हसनगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन छात्रों में एमपीएड तृतीय सेमेस्टर के अनीष प्रताप सिंह, बीए पंचम सेमेस्टर के अनुपम कुमार यादव एवं अनमोल शुक्ला, बीकॉम पंचम सेमेस्टर के पुनीत कुमार उपाध्याय को निलम्बित कर दिया गया है। साथ ही इन्हें परिसर और छात्रावासों में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। आरोपी अंत:वासी छात्रों को 48 घंटे में हॉस्टल खाली करने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा सात छात्रों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसमें बीए पंचम सेमेस्टर के स्मित कुमार सिंह, अमरेंद्र बहादुर, अभय पटेल, विवेक सिंह, यतींद्र अवस्थी, बीएससी जीव विज्ञान पंचम सेमेस्टर के अमन शुक्ला और एमपीएड तृतीय सेमेस्टर के विकास सिंह हैं। बता दें कि लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्थित कैशियर कार्यालय के समीप ऋरांजपे ग्राउण्ड में इंटर हॉस्टल कम्पीटिशन के तहत क्रिकेट मैच के बाद मंगलवार को एमएसडब्लू प्रथम सेमेस्टर के छात्र अभिषेक यादव से कहासुनी हुई। इस दौरान छात्रों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए लाठी-डंडे, ईंट, हॉकी और बैट से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया।

## दो साल से फरार शातिर दुराचारी गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की गाजीपुर ने युवती का अपहरण कर फिर उसके साथ दुराचार करने के आरोप में दो साल से फरार चल रहे शातिर गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर गाजीपुर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि डीसीपी उत्तरी के आदेश पर अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस गस्त पर थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि शातिर इलाके में मौजूद है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए अपना नाम बाराबंकी निवासी रिंकू बताया। इंस्पेक्टर का कहना है कि दो वर्ष पहले इंदिरानगर गाजीपुर निवासिनी एक युवती के परिजनों ने युवती का अपहरण कर फिर उसके साथ दुराचार करने का मुकदमा दर्ज कराया था जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था।




# सिपाही को चकमा देकर बंदी फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## ● पेशी पर कचहरी आया था मादक पदार्थ तस्कर

**वजीरगंज** इलाके में कचहरी पेशी पर आया एक बंदी अभिरक्षा में तैनात सिपाही को चकमा देकर बुधवार की दोपहर फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने फरार बंदी और अभिरक्षा में तैनात सिपाही के खिलाफ वजीरगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सिपाही के खिलाफनिलंबन की रिपोर्ट संबंधित अधिकारी को भेजी जा रही है। इंस्पेक्टर वजीरगंज मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि विकासनगर इलाके में रहने वाले विजय अग्रवाल उर्फगोलू उर्फविजय कालिया को कुछ दिन पहले मड़ियांव पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया था। वह गोसाईंगंज स्थित जिला जेल में बंद था। बुधवार को उसकी जिला न्यायालय में पेशी थी। उसको जेल से पेशी पर कोर्ट लाया गया था और कोर्ट परिसर में ही बने लॉकअप में रखा गया था। दोपहर करीब तीन बजे के आसपास उसकी कोर्ट में पेशी हुई। पुलिस लाइन में तैनात सिपाही अजीत कुमार उसको पेशी पर ले गया। पेशी के बाद सिपाही अजीत कुमार बंदी विजय को वापस लॉकअप लेकर लौट रहा था। रास्ते में आरोपी विजय सिपाही का हाथ छुड़वा कर अभिरक्षा से भाग निकला। बंदी के भागते ही सिपाही के हाथ. पैर फूल गए। उसने बंदी का पीछा भी किया पर वह हाथ नहीं लगा। सिपाही ने फौरन सूचना पुलिस अधिकारियों को दी। कुछ ही देर में वजीरगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। वजीरगंज पुलिस ने भी बंदी विजय को इधर.उधर काफी तलाशा पर कोई पता नहीं चल सका। इस मामले में अब बंदी और अभिरक्षा में तैनात सिपाही अजीत कुमार के खिलाफ वजीरगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर वजीरगंज का कहना है कि सिपाही के खिलाफ निलंबन किए जाने की रिपोर्ट संबंधित अधिकारी को भेजी जा रही है।









# भाजयुमो चला रहा बार्डर विलेज टूर अभियान

## 28 जनवरी तक देश के सीमावर्ती गांवों में संपर्क अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** युवा मोर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अवाहन पर 28 जनवरी तक देश के सीमावर्ती गांवों में संपर्क करेगा। भाजयुमो प्रदेश के सात जिलों बहराइच, बलरामपुर, लखीमपुर, महराजगंज, पीलीभीत, श्रावस्ती व सिद्धार्थनगर के सीमावर्ती गांवों में युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता 4 जनवरी से जनजागरण, केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व राष्ट्रवादी विचारों के साथ संपर्क व संवाद कर रहे हैं। यह अभियान 28 जनवरी तक चलेगा। सीमावर्ती गांवों का तेजी से विकास सुनिश्चित करने के लिए, केंद्र सरकार ने वाइब्रेंट विलेज पहल शुरू की है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार सीमावर्ती गांवों को कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के साथ आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगी। इन गांवों में आवास, पर्यटन केंद्रों का विकास, सड़क निर्माण, दूरदर्शन और शैक्षिक चैनलों के लिए सीधे घर तक पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

भाजयुमों के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या द्वारा सीमावर्ती गांवो में केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व राष्ट्रवादी विचारों के साथ सतत् सम्पर्क व संवाद कर रहे है। यह अभियान 28 जनवरी तक चलेगा। युवा मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी धनंजय शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं युवा मोर्चा प्रदेश सहप्रभारी बबिता फोगाट बलरामपुर-बहराइच में युवा मोर्चा बार्डर बिलेज टूर अभियान के अन्तर्गत प्रवास किया। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत 2517.02 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। सीमा अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय की सुविधा के लिए और सीमा परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए, केंद्र सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सीमा अवसंरचना और प्रबंधन बीआईएम की शुरुआत की। 15वें वित्त आयोग के तहत केंद्र सरकार ने बॉर्डर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 13020 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। ये सभी परियोजनाएं और पहलें सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए बेहतर संपर्क सुनिश्चित करेंगी जिससे सुरक्षा बलों को सहायता मिलेगी। सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा बलों की सुगम आवाजाही और सीमावर्ती ग्रामीणों के लिए सभी सुविधाओं तक आसान पहुँच सुनिश्चित होगी।

# बड़े वर्ग को अपनी ओर खींचने की कोशिश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




● धरती पुत्र को पद्म विभूषण

**गणतंत्र** दिवस की पूर्व संध्या पर भारत सरकार ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव को मरणोपरांत दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मविभूषण देने का ऐलान किया गया है। पिछले साल 10 अक्टूबर को मुलायम सिंह यादव का लंबी बीमारी के बाद निधन हुआ था। उनके निधन के बाद मांग उठी थी कि 'नेता जी' को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' दिया जाए। लेकिन किसी को यह अंदाजा नहीं रहा होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार इतनी जल्दी मुलायम सिंह यादव को पद्मविभूषण से सम्मानित करेगी। भारतीय जनता पार्टी ने पद्म सम्मान का ऐलान करके यादव के साथ जुड़े एक बड़े वर्ग को अपनी ओर खींचने की कोशिश की है। बीजेपी पूरे जीजान से मिशन 2024 की तैयारी में जुटी हुई है। लोकसभा की 543 सीटों में से 80 सीटें यूपी से आती हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनारस लोकसभा सीट से सांसद हैं। ऐसे में वह चाहेंगे कि हर हाल में हारी हुई लोकसभा सीटों को जीते। हारी हुई 14 सीटों में 3 सीटें मैनपुरी, संभल, मुरादाबाद सपा के पास गईं। इन 3 सीटों पर जीत तभी मुमकिन है जब मुलायम सिंह यादव से लगाव रखने वाली जनता के दिल में बीजेपी पैठ बनाए। मुलायम सिंह यादव को मरणोपरांत पद्मविभूषण देना बहुत कुछ बीजेपी के लिए सपा के पारंपरिक वोटर के रुख को नरम कर सकता है। खासकर ऐसे वोटर को जिसका अखिलेश यादव से मोहभंग हो गया हो और जो सपा का मजबूत राजनीतिक भविष्य न देखता हो। यदि हम मुलायम के राजनीतिक सफर को देखें तो 1960 में मुलायम सिंह ने पहली बार भारतीय राजनीति में कदम रखा। 1967 में मुलायम उत्तर प्रदेश के विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बने। जब 1975 में इंदिरा गांधी ने आपाताल लगाया तो मुलायम सिंह सुर्खियों में आए। इस दौरान उन्हें 19 महीने तक हिरासत में रखा गया। 1980 में लोकदल के अध्यक्ष रहे। जनता दल पार्टी के साथ काम किया। जब जनता दल का विभाजन हुआ तो मुलायम सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी की नींव रखी। 1989, 1993, और 2003 में तीन बार यूपी के मुख्यमंत्री बनें। 1995 में मुख्यमंत्री की कुर्सी जाने के बाद मुलायम का कद सियासत में गिरा नहीं बल्कि वे और बड़े बनकर खड़े हुए। 1996 में वे मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से 11वीं लोकसभा के सदस्य चुने गए। जब केंद्र में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला तो मुलायम किंगमेकर बने। तीसरे मोर्चे की सरकार में रक्षा मंत्री बने और अपनी पार्टी के कई नेताओं को केंद्र में मंत्री बनवाया। हालांकि उनका कार्यकाल लंबा नहीं रहा क्योंकि 1998 में सरकार ही गिर गई। इसके बाद मुलायम सिंह ने 29 अगस्त 2003 को तीसरी बार यूपी के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और 11 मई 2007 तक राज्य की सत्ता संभाली।

# आधार के साथ एक बैंक खाते की सीडिंग जरूरी: सीएस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि लाभार्थियों को उनके खाते के नंबर पर नहीं बल्कि आधार नम्बर पर भेजी जायेगी, इसलिये आधार के साथ एक बैंक खाते की सीडिंग बहुत जरूरी है। यह कार्य लाभार्थी को स्वयं करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2.14 करोड़ लैंड सीडेड किसान हैं जिनमें से 1.44 करोड़ किसानों के खाते आधार सीडिंग हो चुकी है। अवशेष लाभार्थियों के खाते को आधार से सीडिंग कराने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाये। जनपदों के समस्त ग्रामों में आधार सीडिंग के लिए अवशेष किसानों की सूची चस्पा कराते हुये पंचायती राज विभाग के सहयोग से ग्राम पंचायतों की खुली बैठक सम्पन्न कराकर किसानों को ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग की कार्यवाही के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में ओपेन सोर्स पंजीकृत कृषकों के सत्यापन कार्य में तेजी लाकर आगामी 31 जनवरी तक पूर्ण करायें।

उन्होंने कहा कि लोक शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापरक एवं प्रभावी निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। तहसील दिवस, थाना दिवस, जनसुनवाई पोर्टल सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। शिकायतों का निस्तारण कागजी कार्यवाही तक सीमित न रहे बल्कि शिकायतकर्ताओं से रेण्डमली फीडबैक भी प्राप्त करें। वरिष्ठ अधिकारी कार्यालय में बैठकर भी जन समस्याओं को नियमित रूप से सुनकर स्थानीय स्तर पर ही निस्तारित करें ताकि शिकायतकर्ता को उच्च स्तरीय कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।

# केसीसी धारकों को शीघ्रता से दें लोन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय ने बुधवार को एक निजी होटल में राज्य ऋण संगोष्ठी 2023-24 का आयोजन किया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्य सचिव डीएस मिश्रा ने प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के तहत वर्ष 2023.24 के लिए स्टेट फोकस पेपर का लोकार्पण किया।

स्टेट फोकस पेपर उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए कृषि और अन्य संबद्ध गतिविधियों, एमएसएमई और अन्य प्राथमिकता क्षेत्रों के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक ऋण के लिए नाबार्ड द्वारा तैयार की गई संभाव्यता युक्त ऋण योजना का समेकित रूप है। इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के महत्व पर बल दिया और केसीसी धारकों को शीघ्रतापूर्वक ऋण स्वीकृत करने के लिए बैंकरों को प्रेरित किया। इससे न केवल राज्य के ऋण जमा अनुपात में सुधार होगा बल्कि उत्तर प्रदेश के समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बैंक ऋणों की शीघ्र स्वीकृति में नवीनतम बैंकिंग तकनीकों का उपयोग करने पर बल दिया ताकि उत्तर प्रदेश को अगले 5 वर्षों में 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की उत्तर प्रदेश सरकार की आकांक्षाओं को साकार किया जा सके। देवेश चतुर्वेदी अतिरिक्त मुख्य सचिव.कृषि ने कहा कि उत्तर प्रदेश ऐसा राज्य है जहां किसानों को 6फीसद ब्याज.सबवेंशन दिया जाता है। इसलिए सभी हितधारक राज्य में छोटी और विखंडित जोतों के कारण उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए एफपीओ, एसएचजी और जेएलजी को पर्याप्त ऋण दें।

# 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें: रंजीत रंजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव, प्रवक्ता तथा राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार विश्व के सबसे युवा देश के युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं दे पाई। देश के प्रत्येक परिवार को महंगाई की आग में झोंक दिया। किसानों को आमदनी दोगुनी करने का कोरा झांसा दिया गया। समाज के पिछड़े, दलित, आदिवासी वर्गों को तरक्की का पर्याप्त अवसर नहीं दिया। अवसर बस अपने धन्ना सेठ दोस्तों के लिए सृजित किए गए और इन सब नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए भारत को नफरत, निराशा और नकारात्मकता के दलदल में धकेल दिया।

रंजीत रंजन बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में भारत जोड़ो यात्रा तथा हाथ से हाथ जोड़ों अभियान की आवश्यकता पर विस्तार पूर्वक जानकारी देने के लिए आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि आज भारत को हर स्तर पर तोड़ा जा रहा है और देश के संसाधनों का रुख मुट्ठी भर लोगों की ओर मोड़ा जा रहा है। इसलिए राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक भाजपाई सत्ता की नफ रत, निराशा और नकारात्मकता की जड़ता को तोड़ रहे हैं और भारत को जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है। हाल ही में आई ऑक्सफैम की रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के 5 प्रतिशत अमीर लोगों के पास देश की 60 प्रतिशत से ज्यादा संपत्ति है और नीचे के 50 प्रतिशत लोगों के पास देश की मात्र 3 प्रतिशत संपत्ति। महामारी की विभीषिका में 84 करोड़ लोगों की आमदनी घट गई लेकिन सरकार की मेहरबानी धन्ना सेठों पर रही। उन्होंने कहा कि बीते 8 वर्षों में भारत के नागरिकों के मनोबल को तोड़ा गया है। उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया गया है। भारत की अक्षुण्णता और भूभागीय अखंडता को भी तोड़ा जा रहा है। चीन लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक भारत की सीमा में न सिफ्र 2000 किलोमीटर घुसा हुआ है, बल्कि स्थाई सैन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ पूरी रिहाइशी कॉलोनी भी बना रहा है और सत्ताधीश आंख मूंदकर बैठे हुए हैं। मोदी सरकार अपनी नाकामियों पर पर्दा डालकर सत्ता हासिल करने के लिए देश को जाति, धर्म, भाषा, प्रांत, पहनावे और खान-पान के आधार पर बांट रही है।

उन्होंने कहा कि देश में निर्मित इस माहौल में आज हर धर्म-सम्प्रदाय एक दूसरे का साथ और हाथ में हाथ चाहता है। देश की इसी दिशा और दशा को बदलने के लिए हम हाथ बढ़ाएंगे, राहुल गांधी का संदेश हर घर तक पहुंचाएंगे। भारत को जोड़ा है, अब हर हाथ से हाथ को जोड़ते जाएंगे।

कांग्रेस नेता ने कहा कि समूचे देश से आग्रह करते हैं कि अपने गौरवशाली अतीत को स्वर्णिम भविष्य में बदलने के लिए हम सब कदम से कदम मिलाकर भारत को जोड़ने का संकल्प लें और 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता पंकज तिवारी, प्रियंका गुप्ता, हम्माम वहीद आदि मौजूद रहे।

# प्रो. अमरनाथ के नेतृत्व में कई पूर्व अधिकारी, शिक्षाविद सहित कांग्रेस में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीएचयू** प्रोफेसर एवं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर एम्प्लाइज फेडरेशन के चेयरमैन डॉ. अमरनाथ पासवान के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लोगों ने जिनमें शिक्षा प्रचारक, शिक्षाविद, म्यूजिशियन, व्यापार मंडल के अधिकारियों द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी तथा आलोक प्रसाद के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में विभाग की प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी सिद्धीश्री भी मौजूद रहीं।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से पारसनाथ प्रसाद रिटायर्ड रजिस्टार, डॉ. योगेश कुमार एसोशिएट प्रोफेसर पीजी कॉलेज गाजीपुर, उमाशंकर आर्य, शंकर राम पासवान रिटायर्ड रीजनल कमिश्नर रेलवे, सत्य नारायण रिटायर्ड कृषि अधिकारी, राजेश कुमार सामाजिक कार्यकर्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष मूल निवासी संघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बामसेफ डॉ. उमेश चन्द्र गोंड, अरुण कुमार वर्मा, रामचन्द्र गोंड पूर्व विधायक प्रत्याशी, राम दुलारे पाल सेवानिवृत्त कर्मचारी, सूर्यकांत निराला पूर्व जिलाध्यक्ष निवासी संघ सोनभद्र, एडवोकेट घनश्याम प्रसाद एडवोकेट, महेन्द्र बिन्द पूर्व विधायक प्रत्याशी, दिनेश कुमार गोंड समाज सेवक तथा म्यूजिशियन, महेन्द्र लाल, रविशंकर, घसीटा सिंह, सूरज प्रसाद आदि प्रमुख रहे। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा चलाई जा रही है।

जिसका मूल उद्देश्य देश में नफरत एवं भय के माहौल को समाप्त करके समाज में अमन चैन की स्थापना करना है। हमारे देश का संविधान एवं लोकतंत्र खतरे में है। जिसको बचाने के लिए हमारे नेता राहुल गांधी लगातार पैदल चलकर भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है देश के संविधान की रक्षा की लड़ाई में आप सभी हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे।

## मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने में अपना सहयोग देने की जिम्मेदारी निभाएं

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुधवार को प्रदेश स्तरीय 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का उदघाटन सूर्यपाल गंगवार जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी लखनऊ द्वारा इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस बार मतदान की थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम रखा गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के युवा मतदाताओं व नये मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नई ऊर्जा के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना सहयोग देने की जिम्मेदारी को निभाएं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है ऐसे पात्र लोगों को जागरूक कर मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रेरित करें। वोट देना लोकतंत्र की आधारशिला है। सभी लोग मतदान करने की प्रक्रिया के साथ जुड़कर लोकतंत्र में अपना सहयोग प्रदान करें।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश रत्नेश सिंह ने कहा कि वर्ष 2011 से आयोग की स्थापना दिवस को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश के मतदाताओं को तीन बातों का ध्यान रखने की अपील की। प्रत्येक मतदाता अपने नाम को वोटर लिस्ट में अपडेट रखें और वोट डालने अवश्य जाएं। वोट किसी के भय या दबाव में न डालें। उन्होंने प्रदेश के मतदाताओं को वोट की अहमियत बताते हुए कहा कि अपने वोट का सही इस्तेमाल कर देश व प्रदेश के विकस में भागीदार बनें। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता शपथ भी दिलाई गयी।

## नए बिजली कनेक्शन की दरों में अभी बढ़ोत्तरी नहीं

**लखनऊ।** बिजली कनेक्शन की दरें फिलहाल नहीं बढ़ेंगी। पावर कारपोरेशन की तरफ से कॉस्ट डाटा बुक के तहत नये कनेक्शन की दरों में 15 से 20 फीसदी बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को फिलहाल मंजूरी नहीं मिल पाई है। प्रस्ताव में कई खामियां होने के चलते पावर कारपोरेशन अब इसे लेकर विद्युत नियामक आयोग में नया प्रस्ताव दाखिल करेगा। उपभोक्ता परिषद ने कनेक्शन की बढ़ी दरों पर मंथन के लिए आयोजित बैठक में कारपोरेशन के प्रस्ताव का विरोध किया।नई कॉस्ट डाटा बुक के तहत प्रदेश में नये कनेक्शन की दरों में बढ़ोतरी का मामला फिलहाल टल गया है। अभी पुरानी दरें ही लागू रहेंगी। प्रदेश की बिजली कंपनियों की तरफ से नए कनेक्शन की दरों में 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी के मामले पर बुधवार को नियामक आयोग की सप्लाई कोड रिव्यू पैनल सब कमेटी की बैठक आयोग चेयरमैन आरपी सिंह की अध्यक्षता में हुई। आयोग की तरफसे सर्वप्रथम कॉस्ट डाटा बुक प्रस्तुतीकरण की शुरुआत की गई। बिंदुवार चर्चा में परिषद की ओर से कारपोरेशन के प्रस्ताव में विसंगति को उठाते हुए कहा गया कि इस प्रस्ताव में गरीबों, किसानों के कनेक्शन की दरों में बढ़ोत्तरी और बड़े उपभोक्ताओं के कनेक्शन दर में कमी हो रही है।

## रामा महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**लखनऊ।** रामा महाविद्यालय में का सात दिवसीय वार्षिकोत्सव बुधवार को समाप्त हो गया। विभिन्न स्कूलों/कॉलेजों के छात्र/छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया गया जिसमें बैडमिंटन, बालीवाल, शतरंज, टेबल टेनिस, कबड्डी, खो-खो, मेंहदी, नृत्य, रंगोली, गायन आदि शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर बीपी यादव (चेयरमैन प्रसाद ग्रुप ऑफ कालेज) द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीण श्रेणी प्राप्त प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनेक विशिष्ट अतिथि तथा विभिन्न कालेजों के प्रबन्धक/प्राचार्य गण भी शामिल हुए। महाविद्यालय के प्रबन्धक मनोज यादव द्वारा सभी छात्र/छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया तथा उनके द्वारा अंतिम वर्ष की परीक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को मेडल प्रदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के निदेशक अभिषेक यादव, प्राचार्या डा. कौसर परवीन, उप-प्राचार्य डॉ. मयंक सिंह, प्राक्टर डॉ. एसएन सिंह तथा महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी तथा छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने की हादसे के जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने अलाया अपार्टमेंट के ढहने के कारण हुए हादसे की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए राज्य सरकार से जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। खाबरी बुधवार की शाम श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल अस्पताल) पहुंचे। और वहां भर्ती कांग्रेस नेता रहे अमीर हैदर सहित अन्य घायलों का हाल चाल लिया और ईश्वर से शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि अमीर हैदर की पत्नी और बहू की इस हादसे में दुखद मृत्यु हो जाने की हृदय विदारक घटना बेहद दुखद है।

खाबरी ने कहा कि लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों के अभी भी मलबे में दबे होने की आशंका है। इस हादसे पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार राजधानी में सरकार की नाक के नीचे और सरकारी संरक्षण में आम जनता की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रशासन की हीलाहवाली से बिल्डर्स धन कमाने के चक्क में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर कमजोर बिल्डिंग बनाकर लोगों को भगवान भरोसे जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जानकारी मिली है कि दस वर्ष पहले इस बिल्डिंग पर जांच कर कार्रवाई करने का आदेश था वह जांच और कार्रवाई कहां अटक गई, इसका सच सामने आना चाहिए। उन्होंने कहा कि योगी सरकार इस हादसे की जांच कराए और सरकारी-गैर सरकारी जो भी दोषी हों उन सभी दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया

**लखनऊ।** इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज श्रीरामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में बुधवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। उत्सव का उद्देश्य समग्र रूप से मतदान को प्रोत्साहित करना और मतदान के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में सतर्क बनाना था। प्रोफेसर डॉ. रोहित पी शाबरन के मार्गदर्शन और डॉ. पीसी मिश्रा एवं अन्य शिक्षकगणों के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेस अथॉरिटी, बाराबंकी के निर्देशानुसार विभाग के विधिक सहायता केंद्र के संयोजक डॉ. देवेंद्र के सहयोग से यह संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्र एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से परेड करा और शपथ का वाचन भी किया। कार्यक्रम में कुलाधिपति इंजीनियर पंकज अग्रवाल एवं उप कुलाधिपति इंजीनियर पूजा अग्रवाल ने कार्यक्रम की सरहना की और कहा इस प्रकार के विधिक कार्यक्रम से समाज में विधिक जागरूकता आती है।

# सर्वधर्म समभाव' का संदेश देगी सीएमएस झाँकी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**'ईश्वर,** अल्लाह, वाहे गुरू, चाहे कहो श्री राम, मालिक सबका एक है, अलग-अलग हैं नाम' की भावना से लबरेज सिटी मोन्टेसरी स्कूल की अनूठी झाँकी आज जनमानस को गणतन्त्र दिवस परेड में 'सर्वधर्म समभाव' का संदेश देगी। बुधवार को एक प्रेस वार्ता में झाँकी के विभिन्न पहलुओं से पत्रकारों को अवगत कराते हुए सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने बताया कि यह झाँकी 'सर्वधर्म समभाव' एवं 'वसुधैव कुटुम्बकम' की महान संस्कृति के अनुरूप मानव मात्र से प्रेम करने की प्रेरणा दे रही है एवं प्रेम, प्यार, सहयोग, सौहार्द व भाईचारा से ओतप्रोत विश्व व्यवस्था का आह्वान कर रही है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डा. गाँधी ने कहा कि सीएमएस की यह झाँकी मात्र प्रदर्शन भर के लिए नहीं है अपितु इसके पीछे एक उद्देश्य है कि सम्पूर्ण मानव जाति के हृदय में प्रेम व एकता की भावना को जगाकर पृथ्वी पर आध्यात्मिक सभ्यता की स्थापना की जाये। डा. गाँधी ने कहा कि यह झाँकी जनमानस को 'ईश्वरीय एकता' की अवधारणा से अवगत कराती है और संदेश देती है कि सभी धर्मों की प्रार्थनाएं एक ही ईश्वर तक पहुंचती हैं। सभी धर्म विश्व मानवता के कल्याण हेतु जनमानस को प्रेरित करते हैं। झाँकी की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए डा. गाँधी ने बताया कि सीएमएस.की झाँकी चार भागों में हैं। झाँकी का प्रथम भाग 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश प्रसारित कर रहा है जबकि द्वितीय भाग में एकता की भावना का प्रदर्शन करते हुए एक ही छत के नीचे मन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरूद्वारा, बौद्ध विहार, बहाई मन्दिर आदि विभिन्न पूजा स्थल हैं। यहीं पर सीएमएस छात्र 'सर्वधर्म समभाव' पर आधारित गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर रहें है। झाँकी के तृतीय भाग में विश्व संसद के प्रारूप के साथ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 की भावना के अनुरूप विश्व एकता की अपील की गई है, साथ ही संत कबीर, महात्मा गांधी, विनोबा भावे, मदर टेरेसा एवं धर्म गुरू दलाईलामा की तस्वीरों के साथ विश्व मानवता से प्रेम करने का संदेश दिया गया है। झाँकी के अंतिम भाग में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की भव्य प्रतिमा के साथ ही उनका संदेश 'बुरा मत सुनो, बुरा मत देखो, बुरा मत बोलो' प्रसारित किया जा रहा है।

## आईएससीएल क्रिकेट मैचों का शुभारम्भ 27 से

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस द्वारा आयोजित छः दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट लीग (आईएससीएल-2023) के अन्तर्गत क्रिकेट मैचों को शुभारम्भ 27 जनवरी को होगा जबकि स्कूली क्रिकेट के इस महाकुंभ का औपचारिक उद्घाटन 28 जनवरी को अपरान्हः 4.00 बजे सीएमएस कानपुर रोड परिसर में भारतीय क्रिकेट कन्ट्रोल बोर्ड के वाइस प्रेसीडेन्ट राजीव शुक्ला करेंगे। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। शर्मा ने बताया कि क्रिकेट मैचों का शुभारम्भ 27 जनवरी को होगा तथापि पहले दिन कुल 6 ट्वेन्टी-ट्वेन्टी मैच खेले जायेंगे। सीएमएस कानपुर रोड स्टेडियम में पहला मैच प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक एस्टर पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा एवं ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल, पटना, बिहार के बीच खेला जायेगा जबकि इसी समयावधि में मल्टी एक्टिविटी सेन्टर मैदान पर पहला मैच डीएवी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, पंजाब एवं डी.ए.वी. सुशील केडिया विश्वभारती हायर सेकेण्डरी स्कूल, नेपाल के बीच खेला जायेगा जबकि पर्थ ग्राउण्ड पर दिन का पहला मैच साउथ सिटी इण्टरनेशनल स्कूल, कोलकाता एवं लीजेन्ड कम्बाइंड स्कूल, जिम्बाव्वे के बीच होगा। इसके अलावा, सीएमएस कानपुर रोड स्टेडियम में अपरान्हः 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक एवं सायं 6 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक दिन-रात्रि के मैच भी खेले जायेंगे।

# इमारत गिरने की घटना में चोटिलों की संख्या 11 पहुंची, दो की मौत

● सिविल अस्पताल पहुंचे ब्रजेश पाठक, एंबुलेंस से आए मरीज को तत्काल कराया भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एक दिन पूर्व** हजरतगंज के रिहायशी इलाके में इमारत के गिरने से चोटिल हुए लोगों की संख्या 11 पहुँच गयी है। इनमें 9 लोगों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि दो को एक दिन पूर्व केजीएमयू में भर्ती कराया गया था। बुधवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सिविल अस्पताल पहुंच कर अलाया अपार्टमेंट हादसे में घायल लोगों से मुलाकात की। अस्पताल प्रबंधन को हर संभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि सरकार की प्राथमिकता सभी को सुरक्षित रखना है। चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की टीमें घटनास्थल पर तैनात हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन अभी जारी है।

इस दौरान घटनास्थल से अस्पताल परिसर में एक एंबुलेंस पहुंची। उप मुख्यमंत्री ने तत्काल ही घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल प्रबंधन को निर्देश जारी किए कि सभी घायलों को उचित इलाज मिले। डिप्टी सीएम की ओर से पूर्व में ही इस हादसे के सभी घायलों को मुफ्त इलाज की घोषणा की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। स्थानीय पुलिस बल और एनडीआरएफकी टीमें मलबे को हटा रही हैं।

### सिविल अस्पताल में चार पहुँचे, दो की मौत

आज सुबह सिविल अस्पताल चार लोगों को रेस्क्यू कर इलाज के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। जिनमें एक की रास्ते में मौत हो गयी। जबकि दूसरे की मौत अस्पताल में हुई। वहीं दो का इलाज जारी है। जिनका इलाज चल रहा है उनमें एशले बर्न 70 वर्ष और रूबी 27 वर्ष शामिल है। वहीं उज्मा तलहा हैदर की मौत रास्ते में ही लाने के दौरान हो गयी थी। बेगम हैदर की मौत इलाज के दौरान हुई।

### मां व पत्नी का पोस्टमार्टम न कराने पर अड़े सपा नेता, प्रशासन के साथ नोकझोंक

अलाया अपार्टमेंट हादसे में जान गंवाने वाली सपा नेता अब्बास हैदर की मां बेगम हैदर और पत्नी उजमा हैदर के परिजन उनके शवों का पोस्टमार्टम नहीं चाहते थे। इसी बात को लेकर सपा नेता व पुलिस प्रशासन के बीच तीखी नोकझोंक हुई। परिजन शव को पंचनामा के बाद सीधे घर ले जाना चाहते थे जबकि प्रशासनिक अधिकारी पोस्टमार्टम कराने की बात कह रहे थे। काफी देर तक चले वाद-विवाद के बाद परिजन दोनों शवों को लेकर चले गए।

इस दौरान अब्बास हैदर ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बिल्डर के ऊपर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही इसमें पूरी जिम्मेदारी सरकार की है। सरकार की लापरवाही के कारण मेरे परिवार में दो सदस्यों की मौत हो गई साथ ही दो सदस्य (पिता व बेटा) अस्पताल में भर्ती है। पत्नी उजमा हैदर के माथे पर जो चोट के निशान हैं। वह निशान सुरक्षाकर्मियों के रेस्क्यू अभियान से पहुंचा है, क्योंकि उन्होंने सावधानी से मलबा नहीं निकाला। अगर सावधानी से मलबा निकालते तो पत्नी के सिर पर चोट नहीं आती। साथ ही 15 घंटे के बाद पत्नी उजमा को मलबे से बरामद किया गया। यही काम पहले हुआ होता तो मेरी पत्नी जिंदा होती। अब्बास हैदर ने कहा कि मैंने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारी दबाव बना रहे थे। इस समय हम बहुत तकलीफ में है, सरकार को इंसानियत दिखानी चाहिए। हम नहीं चाहते कि हमारे अपनों का पोस्टमार्टम हो।डॉक्टरों ने बताया है कि दम घुटने के कारण और अंदरूनी चोटें लगने के कारण मौत हुई है।





## याजदान बिल्डर्स की दूसरी बिल्डिंग की खंगाली जा रही पत्रावलियां

● बिल्डिंग ढहने के बाद एलडीए ने अलाया अपार्टमेंट के बिल्डर्स पर एफआईआर दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वजीर** हसन रोड पर अलाया अपार्टमेंट के बिल्डर्स पर एलडीए प्रशासन द्वारा सख्ती के संकेत दे दिए हैं। एलडीए द्वारा याजदान बिल्डर्स की बिल्डिंगों की पत्रावलियां खंगाली जा रही हैं। अभियंताओं को मौके पर बिल्डिंग चिन्हित कर लिस्ट तैयार करायी जा रही है। अलाया अपार्टमेंट में पांच मंजिला बिल्डिंग के निर्माण के दौरान बिल्डिंग मानकों का कोई तवज्जो नहीं दिया गया। बिल्डिंग ताश के पत्तों की तरह भरभरा कर गिर गयी। ऐसे में बिल्डर्स की अन्य सभी बिल्डिंगों के मानकों को परखा जाएगा। वहीं, मंडलायुक्त के निर्देश के बाद एलडीए वीसी द्वारा बिल्डिंग के मालिक के खिलाफ एफआइआर के निर्देश दिए गए हैं।

बीते मंगलवार को वजीर हसन रोड पर अलाया अपार्टमेंट ढहने की घटना पर एलडीए मुख्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। एलडीए के उच्च अधिकारियों की मीटिंग का दौर शासन से लेकर एलडीए कार्यालय में जारी है। बंद कमरे में एलडीए के ओएसडी और अधिकारी याजदान बिल्डर्स की दूसरी बिल्डिंगों से संबंधित पत्रावलियां खगालने में जुटे हुए हैं। अधिकारी पुरानी फाइलों के लिए लालबाब एलडीए कार्यालय में पत्रावलियों को खोजने में जुटे हैं। मंडलायुक्त रौशन जैकब द्वारा बिल्डर के खिलाफ एफआईआर और दूसरी अन्य बिल्डिंगों का चिन्हांकन और घटिया सामाग्री के इस्तेमाल पाए जाने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाने के बाद हलचल तेज हो गयी है। हालांकि बिल्डिंग ढहने के बाद एलडीए वीसी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी, डीएम सूर्यपाल गंगवार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और रौशन जैकब सहित उच्चाधिकारी मौके पर मौजूद रहे। 24 घंटे तक मौके पर मौजूद रह कर उच्चाधिकारियों द्वारा 16 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। सूत्रों की मानें तो कड़े आदेश के बाद एलडीए का मानचित्र सेल और इंजीनियरिंग विभाग की सक्रियता काफी बढ़ गयी है। इंजीनियर्स मौके पर जाकर बिल्डिंग को चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है। सबसे अधिका जोन 6 हजरतगंज के एरिया में दिखाई दी। यहां की बहुमंजिला बिल्डिंग की पत्रावलियां बरीकी से खंगाली जा रही है। महानगर में एक बिल्डिंग होने की बात कही जा रही है। अभी दो माहपूर्व प्रागनारायण रोडपर याजदान बिल्डर्स की बिल्डिंग पर एलडीए ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी थी, जिसके बाद कोर्ट से लेकर शासन तक पैरवी में बिल्डर्स के समर्थक, नेता जुटे हुए थे। वहीं एलडीए वीसी के आदेश पर बिल्डर पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

बाक्स

### चुपी साधे रहे 12 वर्षों तक अवैध अलाया अपार्टमेंट पर एलडीए के अफसर

वजीर हसन रोड पर अलाया अपार्टमेंट बनाने के दौरान बिल्डिंग मानकों पर भारी लापरवाही रही। बिल्डिंग संकरी गली में बनायी गयी। जहां कोई क्रेन और जेसीबी, अग्निशमन बस नहीं जा सकती है। बावजूद इसके एलडीए के अधिकारियों की नजर नहीं पड़ी। हैरानी तब है जब 2010 में संयुक्त सचिव आरके मिश्र ने नोटिस देकर बिल्डिंग को ध्वस्तीकरण के आदेश दिए थे। लेकिन बिल्डिर ने कुछ दिनों तक चुप्पी साधे रखी, इसके बाद निर्माण जारी रखा। 12 वर्ष बाद भी कार्रवाई नहीं करने पर एलडीए अधिकारियों पर भी सवाल उठ रहे हैं। लगातार निर्माण जारी रहने के बाद भी याजदान बिल्डर्स का काम जारी रहा। जबकि गोमतीनगर का एलडीए मुख्यालय महज तीन किमी दूरी पर मौजूद है।

### शादी हाल बनाना चाहता था याजदान बिल्डर्स

अलाया अपार्टमेंट मंगलवार शाम को अचानक भरभरा कर ढह गया था। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान मलबे में दबीं दो महिलाओं उजमा हैदर व बेगम हैदर की इलाज की दौरान मौत गई। इसके पीछ याजदान बिल्डर्स का लालच बताया जा रहा है। रेस्क्यू ऑपरेशन से निकल लोग और पड़ोसियों की मानें तो कई दिनों सेअपार्टमेंट के बेसमेंट में ड्रीलिंग और मरम्मत का काम चल रहा था। इसके लिए कई बार अपार्टमेंट के लोगों ने विरोध किया, लेकिन अपने रसूख के चलते बेसमेंट में धड़ल्ले से शादी हाल निर्माण कार्य चलता रहा।

## फर्जी दस्तावेज दाखिल कर अदालत को धोखा देने पर कानूनी कार्यवाही का आदेश

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** एडीजे सोमप्रभा मिश्रा ने हत्या व अपहरण के एक मामले में मिथ्या दस्तावेज दाखिल कर किशोर घोषित करने की मांग करने वाले मुल्जिम सुजीत कुमार व उसके पिता सुरेश कुमार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही का आदेश दिया है। उन्होंने कार्यवाही के लिए मिथ्या दस्तावेज व अपने आदेश की प्रति थाना वजीरगंज को भेजने का आदेश दिया है। कहा है कि मिथ्या दस्तावेज दाखिल कर अदालत से धोखा करने वालों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही करने की आवश्यक्ता है। उन्होंने इसके साथ ही किशोर घोषित करने की मांग वाली अर्जी खारिज कर दी है। वर्ष 2015 में हत्या व अपहरण के इस मामले की एफआईआर थाना आशियाना में दर्ज हुई थी। सरकारी वकील नवीन त्रिपाठी के मुताबिक इस मामले का विचारण अपने अंतिम दौर में है। इस दौरान अपनी जन्मतिथि का फर्जी स्कूली सर्टिफिकेट दाखिल कर मुल्जिम की ओर से खुद को किशोर घोषित करने की मांग की गई। जांच में यह सर्टिफिकेट फर्जी पाया गया।

## ब्लू मार्ट इंटरप्राइजेज के निदेशक की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** एडीजे प्रफुल्ल कमल ने आकर्षक ब्याज का प्रलोभन देकर निवेश कराई गई करोड़ों की रकम हड़पने के मामले में निरुद्ध ब्लू मार्ट इंटरप्राइजेज बाराबंकी के निदेशक अरुणिम कुमार की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। चार अप्रैल 2020 को इस मामले की एफआईआर राजेश कुमार व अन्य ने थाना गाजीपुर में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील अरुण पांडेय के मुताबिक मुल्जिम व उसके साथियों ने पांच प्रतिशत ब्याज का प्रलोभन देकर दो करोड़ 16 लाख 55 हजार रुपए का निवेश कराया था। बाद में ताला लगाकर कम्पनी के सभी निदेशक गायब हो गए।

## सिक्योरिटी गार्डो ने राह चलते युवक को पीटा, गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी के गोमतीनगर इलाके में सिस सिक्योरिटी के गार्डों ने राह चल रहे एक सचिवालय कर्मी को सरेराह पीट दिया। राहगीरों द्वारा घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वारदात में शामिल दोनों आरोपियों को दबोच लिया। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर गोमतीनगर दिनेश चन्द्र मिश्रा ने बताया कि बुधवार की दोपहर इलाके में स्थित मिठाई लाल चौराहे के पास सिस कम्पनी की कैश वैन के चालक सीतापुर निवासी संदीप तिवारी व पारा कालोनी निवासी संजय कुमार ने सिंचाई कालोनी हजरतगंज निवासी धीरज कुमार यादव पर गाड़ी से थूक दिया। धीरज द्वारा विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने जमकर पिटाई कर दी जिसका वीडियो राहगीरों ने वायरल कर दिया था। पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर दोनों आरोपियों को दबोच कर न्यायालय रवाना कर दिया।

## बीएससी के छात्र ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** राजधानी के विकासनगर इलाके में बीएससी के एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मूलरूप से बलरामपुर निवासी मोहम्मद सैफ अंसारी 22 जो अबरारनगर खुर्रमनगर थाना विकासनगर में रहकर नेशनल पीजी कालेज से बीएससी की तैयारी कर रहा था। बीती राम कमरे में लगे पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौके से कोई सुसाइडनोट नहीं मिला है जिससे मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।




इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भाग लेते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार और अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी रत्नेश सिंह ने लोगों को वोटर कार्ड दिया और अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया

## लंबी बीमारी के बाद अमितपुरी का निधन



**लखनऊ।** विधानसभा मध्य के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी अमित पुरी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। भाजपा नेता अमितपूरी का मेदांता हास्पिटल में लंबे अरसे से इलाज चल रहा था। उनके निधन पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत उनके निधन अनेक भाजपा नेताओं ने शोक जताया है। लखनऊ निवासी अमितपुरी छात्र जीवन में भाजपा के संपर्क में आए। लखनऊ के जमीनी व संघर्ष नेताओं में उनकी पहचान थी। वह भाजपा के प्रवक्ता भी थे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। शोक संतृप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ट्यीट किया कि अमित पुरी हमारे विश्वविद्यालय के साथी व अभिन्न मित्र थे। निज आवास पर देखने वालों का तांता लगा रहा।

## पीएचडी प्रवेश फार्म भरने की तिथि बढ़ी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी रेगुलर शैक्षणिक सत्र 2022.23 के ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक बढ़ा दी गयी है। पूर्व में यह फार्म भरने की अंतिम तिथि बुधवार तक ही थी। इसके अलावा बुधवार से पीएचडी पार्ट टाइम पीएचडी के प्रवेश फॉर्म ऑनलाइन भरना शुरू कर हो गया है। इसके आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी है। इसकी जानकारी देते हुए प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ऑनलाइन फॉर्म का शुल्क सामान्य, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए दो हजार रूपये और एससी व एसटी एवं दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए एक हजार रूपये है।

# जी-20 देशों से केजीएमयू आएगी डॉक्टर्स की टीम

● स्टूडेंट एक्सचेंज के तहत 31 जनवरी को अमेरिका से छात्रों की टीम एक माह के लिए विवि आयेगी

● कुलपति ने आगामी दस साल के रोडमैप को किया साझा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जी**-20 देशों के अध्यक्षता मिलने के बाद केन्द्र के साथ राज्य सरकार दुनिया के समक्ष अपनी ताकत का अहसास कराने लिए कोई अवसर गंवाना नहीं चाह रही है। यूपी में नोएडा, आगरा, लखनऊ, वाराणसी में कुल 11 बैठकें प्रस्तावित हैं। ऐसे में इन देशों से डॉक्टरों की एक टीम एक माह के प्रवास पर किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी आ रही है। हालांकि मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स की तरफ से अभी इसके लिए किसी तिथि के बारे में जानकारी विवि को साझा नहीं की गयी है। जबकि मिनिस्ट्री आफ यूथ कल्चरल के निर्देश पर संस्थान में 24 मार्च को एक सेमिनार रखा गया है। बुधवार को यह जानकारी विवि के कुलपति ले.ज. डॉ. विपिनपुरी ने मीडिया के साथ साझा की है।

प्रशासनिक भवन के ब्राउन हॉल में आगीमी दस साल के रोड मैप को साझा करते हुए विवि के कुलपति ने कहा कि ई-गर्वनेंस के तहत संस्थान को पेपरलेस और कैशलेस करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए सरकार के ई-ऑफिस पार्टल से जुड़ रहे हैं। कुलपति ने बताया कि अभी 60 से 70 फीसद कार्य ऑनलाइन प्लेटफार्म के जरिए सम्पन्न कराये जा रहे हैं। आने वाले दिनों में हम इसे 100 फीसद तक ले जायेंगे। इनमें डिग्री से लेकर टैबुलेशन चार्ट तक शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि मेडिकल एजुकेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए क्लास फीडबैक का मैकेनिज्म भी तैयार किया गया है। जिसमें क्लास समाप्त होने के बाद स्टूडेंट अपने फीडबैक क्यूआर कोड के जरिए दे सकते हैं। यह कार्य गोपनीय ढंग से होता है। इसमें यदि किसी टीचर्स को लेकर शिकायत आती है तो हम उसे अपने स्तर से सही करने का प्रयास करते हैं। इन्क्यूबेशन क्रियेटिविटी को लेकर कुलपति ने बताया कि इसके लिए इंक्यूबेशन सेंटर तैयार किया गया है। जहां समस्या से निदान पाने के लिए उपाय ढूंढे जा सकते है। इसके लिए आईआईटी कानपुर के साथ एक एमओयू भी किया गया है। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत काफी इंटरनेशनल बच्चे यहां आकर टीचिंग, ट्रीटमेंट और डिजीज के बारे में जानकारी करना चाहते हैं। 31 जनवरी को अमेरिका से एक टीम एक माह के लिए केजीएमयू आ रही है। पेशेंट केयर को लेकर कुलपति डॉ पुरी ने कहा कि टर्शरी केयर संस्थानों में मैनपॉवर के मुकाबले लोड अधिक है। यह समस्या हमने सरकार के साथ साझा की है। सरकार भी इस बात को समझ रही है और जिलों में मेडिकल केयर फैसल्टी को बढ़ा रही है, जिससे लोड कम हो सके। टेक्नोलॉजी पर बात करते हुए डॉ पुरी ने कहा कि इस दिशा में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का बड़ा रोल है। आने वाले दस वर्ष में इसका व्यापक पैमाने पर इस्तेमॉल होगा। पर्सनलाइज्ड मेडिसिन पर बात करते हुए कुलपति ने कहा कि कैंसर जैसी बीमारियों में 60 से 70 फीसद मरीजों को बचा लिया जाता है लेकिन 30 से 40 फीसद ऐसे मरीज होते हैं, जिन्हे नहीं बचाया जा सकता है। ऐसे में इन मरीजों को करीब से समझने के लिए पर्सनलाइज्ड मेडिसिनि डिपार्टमेंट पर संस्थान फोकस कर रहा है।

### इस साल शुरू हो जायेगा सैटेलाइट हॉस्पीटल

विवि के कुलपति ले.ज. डॉ. विपिनपुरी ने बताया कि बलरामपुर में बन रहे विवि के सैटेलाइट सेंटर को साल के अंत तक शुरू किये जाने की योजना पर फोकस किया जा रहा है। जिससे इसे शुरू किया जा सके। इसको शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री की तरफ से भी निर्देश मिले हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए पीपीपी मोड पर कार्य किया जा रहा है। इसे पेशेंट केयर, रिसर्च और टीचिंग प्रोग्राम में भी लागू किया जायेगा।

### मेडिकल इमरजेंसी के लिए अलग से बिल्डिंग प्रोसेस में

कुलपति ले.ज. डॉ. विपिनपुरी ने बताया कि सभी बीमारियों की मेडिकल इमरजेंसी के लिए अलग से मल्टीस्टोरी बिल्डिंग प्रस्तावित है। इसका डीपीआर भी बन गया है और अगले 3 से 4 वर्ष में यह तैयार हो जायेगा। इसके अलावा इंफेक्शियस डिजीज के लिए अलग से हॉस्पीटल बनाने के लिए अलग से भवन बनाने के लिए शासन के समक्ष प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा सर्जिकल डिपार्टमेंट का भी एक प्रस्ताव तैयार किया गया है। जबकि रेजिडेंशियल हॉस्टल के तहत दो हॉस्टल तैयार कराये जा रहे हैं। इससे हमारी क्षमता में और वृद्धि होगी। वहीं कैम्पस को ग्रीन बनाने के लिए एनबीआरआई के साथ एमओयू किया गया है।

### अगले तीन साल में सोलर पैनल से आच्छादित होगा संस्थान

कुलपति ले.ज. डॉ. विपिनपुरी ने बताया कि परिसर में कुल 55 बिल्डिंग हैं। इनमें 25 बिल्डिंग सोलर पैनल से आच्छादित हो चुके हैं। जबकि बाकी भवन अगले 2 से 3 साल में पूरा पैनल सोलर पैनल युक्त होगा। इसके अलावा परिसर को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए इलेक्ट्रिक व्हेकिल की व्यवस्था की जा रही है। जिससे फैकल्टी, स्टूडेंट और पेशेंट सभी को सहुलियत मिल सके।

### एमसीक्यू को दिया जायेगा बढ़ावा

कुलपति ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए मल्टीपल च्वाइस कोश्चंस पेपर की दिशा में संस्थान फोकस कर रहा है। इसके तहत क्लास समाप्त होने के बाद हर टीचर पांच-पांच कोश्चंस देंगे। उन्होंने कहा कि हम पर्सनालिटी डेवलपमेंट और लीडरशिप डेवलपमेंट पर भी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास 30000 एलुमिनाई की स्ट्रेंथ है।

### पूर्व में हो चुके एमओयू की करेंगे समीक्षा

एक सवाल के जवाब में कुलपति ले.ज. डॉ. विपिनपुरी ने बताया कि पूर्व में जितने भी एमओयू संस्थान स्तर पर हुए है। उनकी नये सिरे से समीक्षा की जायेगी। जिससे जरूरत के हिसाब से उन्हें फंक्शनल किया जा सके।

# लखनऊ मेट्रो ने 74 वें गणतंत्र दिवस का धूमधाम से स्वागत किया

● रॉबिनहुड आर्मी, बुकलैंड बुक फेयर.2023 एवं पिंक शी फाउंडेशन के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** मेट्रो द्वारा हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर 74 वें गणतंत्र दिवस का धूम.धाम से स्वागत किया गया। रॉबिनहुड आर्मी के 60 अल्प.सुविधा प्राप्त बच्चों को कृष्णा नगर एवं भूतनाथ मेट्रो स्टेशन से हजरतगंज मेट्रो स्टेशन तक मुफ्त यात्रा करवाई गई। लखनऊ मेट्रो में पहली बार सवारी कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मेट्रो यात्रा के बाद बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और 3 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कारों का प्रायोजन बुकलैंड बुक फेयर.2023 द्वारा किया गया। बुधवार को लखनऊ मेट्रो ने हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर गणतंत्र दिव को धूमधाम से मनाया गया।

राबिनहुड आर्मी के 60 बच्चों को कृष्णा नगर एवं भूतनाथ मेट्रो स्टेशन तक मुफ्त यात्रा कराई। यूपीएमआरसीएल प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की एवं चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पहला, दूसरा एवं तीसरा पुरस्कार से सम्मानित किया। चित्रकला प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार अनिकेत, दूसरा सुधांशू एवं तीसरा पुरस्कार करण के नाम हुआ। चित्रकला प्रतियोगिता के बाद हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ। नुक्कड़ नाटक में पिंक शी फाउंडेशन के बच्चों ने हिस्सा लिया एवं स्वतंत्रता सेनानी रानी लक्ष्मी बाई पर दिल को छू लेने वाले नाटक की प्रस्तुति दी। सुशील कुमार ने पिंक शी फाउंडेशन के बच्चों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का समापन बुकलैंड बुक फेयर.2023 से श्री जफर हसन एवं श्री अली हसनए पिंकशी फ उंडेशन एवं रॉबिनहुड आर्मी के मुख्य अतिथियों ने लखनऊ मेट्रो को धन्यवाद कर किया।


पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 26 जनवरी, 2023



# दिग्विजय का बयान

## कांग्रेस की रणनीति

**राहुल गांधी** ने पार्टी को सर्जिकल स्ट्राइक पर दिग्विजय सिंह के बयान से अलग रख कर अच्छा किया है। यह कांग्रेस की रणनीति है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को शायद खबरों में बने रहना अच्छा लगता है, भले ही इससे उनकी पार्टी को नुकसान ही क्यों न हो जाए। हाल ही में उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक का कोई प्रमाण नहीं है। यह ध्यान आकर्षित करने की उनकी इच्छा स्पष्ट करता है। राहुल गांधी ने पार्टी को दिग्विजय सिंह के बयान से अलग कर समझदारी का काम किया। राहुल ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस नेता 'दिग्विजय सिंह के विचारों से सहमत नहीं हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि सशस्त्र बलों ने 'अपना काम बहुत अच्छे तरीके से किया और उनको सबूत देने की कोई आवश्यकता नहीं है।' देश की सबसे पुरानी पार्टी को शायद विश्वास था कि राहुल गांधी के बयान से यह मुद्दा समाप्त हो जाएगा। लेकिन भारतीय जनता पार्टी-भाजपा ने सोमवार को 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाने के लिए दिग्विजय सिंह की निन्दा की थी और वह उनके हालिया बयान को अनदेखा नहीं होने देना चाहेगी। उसने पहले ही कहा है कि ऐसे बयान 2019 में पुलवामा में 40 सीआरपीएफ जवानों के आतंकी हमले में शहीद होने पर 'पाकिस्तानी विमर्श की प्रतिध्वनि हैं।' वह ऐसे बयानों की निन्दा करती रहेगी। संभवत: दिग्विजय सिंह स्वयं ऐसे बयान देते रहेंगे जिनकी निन्दा करना भाजपा को अच्छा लगे। ऐसे में सवाल उठता है कि राहुल गांधी कहां तक दिग्विजय सिंह के बयानों से असहमत होते रहेंगे। पार्टी के सर्वोच्च नेताओं को इस पर अवश्य चर्चा करनी चाहिए। शायद दिग्विजय सिंह सुर्खियों में बने रहने के लिए ऐसे बयान



देते हैं या यह मुस्लिमों के कल्याण की उनकी राजनीतिक पैरोकारी की आदत के कारण है जिससे उनमें ऐसी टिप्पणियां करने का रुझान पैदा होता है। लेकिन इनसे कांग्रेस को नुकसान होता है। आमतौर से 'मुस्लिम कल्याण' की बात करने का अर्थ उस समुदाय के सबसे प्रतिगामी तबके को खुश करना होता है और भाजपा इसे उचित ही 'मुस्लिम तुष्टीकरण' कहती है। मोदी-समर्थक तत्वों के लिए यह विजय का हथियार है। हालांकि, बहुत से लोगों का राजनीतिक कॅरियर फैशनेबल 'सेक्युलर' जुमले उछालने पर निर्भर करता है।

विशिष्ट बुद्धिजीवियों में अधिकांश वाम-उदारवादी रुझान वाले थे और 'सेक्युलर पहचान' वाले नेताओं के प्रति उनका रुझान बहुत मजबूत था। इसी कारण गंभीर भ्रष्टाचार आरोपों के बावजूद लालू प्रसाद यादव का आकर्षण बना रहा, जबकि उनके नेतृत्व में बिहार में प्रशासन लगातार कमजोर पड़ रहा था। दिग्विजय सिंह इसी युग में फले-फूले हैं। उन्होंने 19 सितंबर, 2008 को दिल्ली के जामिया नगर में बाटला हाउस मुठभेड़ को 'फर्जी' बता दिया था और वह भी इस तथ्य के बावजूद कि दिल्ली के एक प्रमुख पुलिस अधिकारी की मुठभेड़ में मौत हुई थी और दिल्ली पुलिस उनकी अपनी सरकार के आधीन थी। 2016 में उन्होंने मुठभेड़ की न्यायिक जांच की मांग दुहराई तथा अनेक अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी उनका समर्थन किया। उदाहरणार्थ, 2012 में तत्कालीन विधि मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी मुठभेड़ में नौजवान मुस्लिम लड़कों के मारे जाने पर 'फूट-फूट कर रोने लगीं।' भाजपा ने उचित ही खुर्शीद के बयान को 'मुस्लिम वोट पाने का सांप्रदायिक दांव' कहा था। ऐसा लगता है कि राजनीति की गतिशीलता ऐसी रणनीतियों के लिए उचित स्थान देती है। लेकिन अब उस राजनीति के दिन समाप्त हो चुके हैं। दिग्विजय सिंह जितनी जल्दी यह बात समझ लेंगे, उतना ही उनकी पार्टी कांग्रेस के लिए ठीक होगा।

# नेताजी के राष्ट्रवाद से भागे थे अंग्रेज

**नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रवाद के संघर्ष और विचार को इतिहास के पाठों में एक पैराग्राफ तक सीमित कर दिया गया है जिसे किसी प्रकार भी उचित नहीं कहा जा सकता।**





विश्वदीप काकाती    वाग्मिता बड़ठाकुर




बर्मा में 12 सितंबर, 1944 को नेताजी के भाषण को तत्कालीन सभी भारतीयों के हृदय में स्थान मिला और यह आज भी उनको प्रेरित करता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपनी क्रांतिकारी शैली में कहा था, 'हमने एक एकजुट व स्वतंत्र भारत की प्रतिज्ञा की है, इसलिए हम उसे विभाजित करने तथा टुकड़ों में काटने के हर प्रयास का विरोध करेंगे।' इसके लगभग 78 साल के बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति को ऐतिहासिक इंडिया गेट में स्थान मिला और इंडिया गेट जाने वाले मार्ग का नाम हाल ही में बदल कर 'कर्तव्य पथ' किया गया है। यह मार्ग न केवल प्रख्यात सुभाष चंद्र बोस व आधुनिक भारत के उनके विचारों को प्रतिबिम्बित करता है, बल्कि हर भारतीय के मन में उन लोकतांत्रिक सिद्धान्तों को बनाए रखने की भावना पैदा करता है जो विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका में निहित हैं। यह देशवासियों में यह भावना भी पैदा करता है कि भारत को हमेशा एकजुट रहना चाहिए तथा हमें इस स्वतंत्र भारत में रहना चाहिए। यह प्रक्रिया हमें अपना जीवन उस भारत की स्थापना के लिए समर्पित करने की प्रेरणा देती है जिसके लिए पूरी दुनिया देशभक्ति तथा विविधता में एकता का प्रतीक है। नेताजी के मन में बचपन से ही जो राष्ट्रवाद की भावना थी वह अंतिम सांस तक उनकी गतिविधियों को निर्देशित करती रही। इस भावना को उन्होंने पूरे भारत में पैदा किया और इससे वे अत्यन्त उल्लेखनीय राजनेता बने।

कम आयु से ही नेताजी सामाजिक रूप से सचेतन व्यक्ति थे जिसका जन्म कोलकाता में प्रेसीडेंसी कालेज में उनके अध्ययन के समय हुआ था। उस समय वे जनता की गरीबी और कठिनाई भरे जीवन से बहुत व्यथित होते थे। सभी लोगों के बीच समानता की भावना के कारण उनको उस तिमंजिला आवास में रहना भी अच्छा नहीं लगता था जाहां से अनेक भिखारी दिखाई देते थे जिनके सिर पर छत तक नहीं थी। इसके चलते उन्होंने उस प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाए थे जो कुछ लोगों के लिए शानोशौकत वाला जीवन तथा बहुत से लोगों के लिए गरीबी पैदा करती थी। भारत के स्वतंत्र होने तथा औपनिवेशिक दासता से मुक्त होने के पहले ही उन्होंने देश के प्रति राष्ट्रवाद की भावना विकसित की थी। बोस के लिए राष्ट्रवाद हर व्यक्ति की स्वतंत्रता की पारदर्शी कथा थी जहां किसी का प्रभुत्व न हो, हर व्यक्ति को समान सम्मान व स्वतंत्रता प्राप्त हो तथा उस पर अधिकार जमाने वाली कोई सत्ता न हो। राष्ट्रवाद की इसी भावना से बोस ने भावी घटनाओं का विश्लेषण किया जिनके वे गवाह बने। नेताजी के इतिहास में उनकी एक ट्राम में यात्रा की कथा आती है जिसमें एक अंग्रेज अपने पैर ऊपर कर बैठा था, जबकि एक भारतीय सज्जन उसके सामने बैठे थे। औपनिवेशिक प्रभुत्व के कारण भारतीय सज्जन भयभीत थे और अपनी आवाज नहीं उठा पा रहे थे। लेकिन बोस को अग्रेज के इस कृत्य से गुस्सा आई और उन्होंने उससे अपने पैर नीचे रखने को कहा क्योंकि इससे भारतीय सज्जन के कपड़े खराब हो रहे थे। अंग्रेज ने बोस को जवाब दिया कि यदि भारतीय को उसके पैर ऊपर रखने से कोई समस्या हो तो वह अपनी सीट बदल सकता है। इससे बोस बहुत गुस्सा हो गए। समाज में समानता स्थापित करने के प्रति उनके विद्रोही स्वभाव को देखते हुए ट्राम में अनेक भारतीयों को एकजुट कर दिया और सभी बोस के साथ मिल कर अंग्रेज की निन्दा करने लगे। लेकिन प्रभुत्व से मुक्त समाज बनाने की नेताजी की इच्छा को धक्का लगा क्योंकि अंग्रेज के कृत्य से व्यथित भारतीय झगड़े से बचने के लिए अगले स्टेशन पर उतर गया। एक ओर बोस के राष्ट्रवादी दृष्टिकोण ने भारतीय एकजुटता की तस्वीरें पेश कीं, लेकिन दूसरी ओर अनेक भारतीयों में यह धारणा व्याप्त थी कि वे प्रभुत्व के पंजे से कभी आजाद नहीं होंगे। इससे बोस के मुक्त भारत बनाने के सपने को थोड़े समय के लिए प्रभावित किया। बोस ने भारतीयों के एक समूह को एकजुट करने की प्रक्रिया में परिवर्तन किया, जब उनको लगा कि अंग्रेजों को जल्दी भारत से भगाने के लिए अहिंसा के बजाय सशस्त्र विद्रोह की जरूरत है। उनके प्रखर राष्ट्रवाद की भावना उस समय स्पष्ट रूप से सामने आई जब उन्होंने अपनी प्रख्यात आजाद हिंद फौज आंदोलन के लिए 'दिल्ली चलो' का नारा दिया। उनका अमर आह्वान था, 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।' नेताजी के बारे में भाषण देते हुए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल ने कहा था कि अंग्रेज महात्मा गांधी के कारण भारत छोड़ कर नहीं गए, बल्कि इसका कारण नेताजी द्वारा पैदा राष्ट्रवाद का उभार था। इसने भारतीय सेना के सैनिकों में एक चिनगारी पैदा की थी जो आजाद हिंद फौज-आईएनए के रूप में सामने आई थी। आईएनए का प्रभामंडल इतना सशक्त था कि उसने अत्यधिक स्वामिभक्त भारतीय सेना, नौसेना व वायुसेना में आईएनए द्वारा पैदा जोश भर दिया था।

भारतीय राष्ट्रीय सेना पर नेताजी का प्रभाव इतना मजबूत था कि वह अंग्रेजों के खिलाफ भारतीय शक्ति के रूप में काम करने लगी, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस व मुस्लिम लीग अंग्रेजों के समर्थक की तरह काम कर रहे थे। इसके कारण अंग्रेजों ने फौरन नेताजी को हिरासत में लेने का प्रयास किया। अपने समय से आगे की सोचने वाले नेताजी न केवल समुदाय, धर्म व नस्ल पर राष्ट्र की अवधारणा आरोपित करने में सफल हुए, बल्कि उन्होंने यह भी स्पष्ट रूप से राजनय व विदेश नीति की अवधारणा को भी समझ लिया था। उन्होंने इस 'चाणक्य नीति' का उचित प्रयोग किया कि 'दुश्मन का दुश्मन हमारा दोस्त होता है।' इस सिद्धान्त ने उनको जर्मनी व इटली से गठबंधन बनाने को प्रेरित किया जो अंग्रेजों के खिलाफ थे। इसके परिणामस्वरूप वे भारत में आईएनए के रूप में सैनिक शक्ति खड़ी करने की अवधारणा मजबूत करने में सफल हुए।

एक व्यावहारिक राष्ट्रवादी के रूप तें नेताजी विविध दृष्टिकोणों का सम्मान करते थे। नेताजी ने भारत राष्ट्र की आत्मा को अच्छी तरह समझ लिया था और इस प्रकार उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी जहां एक मजबूत केन्द्र सरकार हो जिसमें अल्पसंख्यक समुदायों व प्रांतों को काफी सीमा तक स्वायत्ता प्राप्त हो। इन कारणों से भारत ने हाल ही में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिन को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया है। राष्ट्रवाद के नेताजी के विचार में समानता, स्वतंत्रता व न्याय, व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा शक्ति संतुलन की अवधारणा को प्रमुख स्थान मिला है। भारत के लिए उनके राष्ट्रवाद का अर्थ भारत को ऐसा देश बनाना था जिसमें अस्तित्व की पुरानी सोच को पूरी तरह बदल दिया गया हो। उनके राष्ट्रवाद का अर्थ भारत को दीर्घकालीन रूप से गरिमामय स्थान प्रदान करना था। उनका यह विश्वास था कि यदि कोई महत्वाकांक्षा न हो तो राष्ट्र का अस्तित्व निरर्थक है। उन्होंने इस तथ्य पर भी जोर दिया कि देश की प्रगति व्यापक होनी चाहिए तथा लोगों को अपने संकुचित स्वार्थ पूरे करने के बजाय पूरे समुदाय की व्यापक प्रगति के बारे में विचार करना चाहिए। लेकिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रवाद के विचार और संघर्ष को इतिहास की पुस्तकों में एक अनुच्छेद तक सीमित कर दिया गया है जिसे किसी प्रकार भी उचित नहीं कहा जा सकता है।

# थाईलैंड की सेना का बनावटी चेहरा



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

थाईलैंड, भारतीय पर्यटकों के लिए पसंदीदा गंतव्य, नागरिक-सैन्य संबंधों के अध्ययन के लिए एक शिक्षाप्रद मामला है। नागरिक प्राधिकरण द्वारा सेना का नियंत्रण, स्वीकृत लोकतांत्रिक मानदंड, पैलेस द्वारा अक्सर चुनौती दी जाती है, तीसरा खिलाड़ी भले ही राजशाही संवैधानिक है। 7 मई को चुनाव होने वाला है और संसदीय कार्यकाल 23 मार्च को समाप्त हो रहा है। वर्तमान में, पलंग प्रचारथ पार्टी (पीपीआरपी) सेना के नेतृत्व में एक गठबंधन जिसमें तीन जनरल शामिल हैं, सभी पूर्व सेना प्रमुखों ने 2014 से देश पर शासन किया है। अधीनस्थ राजनीतिक पदों पर दो जनरल प्रधान मंत्री से वरिष्ठ हैं। अरबपति पीएम थाकसिन शिनावात्रा, जिन्हें 2006 में एक सैन्य तख्तापलट में हटा दिया गया था, उसके बाद उनकी बहन यिंगलुक बाद में प्रधान मंत्री बनीं और अब उनकी बेटी पैतोंगटार्न फीयू थाई पार्टी (पीटीपी) का झंडा लेकर चल रही हैं। राजा महा वजीरालोंगकोर्न, राम एक्स, ने अपनी बड़ी बहन, जिसने रॉयल्टी छोड़ दी थी, को थाकसिन के पीटीपी के साथ चुनाव लड़ने से रोक दिया। मई 2005 में द बैंकॉक पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार शिनावात्रा ने जनरलों को नियंत्रित करने के लिए पैलेस के साथ व्यवस्था की थी।

पीपीआरपी का नेतृत्व उप प्रधान मंत्री, प्रवीत वोंगसुवोन करते हैं, जो सबसे वरिष्ठ जनरल हैं; जनरल प्रयुत चान-ओ-चा सबसे जूनियर जनरल पीएम हैं, आंतरिक मंत्री जनरल अनूपोंग पाओचिंडा के साथ। वोंगसुवॉन ने पिछले महीने संवाददाताओं से कहा था कि उनकी पार्टी तय करेगी कि वह पीएम होंगे या नहीं, लेकिन वह सैन्य जीवन को राजनीतिक जीवन पसंद करते हैं। उन्हें विश्वास था कि गठबंधन के हिस्से के रूप में उनकी पार्टी सत्ता में बनी रहेगी। दिसंबर 2022 के संडे चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने बताया कि चार में से तीन थाई सोचते हैं कि पीटीपी सत्ता में होनी चाहिए और दशक पुराने सैन्य शासन को समाप्त करने के लिए पैटोंगटार्न पसंदीदा नेता थे। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन पोल ने दिखाया कि वह पीपीआरपी और अन्य राजनीतिक दलों से प्रयुथ और पीटीपी से 10 प्रतिशत आगे थी। लेकिन जब तक सभी राजनीतिक दल जनरलों की पीपीआरपी के खिलाफ एकजुट नहीं हो जाते, तब तक उनके पास उन्हें हराने का कोई मौका नहीं है।

ह्यूमन राइट्स वॉच के निदेशक ब्रैड एडम्स ने कहा कि सेना ने मुख्य विपक्षी पार्टी को भंग करने, चुनाव आयोग को नियंत्रित करने और



सरकार की इच्छा को विफल करने के लिए सीनेट (जो सरकार गठन पर फैसला करती है) को चुनने के लिए कानून बनाकर खुद को अजेय बना लिया है। लोग। वोंगसुवोन ने सार्वजनिक रूप से कहा कि उनकी पार्टी के लिए सरकार बनाना मुश्किल नहीं है क्योंकि सीनेट %नियंत्रणीय% है। थाई जनरलों ने अपने 2017 के संविधान में म्यांमार के 2008 के संविधान के पड़ोसी पूर्ण सैन्य शासकों से एक पत्ता निकाला है। आंग सान सू की की नेशनल लीग ऑफ़ डेमोक्रेसी जैसी एकल पार्टी द्वारा केवल 2021 में हासिल की गई भारी जीत (जिसके परिणामस्वरूप तख्तापलट हुआ) थाईलैंड में सैन्य शासन को पूर्ववत कर सकती है। 2017 का संविधान 250 सीनेटरों (ज्यादातर सेना और पुलिस) के नामांकन की अनुमति देता है जो निर्वाचित प्रतिनिधियों के 500-मजबूत सदन के फैसले को कमजोर कर सकता है। नियम इस तरह बनाए गए हैं कि सेना को सरकार बनाने के लिए निर्वाचित सदन का केवल एक तिहाई हिस्सा चाहिए। जनरलों ने सैन्य सरकार को एक नागरिक मुखौटा दिया है - इसे मोटे तौर पर कहें - भेड़ के कपड़ों में एक भेड़िया की तरह।

थाईलैंड में सेना (और पुलिस) ब्रह्मांड के इस हिस्से में सबसे अधिक राजनीतिक संस्थाओं में से एक है। 1975 में फोर्ट लीवेनवर्थ (यूएस) में कमांड एंड जनरल स्टाफ कॉलेज में मेरे थाई सहयोगियों ने उल्लेख किया कि कैसे उन्होंने सैन्य अकादमी में रहते हुए अपने राजनीतिक विकल्प चुने। हाल ही में, माना जाता है कि राजा को विशेष अधिकार देने के लिए संविधान में संशोधन किया गया था और कुछ विशेष बलों को उनकी कमान में रखा गया था। सेना प्रमुख 2018, एक पूर्व तख्तापलट नेता के बेटे, ने बैंकाक में सेना मुख्यालय में राजा के प्रति निष्ठा की शपथ लेने के लिए अपने अधिकारियों को घुटने टेककर और हाथ जोड़कर नेतृत्व किया। जनरल प्रयुथ ने उन्हें यह कहते हुए पछाड़ दिया : 'मैं राजशाही की पूजा और रक्षा करूंगा।' जनरलों की बहुतायत है - प्रत्येक 212 सैनिकों के लिए एक फ्लैग रैंक अधिकारी। भारत में 21,000 सैनिकों से एक जनरल बनता है। सेना ने 20 साल की सामरिक विकास योजना तैयार की है जिसका पालन करना सरकारों के लिए आवश्यक है।

यद्यपि 1932 में पूर्ण राजशाही समाप्त हो गई, संवैधानिक राजतंत्र पिछले सम्राट के साथ सबसे अधिक सम्मानित राजा था, जिसने 70 वर्षों तक शासन किया, जो महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के कार्यकाल से थोड़ा कम था। पैलेस-सैन्य संबंधों में फिलहाल पेंडुलम किस तरफ झूल रहा है, यह स्पष्ट नहीं है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने बताया कि %आम तौर पर सेना प्रस्ताव करती है और राजा उसका निपटान करता है। राजशाही के तहत शाही मानहानि पर बहुत सख्त कानून मौजूद हैं - राजशाही के खिलाफ अभिव्यक्ति के लिए कानून 112 के तहत 15 साल की जेल। राजशाही में सुधार के लिए विरोध हाल ही में शुरू हुआ, हालांकि इसमें ज्यादातर युवाओं ने अपने लक्ष्यों को संदर्भित करने के लिए कोड शब्दों का इस्तेमाल किया।

पिछले दिसंबर में दो दुखद घटनाएं हुईं- कई नाविकों के साथ एक थाई युद्धपोत का डूबना; और क्राउन प्रिंसेस का कार्डियक अरेस्ट (जाहिरा तौर पर उत्तराधिकार की पहली पंक्ति में) अभी भी कोमा में है। महामारी के प्रभावों ने अर्थव्यवस्था के मुख्य आधार पर्यटन को गहरा झटका दिया है। सौभाग्य से, 2022 में पर्यटकों की संख्या 10द्वठ्ठ के आंकड़े को पार कर गई है।

भारत के थाईलैंड के साथ मजबूत और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, जिसमें गगन आनंद के दो मिशेलिन स्टार रेस्तरां से लेकर गुंजन कुमार के मोबाइल चना जोर गरम उद्यम तक 50,000 भारतीयों को रोजगार मिला हुआ है। कई खूबसूरत तमिल कोविल्स के साथ पूरे थाईलैंड में हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बिखरी पड़ी हैं। थाईलैंड के साथ भी मजबूत बौद्ध संबंध हैं। शिनावात्रा वंशज जनरलों को भले ही कंपकंपा दें, लेकिन जनरलों की सत्तारूढ़ तिकड़ी अब से चार महीने बाद तीसरे कार्यकाल के लिए वापसी करने के लिए बाध्य है।

## आप की बात

### कर्मचारियों की पीड़ा

**मध्यप्रदेश** में विधायकों का वेतन 40 हजार रुपए बढ़ेगा। यह खबर पढ़कर हृदय बैठ गया जो जले पर नमक छिड़कने के समान है । विधायकों के वेतन बड़े कोई गम की बात नहीं है, रंज की बात ज्यादा यह है कि वर्षों से आंगनबाड़ियों में काम कर रही महिला कर्मी ऊंट के मुंह में जीरे के समान नाममात्र के मानदेय पर काम कर रही है । उन्हें यह मानदेय कभी भी समय पर नहीं दिया जाता । ऊपर से बढ़ती महंगाई कोढ़ में खाज बनी हुई है। उसकी चिंता किसी को भी नहीं है। इसी तरह सरकारी विभागों में संविदा कर्मी, आउट सोर्स तथा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी वर्षों से कार्य कर रहे हैं, मगर उनको स्थायी नहीं किया जा रहा है। इन्हें स्थायी कर इनके स्थानों पर संविदा व वेतन भोगी के रूप में नई भर्ती कर संतुलन बनाया जा सकता है । लेकिन खजाने की चाबी सरकार में बैठे नेताओं के पास है तो स्वयं रेवड़ी खाएंगे और दूसरों को ढेला तक भी नहीं देंगे। विधायकों को अपने ही साथ सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे आंगनवाड़ी महिला कर्मियों, संविदा, दैनिक वेतन भोगियों, आउटसोर्स कर्मियों की भी सुध लेना सरकार की जिम्मेदारी है। ध्यान देना चाहिए कि कर्मचारियों की पीड़ा चुनावी मुद्दा भी बन सकता है और इसका नुकसान विधायकों को भी हो सकता है।

**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### टेक कंपनियों पर लगाम

**अमेरिकी** न्याय विभाग और आठ राज्यों ने मंगलवार को गूगल पर मुकदमा दायर किया। कंपनी पर ऑनलाइन विज्ञापन बाजार में अपने प्रभुत्व के साथ प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुंचाने और इसे तोड़ने का आह्वान करने का आरोप लगाया। यह कदम किसी बड़ी टेक कंपनी के खिलाफ बाइडेन प्रशासन के पहले ब्लॉकबस्टर एंटी-ट्रस्ट केस को चिन्हित करता है। इसके अनुसार गूगल के प्रतिस्पर्द्धी व्यवहार ने कृत्रिम रूप से उच्च स्तर तक प्रवेश करने में बाधाओं को बढ़ा दिया है, प्रमुख प्रतिस्पर्धियों को विज्ञापन तकनीकी उपकरणों के लिए बाजार छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया है, संभावित प्रतिस्पर्धियों को बाजार में शामिल होने से रोक दिया है और इस टेक दिग्गज के कुछ शेष प्रतिस्पर्धियों को हाशिए पर धकेल कर गलत तरीके से वंचित कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, स्पेन, यूरोपियन यूनियन ने गूगल पर करोड़ों रुपए का जुर्माना लगाया है। कई देशों को गूगल ने जुर्माने की राशि को भुगतान भी कर दिया है। भारत में भी बड़ी टेक कंपनियों की तानाशाही के खिलाफ कार्रवाई पर सर्वोच्च न्यायालय विचार कर रहा है। यह स्वागत योग्य कदम है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### छात्रों पर दबाव

**छात्रों** द्वारा की गई आत्महत्याओं से जुड़ी नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में छात्रों ने सबसे अधिक आत्महत्याएं की हैं। विगत एक माह में वहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे तीन नाबालिग छात्रा ने परीक्षा के दबाव में आत्महत्या कर ली उनमें दो बिहार से थे और कोटा में आसपास रहते हुए इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। निश्चित ही देश एवं समाज के सामने यह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है जैसा कोटा परीक्षा की तैयारियों के साथ-साथ अब आत्महत्याओं का हब भी बन रहा है। कोटा की कोचिंग व्यवस्था को देखकर भविष्य में इन घटनाओं के और अधिक बढ़ने की आशंका है। कोटा के अलावा अन्य शहरों में भी छात्र विभिन्न प्रकार के दबावों के शिकार होते हैं। सबसे पहली जिम्मेदारी शिक्षा विभाग तथा केन्द्र व राज्य सरकारों की यही है कि वे शिक्षा नीति, पाठ्यक्रम व विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की प्रक्रियाओं में ऐसे परिवर्तन करें कि छात्रों को कोचिंग की जरूरत ही न पड़े। इस संबंध में नई शिक्षा नीति से काफी उम्मीदें हैं।

**सदन जी,** पटना

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**


## फरमाया



**वे** सर्जिकल स्ट्राइक की बात करते हैं, पर इसका कोई प्रमाण नहीं है।
**- दिग्विजय सिंह**
कांग्रेस नेता



**वरिष्ठ** नेता दिग्विजय सिंह के विचार उनके अपने हैं और वे कांग्रेस का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।
**- जयराम रमेश**
कांग्रेस प्रवक्ता



**हम** सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों के प्रतिनिधित्व का समर्थन करते हैं।
**- सर्जेई लावरोव**
रूसी विदेश मंत्री

# रविदास घाट पर बनेगा दूसरा सीएनजी टर्मिनल

● केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा, राज्य से जमीन मिलते ही कार्य होगा शुरू ●हरित ऊर्जा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य वाराणसी में आयोजित हुआ सीएनजी बोट रैली




**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**पेट्रोलियम** एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा काशी के नमो घाट पर आयोजित सीएनजी बोट रैली में हिस्सा लेने आए केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि वाराणसी में गंगा किनारे दूसरा सीएनजी टर्मिनल वाराणसी के रविदास घाट पर बनेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार से जमीन सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी होते ही पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि इंडिया एनर्जी वीक 2023 का आयोजन भारत के जी-20 की अध्यक्षता के दौरान बेंगलुरु में 6.8 फरवरी 2023 तक ग्रोथ, कोलैबोरेशन, ट्रांजिशन विषय के अंतर्गत किया जा रहा है। इसी के तहत लोगों को ऊर्जा और सीएनजी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वाराणसी में सीएनजी बोट रैली का आयोजन किया गया है। हाल के वर्षों में वाराणसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के तहत अपने स्वर्ण युग का पुनरुत्थान देखा है। काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर और वाराणसी के विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक घाटों के जीर्णोद्धार और विकास जैसे अभूतपूर्व प्रयासों ने हमारी विरासत और संस्कृति के संबंध और सम्मान के साथ आधुनिक जीवन और पर्यटन के विकास को भी जोड़ा है।

वाराणसी के परिवर्तन और ऊर्जा परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा के लिए भारत की रणनीति के बीच एक समानांतर रेखा खींचने के लिए आभारी हूं। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की चाह थी की वाराणसी के नाव डीजल की जगह सीएनजी से चले। आज बताते हुई खुशी हो रही है कि वाराणसी में 580 नावें सीएनजी में तब्दील हो गई हैं। डीजल की तुलना में सीएनजी अधिक कुशल ईंधन होने के कारण नाविकों के लिए महत्वपूर्ण बचत होती है। सीएनजी डीजल की तुलना में 18 फीसदी ज्यादा माइलेज देती है। नाविक समुदाय ने इसका उपयोग कर अधिक रुपये की बचत की है। वाराणसी में नाव अभी सीएनजी से चल रहे हैं। वो समय जल्द आएगा जब यहां की नाव ग्रीन हाइड्रोजन से चलती दिखेगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विश्वगुरु बनने की दहलीज पर खड़ा है और प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत विजन की बदौलत आजादी के 100 वें वर्ष में इसके 26 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है। भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए और 2070 तक शुद्ध कार्बन शून्य प्राप्त करने के लिए चार आयामी रणनीति के माध्यम से कार्य कर रहा है। इसमें ऊर्जा आपूर्ति का विविधीकरण, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ाने के लिए जैव ईंधन, इथेनॉल, सीबीजी और सूर्य नूतन सोलर कुकटॉप पर कार्य करनाए भारत के एक्सप्लोरेशन और उत्पादन फुटप्रिंट को बढ़ाना और हरित हाइड्रोजन पर काम करना है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि सीएनजी से चलने वाली नावें न केवल वाराणसी आने वाले निवासियों, नाविकों और पर्यटकों के लिए स्वच्छ हवा देती हैं बल्कि यह हमारी पवित्र गंगा नदी और इसके पारिस्थितिकी तंत्र और समुद्री जीवन को डीजल के रिसाव के जोखिम से भी बचाती हैं।

# मतदाता दिवस पर विद्यालय के छात्रों की जागरूकता रैली, एसडीएम ने किया नेतृत्व



**डलमऊ।** रायबरेली राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सौ प्रतिशत मतदान के अभियान को लेकर आदर्श इंटर कालेज मुराई बाग के छात्र छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई जिसमे मतदाताओं को जागरूक करने हेतु छात्रों द्वारा रैली निकालकर नगर के सभी वर्गों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। मतदान उम्र की सीमा पार करने के उपरांत मतदान करने पर आपका अधिकार सुनिश्चित करता है, जिसमें आज भी समाज मतदान को लेकर बहुत ज्यादा जागरूक नहीं है। एसडीएम आशाराम वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन चुनाव आयोग की स्थापना की गयी थी। इसलिए इसी दिन को राष्ट्रीय मतदान दिवस के रूप में मनाया जाता है यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। छात्रों ने 18 वर्ष की उम्र कर ली पार मिला वोट करने का अधिकार जैसे नारों से आज नगर की गली गली गुंजायमान कर दी एसडीएम आशाराम वर्मा व तहसीलदार उमेश चंद्र के नेतृत्व में डलमऊ कस्बे के विद्यालय के साथ तहसील क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के नारेबाजी के साथ लोगों को सौ प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया व मतदान कराने का संकल्प लिया गया इस राष्ट्रीय मतदाता दिवस की जागरूकता रैली मियांटोला, आदर्श नगर शंकर नगर होते हुए विद्यालय परिसर पर समापन किया गया।

# आरेडिका में कवि सम्मेलन का आयोजन



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में राजभाषा क्रियान्वयन, प्रचार-प्रसार हेतु देशभक्ति कवि सम्मेलन का आयोजन को सरस्वती प्रेक्षागृह, आरेडिका में आयोजित किया गया। इस आयोजन के पूर्व प्रगति पत्रिका, प्रतिबिम्ब पत्र, सुविचार पत्र, राजभाषा क्रियान्वयन हेतु सामग्री का विमोचन महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों द्वारा किया गया। इसमें सर्व वाई. पी. सिंह, डॉ विनय भदौरिया, सुनील सरगम, शिवतोष संघर्षी, सुश्री सानिया सिंह, अमित अनपढ़ आदि कवियों ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। रेल कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आनंद उठाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक महोदय शमशेर सिंह कलसी द्वारा की गई। जिसमें प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक एन. डी. राव, वरिष्ठ उप मुख्य महाप्रबंधक एम. के. अग्रवाल, मुख्य राजभाषा अधिकारी एस. के. सैनी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर राजभाषा अधिकारी श्री संजय निगम ने भव्य देशभक्ति कवि सम्मेलन के दौरान लोगों के द्वारा दिये गये सहयोग की सराहना करते हुए धन्यवाद प्रस्तुत किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 519 जोड़े हुए एक-दूजे के



**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समारोह के अन्तर्गत जनपद के कोन चोपन बभनी म्योरपुर और दुद्धी ब्लॉक में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। ब्लॉक चोपन में कुल 85 जोड़े एक दूजे के हुए और म्योरपुर में 119 जोड़े एक दूजे के हुए, जहां पर प्रदेश सरकार के मंत्री संजीव गौड़ ने वर वधू को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद जीवन की मंगल कामना की, इसी प्रकार दुद्धी विधायक रामदुलार गौड़ ने म्योरपुर ब्लॉक में वर-वधु को आशीर्वाद देकर सुखद मंगलमय जीवन की कामना की। इसी प्रकार से भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने म्योरपुर ब्लाक में वर-वधू को आशीर्वाद देकर उनके सुखद जीवन की मंगल कामना की।

इसी प्रकार बभनी ब्लाक में कुल 96 जोड़े एक दूजे के हुए जहां पर आनन्द जी सह संगठन वनवासी सेवा आश्रम में वर-वधू को आशीर्वाद देकर उनके जीवन की मंगल कामना की। इसी प्रकार दुद्धी ब्लॉक कुल 105 जोड़े एक-दूजे के हुए जहां पर विधायक रामदुलार गौड़ ने वर-वधू को आशीर्वाद देकर मंगल कामना की। इसी प्रकार से मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, चोपन व दुद्धी ब्लॉक में पहुचकर वर-वधू को आशीर्वाद देकर उनके सुखद जीवन की मंगल कामना की, इस दौरान जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, परियोजना निदेशक आरएस मौर्य ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया, इसी प्रकार कोन ब्लाक में भी कुल 114 जोड़े एक दूजे के हुए, इस तरह जनपद में कुल 519 जोड़े एक-दूजे के होकर सूत्र में बंधे। जनप्रतिनिधि ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के साथ ही जिले के विकास के लिए केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार सदैव प्रयासरत हैं और जिला भी निरन्तर विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर सभी नव दम्पत्तियों के सुखमय जीवन, उज्जवल भविष्य व सुख समृद्धि की ईश्वर से कामना की गयी।

# बदहाल जिंदगी जी रहा स्वतंत्रता सेनानी का परिवार, जिम्मेदार बेखबर

**अमेठी।** जहां देश में 74 वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। वहां अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। देश विकास की ओर बढ़ रहा है, नए-नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। विश्व पटल में अपना एक मुकाम हासिल कर चुका है। भारत देश जिसे जिन वीरों ने आजादी दिलाई आज वही आजादी के दीवानों के परिजन बदहाली तंगी ए भुखमरी के कगार पर गुजर बसर कर रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के हाल जानने का प्रयास न तो पूर्ववर्ती सरकार ने किया और न ही मौजूदा सरकार में इनका कोई पुरसाहाल है। सरकारी आंकड़ों के अनुमान के अनुसार देश में करीब 2 करोड़ स्वतंत्रता सेनानी परिवार हैं। वहीं उत्तर प्रदेश में 80 हजार तथा जिस अमेठी जनपद की आज हम बात कर रहे हैं, वहां भी करीब 142 परिवार स्वतंत्रता सेनानियों के बताए जा रहे हैं। स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की माने तो काफी ऐसे परिवार हैं जो आज भी गुमनामी में जी रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### सरकारी नौकरी देने का लालच देकर ठगी

**ऊंचाहार, रायबरेली।** अस्पताल में हुई मुलाकात के दौरान पहचान बढ़ाकर चार लाख रुपए की ठगी का मामला दर्ज किया गया है। खुद को सचिवालय कर्मचारी बताकर ठग ने कई किस्तों में रकम वसूल की और फिर गायब हो गया है। मामले में सीओ के आदेश पर कार्रवाई हुई है और अब पुलिस उसे तलाश रही है। सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वालो का धंधा बदस्तूर जारी है, और लोग उनके झांसे में आकर इसका शिकार हो रहे। एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है। जहां युवक ने नौकरी के नाम पर चार लाख रुपये दे दिए, लेकिन न तो नौकरी मिली और न ही पैसा वापस मिल रहा। बलिया जिले हजौली थाना गडवार निवासी सतीश कुमार पुत्र बेचूराम ने सीओ डलमऊ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह एनटीपीसी आवासीय परिसर में रहता है और ठेकेदारी पर प्राइवेट नौकरी करता है। इसी दौरान कस्बे के ही एक अस्पताल में अपने पिता का इलाज करा रहे लखनऊ के एलडीए कालोनी निवासी अशोक कुमार पुत्र लल्लू राम यादव से हुई जो अपने को सचिवालय का कर्मचारी बताया था। दोनों के बीच बात बात में नौकरी को लेकर बात हुई तो अशोक ने सरकारी नौकरी लगवाने की बात कही और उसके एवज में उसने 12 जनवरी को 45 हजार व 13 जनवरी को 3,55,000 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिया। इधर जब युवक को अपने साथ ठगी होने की शंका हुई तो उसने नौकरी के कागज मांगे लेकिन वह नही दे सका। पीड़ित ने बताया कि वह दलित बिरादरी है और वह अब जब अपना पैसा मांगता है तो उसके साथ अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी जाती है।

### गणतंत्र दिवस समारोह पर झण्डोत्तोलन आज

**वाराणसी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि के कुलपति प्रोफेसर हरेराम त्रिपाठी पूर्वाह्न साढ़े दस बजे मुख्य भवन पर ध्वजारोहण करेंगे। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर वृहस्पतिवार को प्रातः 10:00 बजे सर सुन्दरलाल चिकित्सालय परिसर में ( श्रुत सभागार एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने) प्रोफेसर कैलाश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, सर सुन्दरलाल चिकित्सालय, ध्वजारोहण करेंगे। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रशासनिक भवन में पूर्वाह्न 10 बजे विवि के कुलपति प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी ध्वजारोहण करेंगे। जगतपुर पीजी कालेज, जगतपुर प्रांगण में सुबह साढ़े दस बजे प्राचार्य प्रो. अनिल प्रताप सिंह ध्वजारोहण करेंगे। कारमाइकेल लाइब्रेरी एसोसिएशन, हुकुलगंज, (जिला जेल) के सामने कार्यालय पर पूर्वाह्न दस बजे अध्यक्ष राजेश कुमार राय व महामंत्री कपिल नारायण पाण्डेय ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। यह जानकारी संस्था के मंत्री सुशील कुमार मिश्र ने दी है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को पूर्वाह्न नौ बजे पराड़कर स्मृति भवन पर काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुभाषचन्द्र सिंह झण्डोत्तोलन करेंगे।

### वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन को तिरंगे के रंग में रोशन किया

**वाराणसी।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन को तिरंगे के रंग में जगमगाया है। ओरिएंट के अग्रभाग की रोशनी ने पुनर्विकसित स्टेशन की संरचना में जीवंतता और विशेषता जोड़ दी देश में ही विकसित फसाड लाइटिंग समाधानों का उपयोग कर इस स्टेशन को रोशन किया, जिनमें रौशनी के स्तरों, रंगों, और इफेक्ट्स को कंट्रोलर्स के माध्यम से प्रोग्राम किया जा सकता है। वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन वाराणसी का मुख्य सेवारत स्टेशन है, जहां 300 से अधिक ट्रेनों की आवृत्ति होती है।

### डीएवी रिहंद में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बीजपुर/सोनभद्र।** डीएवी पब्लिक स्कूल-एनटीपीसी, रिहंदनगर में गणतंत्र दिवस की पूर्व बेला में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुरुआती दौर में विद्यालय प्राचार्य राजकुमार ने सभी विशिष्ट अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कक्षा एल के जी के विद्यार्थियों ने आई लव माई इंडिया पर नृत्य कर दर्शकों का मन मोह लिया।

# मतदाता दिवस पर आयोजित हुए जनजागरूकता कार्यक्रम

● मजबूत राष्ट्र और स्वस्थ समाज की पहली कड़ी मतदाताः जिला निर्वाचन अधिकारी




कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीएम

**अमेठी।** भारत में हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। इसलिए, हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। भारत में जितने भी चुनाव होते हैं, उनको निष्पक्षता से संपन्न कराने की जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की होती है। भारत निर्वाचन आयोग का गठन भारतीय संविधान के लागू होने से 1 दिन पहले 25 जनवरी 1950 को हुआ था, क्योंकि 26 जनवरी 1950 को भारत एक गणतांत्रिक देश बनने वाला था और भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग का गठन जरूरी था इसलिए 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग गठन हुआ। भारत सरकार ने वर्ष 2011 से हर चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस 25 जनवरी को ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की थी और 2011 से ही हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस दिन देश में सरकारों और अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिससे कि देश की राजनीतिक प्रक्रियाओं में लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उक्त बातें आज जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज के प्रांगण में आयोजित 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि किसी विकसित और मजबूत राष्ट्र एवं स्वस्थ समाज की आधार शिला मतदाता होते हैं। गौरवशाली राष्ट्र वही होता है जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नैतिक कर्तव्य समझते हैं। मतदान सबसे बड़ा दान होता है। यही लोकतंत्र की स्वस्थ परम्परा का द्योतक है। डीएम ने मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र छात्राओं व जन सामान्य को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ दिलाई इससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी/ प्रभारी अधिकारी स्वीप सान्या छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि मजबूत राष्ट्र एवं सुन्दर समाज के निर्माण के लिए, यह अद्भुत स्थिति है कि आज गणतंत्र दिवस के पूर्व मतदाता दिवस का आयोजन हो रहा है। इस दौरान उप जिलाधिकारी गौरीगंज राकेश कुमार, तहसीलदार गौरीगंज दिग्विजय सिंह, यूथ आइकन रुचि सिंह, शिक्षाविद डॉक्टर जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी, मनीषी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण छात्र-छात्राएं एवं जन सामान्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# तेरहवें 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' पर शपथ ग्रहण भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान के रुझान की वृद्धि करना हैः कुलपति

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**मतदाता दिवस** का आयोजन 25 जनवरी 2011 से शुरू हुआ था। इस दिन तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' का शुभारंभ किया, इससे पहले यह दिन अस्तित्व में नहीं था लोगों को लोकतंत्र में अपने अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिये ही 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' मनाया जाता है। उक्त विचार बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के पाणिनी भवन सभागार में 'तेरहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने बतौर अध्यक्ष व्यक्त किये।

कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के प्रयोजन विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए मनाया जाना लगा था। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश भर के सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में हर साल उन सभी मतदाताओं की पहचान की जाएगी, जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 साल हो चुकी होगी। कुलपति प्रो त्रिपाठी ने कहा कि यह संस्था संस्कृत-संस्कृति एवं संस्कार के त्रिवेणी का संगम स्थल है यहां के सभी अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्रों ने सदैव समन्वय स्थापित कर आपने संस्था के अभिवृद्धि में सभी कार्यो को आगे बढ़ाया है, सभी लोग मिलकर आईआईटी की तरह अच्छे छात्रों का प्रवेश कराकर संस्था के कीर्ति गौरव को बढ़ाएं। यहां के विद्यार्थी सम्पूर्ण भारत देश के संस्कृत विश्वविद्यालयों मे विभिन्न रूप मे सेवा दे रहे हैं।

# जिले को 17600 कोवीशील्ड मिली वैक्सीन, केन्द्रों पर लग रही डोज

**संवाददाता।** मिर्जापुर

**कोरोना वैश्विक** महामारी को देखते हुए जिले को शासन की ओर से 17600 कोवी शील्ड उपलब्ध कराया गया है। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने एक बैठक में दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि वर्तमान में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए, जिले में वैक्सीन की कमी होते कुछ केन्द्रों पर टीकाकरण नही हो पा रहा था लेकिन अब 17600 मंगलवार को कोवीशील्ड की पहली खेप जिले को मिली गई है। इससे केन्द्रो पर वैक्सीन के मामले में तेजी आयेगी। जिले के मण्डलीय चिकित्सालय, 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों समेत 326 उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर वैक्सीन लगाने का कार्य किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्साधिकारी समेत सभी स्वास्थ्य कर्मियों को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है। जिले के सभी केन्द्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों को स्पष्ट निर्देश है कि मास्क और सेनेटाइजर का प्रयोग करेंगे और बिना मास्क के केन्द्र पर प्रवेश वर्जित होगा। एक व्यक्ति का वैक्सीन लगने के बाद ही दूसरे व्यक्ति को कमरे में जाने दिया जायेगा।

टीकाकरण प्रबन्धक मायाशंकर मिश्र ने बताया कि अभीतक जिले में 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों 2564896 को प्रथम डोज, द्वितीय डोज 2245789 लोगों को द्वितीय डोज व 12 से 14 उम्र के 185788 लोगों को प्रथम डोज व द्वितीय डोज से 98578 लोगों को लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही 15 वर्ष से 17 वर्ष के उम्र के लोगों में प्रथम डोज 214568, द्वितीय डोज 187425 लोगों को ही द्वितीय डोज दिया गया है और अब 2145678 लोगों को प्रिकाशन डोज से भी आच्छादित किया जा चुका है।

# मतदाता जागरूकता संबंधी नाट्य प्रस्तुत किया

**ऊंचाहार।** कस्बा स्थित डा. अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एसडीएम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एसडीएम ने बच्चों समेत मौजूद अभिभावकों व अध्यापकों को मतदान करने की शपथ दिलाई। बुधवार की दोपहर आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम आशीष मिश्र, तहसीलदार अजय गुप्ता व नायब तहसीलदार सत्याराज ने कस्बा के पीजी कॉलेज पहुंचे। जहां बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम ने मौजूद छात्र एवं छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। कालेज के छात्र छात्राओं आकाश कुमार, रिंकू, भानू प्रताप सिंह, मानसी, जान्हवी, लाजो मौर्य, मरियम बानो, शबाना निशा, कोमल वर्मा, निधि यादव, नेहा यादव, खुशी व आंचल मौर्य ने मतदाता जागरूकता संबंधी नाट्य प्रस्तुत किया। जिसमें सोच समझकर निष्ठावान व्यक्ति चुनाव करने तथा अपने एक मत की ताकत का एहसास कराया।

# सुभाष महोत्सव के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

● सुभाष के महान तप से मिली आजादीः इन्द्रेश कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी


**नेताजी सुभाष चन्द्र बोस** के 126वें जन्मदिन के अवसर पर विशाल भारत संस्थान द्वारा 6 दिवसीय सुभाष महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के चौथे दिन सुभाष भवन, इन्द्रेश नगर, लमही में भारत की आजादी में आजाद हिन्द सरकार के साथ अन्य देशों का योगदान जापान के विशेष संदर्भ में, विषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

मुख्यवक्ता इन्द्रेश कुमार ने कहा कि अखण्ड भारत की आजादी का पूरा खाका सुभाष के पास था। आजाद हिन्द सरकार को जब 10 देशों ने मान्यता दे दी तो सुभाष ने वैधानिक तरीके से भारत को आजाद कराने की शपथ ली। उन्होंने शपथ लिया था में सुभाष चन्द्र बोस अपने जीवन की अंतिम सांस तक आजादी की पवित्र लड़ाई जारी रखूंगा। मैं सदैव भारत का सेवक रहूंगा और 38 करोड़ भाई-बहनों के कल्याण को अपना सर्वोच्च कर्तव्य समझूंगा। नेताजी के इस शपथ ने हिन्दुस्तान को आजादी दिलाई। यह सत्य है कि सुभाष होते तो देश कभी न बंटता। देश के विभाजन से बड़ी क्या त्रासदी हो सकती है। लाखों की हत्या और करोड़ों का बेघर होना आज तक तकलीफ दे रहा है।

मुख्य अतिथि डॉ के सिरि सुमेधा थेरो ने कहा कि आज देश में दो नाम हैं एक राष्ट्रपिता जो 1942 में सिंगापुर से आजाद हिन्द रेडियो से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने महात्मा गांधी के लिये घोषणा की थी। दूसरा नेताजी जिनके जन्मदिवस को भारत ने पराक्रम दिवस के नाम से घोषित किया है।

# मृतक के परिजन से मिलने पहुंचे सपा के राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह

**चंदौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनोज कुमार सिंह डब्लू बुधवार को दिघवट गांव के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने बालिका इंटर कालेज के जर्जर भवन ढहने के कारण मलबे में दबकर मृत नीरज के परिजनों से मिले। उन्होंने घटना को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। साथ ही एसडीएम सकलडीहा से बातचीत कर मृतक के भाई रणजीत को संविदा पर नौकरी दिए जाने के बाद प्रक्रिया की जानकारी तलब की। मनोज सिंह डब्लू ने डीएम ईशा दुहन पर दिघवट की जनता व पीड़ित परिवार को दिए गए वादे से मुकरने का आरोप लगाया और बताया कि जिस तरह एसडीएम सकलडीहा मनोज पाठक द्वारा मृतक के भाई को संविदा पर नौकरी देने के संबंध में जानकारी दिया है उससे यह स्पष्ट है कि जिला प्रशासन पीड़ित परिवार को संविदा पर नौकरी देने के मूड में नहीं है। यदि ऐसा था तो जिलाधिकारी चंदौली को धरना-प्रदर्शन करने वाली जनता के समक्ष मदद का



भरोसा नहीं बंधाया चाहिए। सरकार का जनता से भरोसा उठ चुका है, लेकिन ऐसे में जिलाधिकारी द्वारा भी जनता से वादाखिलाफी कर उनकी भावनाओं को आहत करने का काम किया गया तो सवाल यह उठता है कि जनता किस पर भरोसा जताए, किससे उम्मीदें पालें। कहा कि दिघवट की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है।

घटना के बाद सांसद, विधायक या किसी भी मंत्री ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त नहीं की। ऐसे में डीएम चंदौली के आश्वासन व एसडीएम सकलडीहा के बयान में भारी विरोधाभास से जनता का मन आहत हुआ है। गणतंत्र दिवस के बाद 27 जनवरी को डीएम से मुलाकात की जाएगी। यदि जिला प्रशासन पीड़ित परिवार की मदद से पीछे हटा तो समाजवादी पार्टी जनहित में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान सपा छात्र नेता अंकित यादव, नंदन कुमार राय भी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रदर्शनी आयोजित मुख्य विकास अधिकारी ने किया शुभारम्भ

## ● लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए निर्वाचन में बड़ी संख्या में भागीदारी हो सुनिश्चितः सीडीओ



**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि ने छात्र और युवाओं का आह्वान किया है कि वे मतदान की प्रक्रिया में अपने आसपास के लोगों को शामिल होने के लिए प्रेरित करें। गिरि ने आज यूईंग क्रिश्चियन कालेज गऊघाट प्रयागराज में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय जन जागरूकता प्रचार अभियान का शुभारम्भ करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए निर्वाचन की प्रकिया में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरी इलाका में मतदान के प्रतिशत में गिरावट चिंता का विषय है। मतदान दिवस के दिन राष्ट्रव्यापी जन जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए किया जाता है। मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी का उल्लेख करते हुए कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी सभी के लिए बहुत उपयोगी है। विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने साथियों को इस प्रदर्शनी को देखने के लिए प्रेरित करें। गिरी ने आजादी का अमृत महोत्सव और मतदाता जागरूकता जागरूकता कार्यक्रम व चित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से गिरि को स्मृति चिह्न व अंगवस्त्रम भेट कर सम्मानित किया गया। गिरि की उपस्थिति में छात्र छात्राओं को मतदान प्रक्रिया में हिस्सेदारी के लिए शपथ भी दिलायी गयी। समारोह के विशिष्ट अतिथि और वक्ता ब्यूरो निवर्तमान संयुक्त निदेशक सुनील कुमार शुक्ला ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों और गणराज्य को लोगों की जन जागरूकता के बल पर ही मजबूत किया जा सकता है। चुनावों में अधिकाधिक संख्या में मतदान प्रक्रिया में भागीदारी से ही लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थाओं को ताकत मिलती है। स्वतंत्रता संग्राम के नायकों ने जो धरोहर हमें सौपा है उसे अक्षुण्य रखने की जिम्मेदारी सभी नागरिकों विशेषकर युवाओं की है। ब्यूरो के उपनिदेशक आरिफ रिजवी ने शुक्ल सहित अन्य अतिथियों को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। ईसीसी के प्राचार्य डा ए एस मोज़ेज ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मतदाता दिवस पर प्रकाश डाला।

## मंडलायुक्त ने कहा अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें

**अयोध्या।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयुक्त अयोध्या मण्डल गौरव दयाल ने आयुक्त कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु मतदाता शपथ दिलाई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे की शपथ दिलायी। अपर आयुक्त प्रशासन, अपर आयुक्त न्यायिक राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी संयुक्त विकास आयुक्त अरविंद चंद्र जैन सहित अन्य आयुक्त कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# प्रमुख सचिव न्याय ने महाधिवक्ता भवन का किया औचक निरीक्षण

## ● साफ सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को ठीक कराये जाने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**प्रमुख सचिव** न्याय प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को महाधिवक्ता भवन अम्बेडकर भवन का औचक निरीक्षण किया। विशेष सचिव एवं अपर विधि परामर्शी उत्तर प्रदेश शासन विधि कोष्ठक उच्च न्यायालय राधे मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार बुधवार को प्रमुख सचिव न्याय एवं विधि परामर्शी उत्तर प्रदेश शासन पी के श्रीवास्तव की उपस्थित में संजय कुमार वर्मा एवं अतुल सिंह विशेष सचिव न्याय न्याय विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राज्य विधि अधिकारी कार्यालय उच्च न्यायालय अम्बेडकर भवन इलाहाबाद का औचक निरीक्षण किया। भवन में बायो मैट्रिक सिस्टम चालू हालत में मिला। कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया। कार्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों को समय से कार्यालय आने का निर्देश दिया गया है।

भवन के प्रथम तल में स्थित लेखा अनुभाग के अभिलेखों का रख रखाव सही नहीं पाया गया। अभिलेख आलमारियों के ऊपर रखे गये है। प्रकाश की व्यवस्था ठीक नहीं है। लोक निर्माण विभाग के विद्युत यांत्रिक विभाग को निर्देशित किया गया कि बाहर की वायरिंग को अंदर से करें और भवन में रोशनी की समुचित व्यवस्था करें। प्रथम तल के सीढ़ी के बगल लिफ्ट के पास निष्प्रयोज्य सामान रखा है। उसे हटाया जाये। एसपीओ कार्यालय में साफ सफाई नहीं है। दूसरे और तीसरे मंजिल में पत्रावलियों का रख.रखाव ठीक नहीं पाया गया। चारों तरफ गंदगी है। सीढ़ी पर गंदगी पायी गयी। प्रकाश की व्यवस्था सहीं नहीं है। बेल अनुभाग में स्टाफ की कमी की बात कर्मचारियों ने की। जिसे दुरूस्त करने के लिए कह दिया गया है। चतुर्थ मंजिल में रैक व आलमारी पर्याप्त पायी गयी। परंतु पत्रावलियां फर्श और मेज पर रखी हुयी पायी गयी। इसे सही ढंग से रखे जाने हेतु निर्देश दिया गया है। चौथे फ्लोर पर बीड आउट पत्रावलियां रखी है। इसे हटवाया जाये। ऊपरी मंजिलों में राज्य विधि अधिकारी कार्यालय के व्यवस्था अधिकारी के साथ जाकर निरीक्षण किया गया। कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा बतायी गयी समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में आवश्यक निर्देश गए हैं।

# लोकतंत्र को जीवन्त बनाये रखने के लिए मतदान जरूरीः डीएम



**अयोध्या।** डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की जनपदवासियों की शुभकामनायें देते हुये कहा कि अमर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान के फलस्वरूप 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी प्राप्त हुई तथा 26 जनवरी 1950 को संविधान के अंगीकृत करने से एक दिन पहले 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना की गयी। इस उपलब्धि एवं महत्व को भूल न जायें इसलिए 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी वयस्क मतदाताओं (जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है) को अपने.अपने मताधिकार का अवश्य करना चाहिए। मतदान का प्रयोग तार्किक रहकर बिना किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आये उपलब्ध विकल्पों में से सबसे बेहतर विकल्प/ जन प्रतिनिधि का चयन करना चाहिए। यदि हम अपने मौलिक कर्तव्यों का अनुपालन करते है तो बेहतर कर सकते है। लोकतंत्र को जीवन्त बनाये रखने तथा दिनों दिन मजबूत बनाने हेतु सभी मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आये बिना अपने मताधिकार का प्रयोग जरूरी है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। शुभारंभ डीएम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मिश्रीलाल आर्य कन्या इंटर कॉलेज टांडा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अकबरपुर, नेशनल इंटर कॉलेज जलालपुर, बाबू भगवान लाल आदर्श इंटर कॉलेज पेठिया, जय बजरंग इंटर कॉलेज रामनगर तथा अन्य विद्यालय के छात्र.छात्राओं द्वारा रंगोली कार्यक्रम, पोस्टर पेंटिंग, सरस्वती वंदना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता तथा अन्य कार्यक्रम किया गया। डीएम द्वारा रंगोली और पेंटिंग का अवलोकन किया गया। डीएम द्वारा छात्र.छात्राओं द्वारा किए गए कार्यक्रमों की प्रशंसा की गई। मतदाताओं द्वारा लिया जाने वाला शपथ डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा एडीएम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सदानंद गुप्ता, एसडीएम सदर पवन कुमार जायसवाल, एएसडीओ मोहनलाल गुप्ता, तहसीलदार अकबरपुर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी।

# बीमा आपके जीवन का मजबूत आधार हैः राम कुमार

## ● बीमा के क्षेत्र में रोजगार और वित्तीय सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के महिला अध्ययन केंद्र व महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ तथा एक्टिविटी क्लब के अंतर्गत महिला विस्तार गतिविधि के तहत विवि द्वारा गोद लिए हुए गांव माधवपुरए अयोध्या में ष्बीमा के क्षेत्र में रोजगार और वित्तीय सुरक्षाष् विषय पर मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एलआईसी सलाहकार सदस्य व एमडीआरटी क्लब के राम कुमार गुप्ता रहे। ग्रामवासियों को बीमा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि सभी को अपने भविष्य के लिए छोटी.छोटी बचत अवश्य करनी चाहिए। इससे पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति आसानी से किया जा सकता है। उन्होंने दो पहिया या चार पहिया वाहन बीमा के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कहा कि वाहन का बीमा निरन्तर कराते रहना चाहिए। क्योंकि वाहन बीमा होने से आपकी एवं अन्य की क्षतिपूर्ति बीमा कम्पनियों द्वारा आसानी से किया जा सकता है। बीमा आपके जीवन का एक मजबूत आधार है। क्योंकि जीवन बीमा इंसानों के जीवन की अस्थिरता, विकलांगता, रिटायरमेंट की स्थिति में एक वित्तीय सुरक्षा कवर प्रदान करता है। आजकल जीवन की विभिन्न संकटपूर्ण परिस्थितियों से निपटने के लिए बीमा कंपनियों के पास कई बीमा पॉलिसियां हैं। जिसमें जीवन बीमाए यात्रा बीमाए वाहन बीमा, स्वस्थ्य बीमा तथा गृह बीमा है। इनके अवसरों का लाभ सभी को उठाना चाहिए। महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो. तुहिना वर्मा ने ग्रामवासियों का स्वागत करते हुए कहा कि बीमा के क्षेत्र में रोजगार के अनेक अवसर है। इसका लाभ सभी उठा सकते है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी द्वारा किया गया। ग्राम प्रधान ऋषिकेश वर्मा, डॉ. महिमा चैरसिया, डॉ. मनीषा यादव, डॉ. स्नेहा पटेल, वल्लभी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### सीएचसी भिनगा में हृदय रोगियों के लिए लगेगा मेगा कैंप

**श्रावस्ती।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिनगा में शुक्रवार को हृदय रोगियों के लिए मेगा कैंप का आयोजन होगा। इस कैंप में हृदय रोगियों की जांच के साथ मुफ्त इलाज होगा। कैंप का आयोजन चरक हॉस्पिटल लखनऊ व रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में किया जाएगा। श्रावस्ती में अभी तक कोई भी हृदय रोग विशेषज्ञ नहीं है इसीलिए इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी शाखा श्रावस्ती की पहल पर चरक हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार मेगा हृदय रोग जांच व इलाज का कैंप आयोजित होगा। यह कैंप सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा। इसका पंजीकरण सुबह आठ बजे से प्रारंभ होगा। कैंप का शुभारंभ जिलाधिकारी/ अध्यक्ष इंडियन रेडक्रास सोसायटी नेहा प्रकाश द्वारा किया जायेगा। इस बारे में और अधिक जानकारी देते हुए रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन अरुण मिश्र ने बताया कि जिले में रेड क्रॉस का यह पहला प्रयास है। जिसमें लखनऊ के बड़े हृदय रोग विशेषज्ञ जिले में निशुल्क इलाज के लिए आ रहे हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भीटी अंबेडकरनगर।** महरुआ थाना क्षेत्र के बरामदपुर जरियारी कुड़ी में रविंद्र कुमार यादव पुत्र स्वर्गीय रामसूरत यादव बुधवार को लगभग 3.00 बजे से फांसी लगाकर लटक गए इसकी सूचना परिजनों ने तत्काल थाना अध्यक्ष गजेंद्र विक्रम सिंह को दी गजेंद्र विक्रम सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं रविंद्र यादव के तीन पुत्री साथी 12 वर्ष श्रेष्ठ नवतर्ष पलक 5 वर्ष की है वही पत्नी सुमन व माता का रो रो कर बुरा हाल है तथा बहन पूजा का भी रो रो कर बुरा हाल है जबकि घर में अकेला मालिक था जोकि किसी तरह मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था सूत्रों से पता चला कि पत्नी से अनबन होने के कारण ऐसा कदम उठाया और अपने बच्चों को छोड़ कर जीवन लीला को समर्पित कर दिया वही तीन पुत्री वह पत्नी तथा माता एवं वाहन के ऊपर से घर का मालिक चला गया वही घर के दूसरे तल्ले पर वह गमछे से लकड़ी में गमछा बांधकर लटक गया परिजनों ने उसको उतार लिया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी वहीं पत्नी सुमन यादव ने महरुआ थाने पर फांसी की सूचना दी तथा तहरीर दी थाना अध्यक्ष गजेंद्र विक्रम सिंह ने लाश को मर्चरी हाउस भेज दिया।

### चित्रकला प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह

**अयोध्या।** अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय एवं आर्ट गैलरी (संस्कृति विभाग उप्र) के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस एवं बसन्त पंचमी के पूर्व संध्या पर गंगा.यमुना का महत्व संस्कृति की दृष्टि से विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. स्वाति सिंह, सहायक आचार्य, क्षेत्रीय भाषा विभाग, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि, अयोध्या, उपनिदेशक योगेश कुमार तथा कार्यक्रम संयोजक स्वदेश संस्थान व सागर कला भवन, अयोध्या के निदेशक, एसबी सागर प्रजापति एवं डॉ दिव्या शुक्लाए व वरिष्ठ लेखाकार मनीराम, अंजू श्रीवास्तव के द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करके किया गया। प्रतियोगिता में सागर कला भवन, अयोध्या, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विवि अयोध्या, यश विद्या मंदिर, अयोध्या, जेबी एकाडमी आदि संस्थाओं/ विद्यालय से कुल 70 छात्र/छात्राओं एवं कला साधकों ने प्रतिभाग किया।

### स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** थाना इब्राहिमपुर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 ग्राम नशीला पदार्थ स्मैक बरामद कर युवक के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान भेज दिया है। उपनिरीक्षक हमराही सिपाहियों के साथ ग्राम डॉड़ी के पास गश्त पर थे कि मुखबिर द्वारा सटीक सूचना पर मुजाहिदपुर मोड़ के पास से युवक को पकड़ लिया जिसके पास से स्मैक बरामद हुआ।युवक ने अपना नाम नीलेश वर्मा पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम मुजाहिदपुर बताया। धारा 8/21 नारकोटिक्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### रौनाही टोल प्लाजा पर हुआ स्वागत

**अयोध्या।** अयोध्या पहुंचने से पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी का रौनाही टोल प्लाजा पर भाजपा नेता कप्तान सिंह जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नए पप्पू दूबे की अगुवाई में सहित सैकड़ो कार्यकताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता की उपजिलाधिकारी टाण्डा दीपक वर्मा ने कर्मचारियों व अधिवक्ताओं को शपथ दिलाई। विद्यालय के बच्चों की एक जागरूकता रैली को तहसील से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## सभी जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी जुट जाएं अभियान परः भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**अयोध्या।** स्नातक एमएलसी को लेकर भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि चुनाव में सभी जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपनी है। प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रियता जरुरी है। युद्ध स्तर पर अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, शिक्षकों व समाज के प्रबुद्ध वर्ग से सम्पर्क स्थापित करना प्रारम्भ कर दें। प्रत्येक मतदान केन्द्र को आधार बनाकर हमें प्रचार करना है। व्यापक कार्ययोजना तैयार की जाय। केन्द्र व प्रदेश की उपलब्धियों की जानकारी मतदाताओं को प्रदान करें। चुनाव प्रचार में सामूहिकता का समावेश हो। कार्यक्रम की शुरुवात पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन के माध्यम से किया। महानगर अभिषेक मिश्रा ने महानगर व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने जिला की उपस्थिति व वृत्त दिया। प्रदेश महामंत्री व एमएलसी अनूप गुप्ता, सांसद लल्लू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, अमित सिंह चौहान, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, एमएलसी हरिओम पाण्डेय, जिला प्रभारी पद्मसेन चौधरी, महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्र, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय, बाकें बिहारी मणि त्रिपाठी, अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल, राघवेन्द्र पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी, सर्वजीत सिंह, दिनेश वर्मा, शत्रुहन मोदनवाल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस समारोह आज आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

**प्रयागराज।** गणतंत्र दिवस पर आज कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। टाटा टी का प्रमुख ब्रांड टाटा टी प्रीमियम देश की चाय शुरू कर रहा है। देश की झांकी पहल जिसमें एक इमर्सिव गणतंत्र दिवस परेड के ज़रिए हमारे राज्यों के समृद्ध योगदानों को दर्शाकर इंडिया 75 का जश्न मनाया जा रहा है। ब्रांड की हाइपर लोकल नीति के अनुसार इस नए कैम्पेन में थ्रीडी झांकियों के तीन सौ साठ डिग्री व्ह्युइंग के ज़रिए इमर्सिव अनुभव का आनंद मिलेगा। इसमें प्रभावशाली नरेटिव को भी जोड़ा गया है जो भारत के राज्यों से जुड़ी महत्त्वपूर्ण घटनाओं को हमारे सामने जिवंत करता है। उत्तर प्रदेश की झांकी में ताज महल और बनारस के घाटों को दिखाया गया है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के पैकेज्ड बेवरेजेस इंडिया एंड साउथ एशिया के प्रेसिडेंट पुनीत दास ने कहा टाटा टी प्रीमियम देश की चाय को देश की झांकी पहल को शुरू करते हुए बहुत ही ख़ुशी हो रही है। वर्चुअल थ्रीडी गणतंत्र दिवस परेड में हम देश भर से क्षेत्रीय विशेषताओं को सम्मानित कर रहे हैं। उपभोक्ताओं को सबसे अलग अभूतपूर्व और इमर्सिव अनुभव प्रदान करना हमारे ब्रांड की प्रमुख सोच रही है। ऐसे ही कई नए और अनूठे कैम्पेन्स के ज़रिए हमने हमारे उपभोक्ताओं को जोड़े रखा है। डिजिटल स्टोरीटेलिंग और आधुनिकतम प्रौद्योगिकी की शक्ति का इस्तेमाल करते हुए हम आम लोगों के दिलों तक पहुंचते हैं। भारतीय संस्कृति समृद्ध परंपराओं और देश भर की विशेषताओं को दर्शाकर भारत का सम्मान करने के हमारे प्रयासों का यह और एक सबूत है। इस पहल में हम इन सभी को बहुत ही प्रभावशाली तरीके से प्रदर्शित कर रहे हैं।

## 74वें गणतंत्र दिवस पर जगायेंगे देशभक्ति की भावना

**प्रयागराज।** हमारे दिलों में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए पूरा देश अपना 74वें गणतंत्र दिवस मनाने के लिए एक बार फिर पूरी तरह से तैयार है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शेयरचैट भारत के इस शुभ अवसर को धूमधाम से मनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। शेयरचैट ने इक्कीस से 26 जनवरी की सुबह दस बजे से भारत के लाखों यूजर्स के बीच खुशी और राष्ट्रवाद की भावना का जश्न मनाने के लिए छह दिवसीय कैंपेन माई इंडिया माई प्राइड का आयोजन किया है। जिसमे वर्चुअल परेड ऑडियो गेम्स स्टोरी टेलिंग ट्रिविया तथा और भी बहुत कुछ शामिल है।

# इफको फूलपुर किसानों की भरोसेमंद संस्था



**प्रयागराज।** 1967 में, लगभग 57 भारतीय सहकारी समितियों ने मिलकर इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड का गठन कियाए जिसे विश्व की नंबर 1 उर्वरक सहकारी समिति के रूप में जाना जाता हैए जिसका उद्देश्य भारतीय किसानों की बेहतरी और देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इफ्को ने देश भर में पांच अत्याधुनिक उर्वरक निर्माण संयंत्र स्थापित किये हैं। इफ्को भारत में लगभग 32: फॉस्फेरिक और 21: नाइट्रोजन उर्वरकों की मांग का योगदान देता है और इफ्को ने इस वर्ष विश्व सहकारी मॉनिटर, आईसीए द्वारा दुनिया के शीर्ष 300 सहकारी समितियों में प्रथम स्थान पर है।

आज, इफको ओमान, दुबई और जॉर्डन में संयुक्त उद्यमों के साथ एक बहु.राष्ट्रीय कंपनी है। उर्वरकों के अलावा, इफ्को ने सामान्य बीमाए पशुधन पोषण, ग्रामीण ई.कॉमर्स, एसईजेड, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, खाद्य प्रसंस्करण और ई.बाजार जैसे क्षेत्रों में विविधीकरण किया है। हमारे माननीय प्रधान मंत्री द्वारा निर्धारित किसान की आय को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। इफ्को पीएम के सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण के लिए भी प्रतिबद्ध है और देश भर में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए समर्पित है। इफ्को ने दुनिया का पहला नैनो उर्वरक, इको नैनो यूरिया विकसित किया और रासायनिक उर्वरक के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से व्यावसायिक रूप से पेश कियाए जो टिकाऊ कृषि की दिशा में एक बड़ा कदम है। इफ्को के नैनो यूरिया को माननीय प्रधान मंत्री की पहल आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर कृषि को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर डीएम ने दिलाई शपथ



प्रमाण पत्र देते जिलाधिकारी।

**संतकबीरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में 13वें 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' समारोह का आयोजन हीरालाल इण्टर कॉलेज के प्रांगण में किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह व उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने 13वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारीगण, छात्र/छात्राएं एवं अन्य लोगो को शपथ दिलाया गया तथा राष्ट्रीय मतदात जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखा कर किया गया रवाना। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारीगण, छात्र/छात्राओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाया– 'हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके एवं पहली बार मतदान प्रक्रिया में भाग ले रहें छात्र/छात्रां एवं मतदाताओं को मतदान करने तथा उन्हें स्वयं मतदान करने एवं परिवार के अन्य सदस्यों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आज 13वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बूथों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 बीएलों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस को यादगार बनाने तथा मतदाताओं के उत्साहबर्धन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा हवा में गुब्बारे भी छोड़े गये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली आज हीरालाल इण्टर कॉलेज से आजाद चौक तक निकाली गयी।

# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर एसपी ने इंडो-नेपाल बॉर्डर का किया भ्रमण



**श्रावस्ती। सिरसिया।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह ने सिरसिया थाना क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे भारतीय गांव सुइयां, ताल बघौड़ा, भरथा, रोशन गढ़, असनहरिया, तुरुष्मा, शंकरपुर, सधईपुरवा का पुलिस व एसएसबी के जवानों के द्वारा की जा रही चेकिंग का निरीक्षण कर उनके साथ पैदल गस्त किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत सभी को विशेष सतर्कता बरतते हुए आने जाने वाले लोगो की चेकिंग करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम मदार गढ़ पहुंचकर जनमानस से वार्तालाप कर लोगो को सुरक्षा का एहसास दिलाया। इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद की सीमाओं के साथ ही साथ नेपाल राष्ट्र की सीमाओं पर संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की चेकिंग की जा रही है।

# डीएम ने दिलाई खिलाड़ियों को मतदान की शपथ



**बस्ती।** तेरहवे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर डीएम प्रियंका निरंजन ने शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्टस स्टेडियम में युवा मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाया। कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बगैर सभी निर्वाचनों में मतदान करेंगे। कहा कि विश्व के अन्य देशों से लोग भारत में मतदान प्रक्रिया का अध्ययन करने के लिए आते है। तमाम देशों में भारत निर्वाचन आयोग मतदान कराने में सहयोग करता है। यह हमारे लोकतंत्र की मजबूती दर्शाता है। हमारे देश में एक व्यक्ति एक मत का अधिकार प्राप्त है। सभी के मतों का मूल्य समान है। उन्होने बताया कि 17 से 18 वर्ष आयु के युवा मतदाता बनने के लिए अपना रजिस्टेªशन करा सकते है तथा 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा वर्ष में चार बार मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते है।

इस अवसर पर उन्होने नये मतदाता बने संजना, आर्य, अंकुश, समीना खातून, अंगद कुमार, शैलेश, दिव्या, पूनम, पूॅजा तथा रंजना को प्रसंशा पत्र प्रदान किया। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ब्लाक शिक्षा अधिकारी बनकटी अरूण यादव को सर्वाधिक मतदाता बनाने के लिए प्रसंशा पत्र दिया।

डीएम ने सर्वाधिक मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक कराने के लिए सुपरवाईजर शैलेन्द्र यादव, शीला प्रजापति, शशांक सिंह, अमित पटेल, रविन्द्र कुमार, अरूण श्रीवास्तव को प्रसंशा पत्र दिया। विकास भवन में सीडीओ डा. राजेष कुमार प्रजापति की ओर से ष्पथ दिलाया गया। इस मौके पर डीडीओ अजीत कुंमार श्रीवास्तव, डीसी एनआरएलएम राम दुलार सहित अन्य मौजूद रहे। इसके पूर्व राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राजकीय इण्टर कालेज से जागरूकता रैली निकाली गयी, जिसमें राजकीय बालिका इण्टर कालेज, राजकीय बालक इण्टर कालेज, किसान इण्टर कालेज, बेगम खैर गर्ल्स इण्टर कालेज, खैर बालक इण्टर कालेज के छात्र–छात्राओ ने भाग लिया। स्टेडियम के कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका पूर्णिमा श्रीवास्तव ने किया।

# अब दर-दर भटक रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की दुल्हन!

**संवाददाता।** सीतापुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से शुरू की गई मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का असल उद्देश्य तो गरीब निराश्रित युवक युवतियों को सरकारी संरक्षण एवं खर्च से परिणय सूत्र में बांधने का था, लेकिन कहीं कोटा पूरा करने की बंदिश तो कहीं लापरवाही या मिली भगत ने तमाम जगह पर इस नेक योजना को पलीता लगा दिया। जिम्मेदारों की लापरवाही का एक ऐसा ही मामला सीतापुर जिले के रामपुर कलां थाना क्षेत्र से सामने आया है। यहां पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की लाभार्थी एक विवाहिता ने अपने पति की पूर्व से ही

- पति पर पहले से ही विवाहित होने का आरोप, दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप
- थाने से लेकर महिला आयोग तक दौड़ के बाद भी नहीं मिला इंसाफ

दो पत्नी और होने का आरोप लगाया हैं मामला दहेज प्रताड़ना का है। पीड़िता का आरोप है कि पति के उत्पीड़न से निजात दिलाने के लिए वह थाना, एसपी आफिस से लेकर महिला आयोग तक चक्कर काट-काट कर परेशान हो चुकी है, लेकिन उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। थाना रामपुर कलां की ग्राम कंदुनी निवासी आरती गौतम का आरोप है कि बिसवां में करीब दो साल पहले आयोजित हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम में उसकी शादी रामपुर कलां थाना क्षेत्र के ही अरविंद पुत्र रामअवतार के साथ हुई थी, जिसके बाद पति के घर में दोबारा शादी कराई गई, जिसमें दहेज भी लिया गया। कुछ समय बाद उसे पता चला कि अरविंद की दो अन्य पत्नियां पहले से हैं। आरोप है कि उसे दहेज के लिए मारा पीटा जाता है, इस प्रताड़ना से बचाने के लिए वह थाने से लेकर महिला आयोग तक फरियाद कर चुकी है, जिसके बाद मुकदमा तो दर्ज हुआ लेकिन कार्रवाई की जगह पर उसे धमकियां मिल रही हैं।

# खाकी का बढ़ेगा मान, जब गणतंत्र दिवस पर मिलेगा सम्मान!

**संवाददाता।** सीतापुर

**जब** खाकी में सजे चौड़े सीने पर गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मेडल सजेगा तो गर्व की अनुभूति का समा कुछ और ही होगा। इस गणतंत्र दिवस पर सीतापुर में जेल और नागरिक पुलिस के करीब 40 अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा, इनमें पीआरवी पर तैनात 3 होमगार्ड भी शामिल हैं। सीतापुर जिले के जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह को डीजी जेल आनंद कुमार द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। यह पदक उन्हें कारागार में अच्छी सेवाओं के लिए मिलने जा रहा है। उन्होंने प्रदेश के 6 जेल अधीक्षकों में यह स्थान हासिल किया है। इससे पूर्व वर्ष 2006 में बागपत में तैनाती के दौरान वह रजत पदक, हासिल कर चुके हैं, साथ ही वर्ष 2021 में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भी उन्हें विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया था। इसके अतिरिक्त जेल के आरक्षी चालक लोकेंद्र शर्मा और कल्याण चंद को भी डीजी जेल ने सिल्वर मेडल से सम्मानित किया है।

यूपी के पुलिस मुखिया डीएस चौहान ने पहली बार उत्कृष्ट विवेचना के लिए प्रदेश में तीन प्रभारी निरीक्षकों को सम्मानित किए जाने की व्यवस्था लागू की है। सीतापुर के कमलापुर थाने में तैनात इंस्पेक्टर राजकरन शर्मा ने इसमें दूसरा स्थान प्राप्त किया है, उन्हें 35 हजार रुपए नगद और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इसके अलावा कोतवाली देहात में तैनात सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र बहादुर सिंह और रेडियो शाखा में सब इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार सिंह तथा आरक्षी रामप्रसाद को भारत सरकार के ग्रह मंत्रालय का उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान

- जेल अधीक्षक सहित आधा दर्जन से ज्यादा पुलिस इंस्पेक्टर होंगे सम्मानित
- सराहनीय कार्य व सेवाओं के लिए विभिन्न पदक किए जाएंगे प्रदान
- जेल अधीक्षक को मिलेगा स्वर्ण पदक
- सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र बहादुर सिंह और अखिलेश कुमार सिंह को मिलेगा भारत सरकार का पदक

किया जाएगा। सब इंस्पेक्टर मो. रफीक को पुलिस महानिदेशक के उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। सीतापुर शहर कोतवाली के इंस्पेक्टर तेज प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर तालगांव संतोष कुमार, इंस्पेक्टर महोली अनूप कुमार शुक्ला, इंस्पेक्टर महमूदाबाद विजयेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष रामपुर कलां जितेंद्र सिंह, निरीक्षक जय प्रकाश यादव, स्वाट सर्विलांस टीम निरीक्षक सत्येंद्र विक्रम सिंह, प्रभारी यातायात फरीद अहमद के नाम भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित होने वालों की इस सूची में शामिल है। इसके अतिरिक्त सब इंस्पेक्टर रेडियो हरिप्रकाश सिंह, कंप्यूटर आपरेटर सुमित कुमार शर्मा, किशोर चंद्र पारासर, कुलदीप विमल, शुभम राठौर, नवनीत सिंह, प्रमोद कुमार, महिला आरक्षी तनुजा यादव, आरक्षी नृपेंद्र प्रताप सिंह, परिवार परामर्श कांउसरल रेखा देवी और माण्डवी मिश्रा, थानागांव के आरक्षी धर्मेंद्र कुमार, साइबर सेल से आरक्षी रोहित कुमार और भूपेंद्र सिंह राणा तथा इसी टीम से मुख्य आरक्षी आनंद कुमार, उमेश मिश्रा और आरक्षी सुमित राघव, रवि वर्मा को भी सम्मानित किया जाएगा। इनके अलावा 112 पीआरवी के मुख्य आरक्षी जगदीश प्रसाद, सब इंस्पेक्टर रामप्रसाद, मुख्य आरक्षी मंसूर अली सिद्दीकी, महिला आरक्षी प्रियंका सागर, सुमन सरोज, माधुरी उपाध्याय, प्रीती यादव, मुख्य आरक्षी चालक ज्ञान चंद, मुख्य आरक्षी विमल कुमार, आरक्षी अजीत कुमार के अलावा होमगार्ड चालक विनोद शुक्ला, होमगार्ड चालक दिनेश कुमार और होमगार्ड चालक वीर सिंह वर्मा को भी पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान द्वारा गणतंत्र दिवस परेड के दौरान अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# उत्साह और उल्लास के साथ मना राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**बुधवार** को उत्साह, उल्लास, उमंग के साथ खीरी में जिला, तहसील, बूथ स्तर पर 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं को एपिक मतदाता पहचान पत्र सौगात मिली। बेहतरीन कामकाज वाले 40 बीएलओए आठ सुपरवाइजर, डायट, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा स्तर पर आयोजित मतदाता जागरूकता प्रतियोगिताओं में विजेताओं को सम्मानित किया गया।

जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में डीईओ/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का भव्य आयोजन हुआ।





जिसका शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह के साथ दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत में एडीएम संजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। डायट व कलाकर रामपाल निषाद ने मतदाता जागरूकता गीत गाया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों, नवीन मतदाताओं, स्कूली छात्र छात्राओं एवं आम नागरिकों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई। डीएम ने कहा कि हमें मतदान के मूल्यवान अधिकार का हमेशा सम्मान करना चाहिए। मतदान का अधिकार कोई साधारण अधिकार नहीं है। इसके लिए दुनिया भर के लोगों ने काफी संघर्ष किया है। आजादी के बाद से हमारे संविधान ने बिना किसी भेदभाव के सभी नागरिकों को समान मतदान का अधिकार दिया है। इसके लिए हम अपने संविधान निर्माताओं के ऋणी हैं। नोडल अधिकारी स्वीप एवं सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी महाविद्यालय, शिक्षण संस्थान कॉलेज एवं स्कूल स्तर पर बनाई गई इलेक्टोरल लिटरेशी क्लब, सभी कार्यालय में स्थापित किए गए वोटर अवेयरनेस फोरम एवं सभी बूथों पर बनाए गए बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से निरंतर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों को के अनुसार अनुपालन कराया जाए जिससे मतदाता दिवस मनाया जाने हेतु प्रतिवर्ष भारत निर्वाचन आयुक्त के निर्देशों की पूर्ति किया जा सके।

सीडीओ अनिल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2011 से हर साल 25 जनवरी को भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस यानी 25 जनवरी 1950 को पूरे देश में मनाया जाता है।

# सीतापुर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर प्रधान संगठन ने दिया ज्ञापन

**संवाददाता।** सीतापुर

**बाहर** पड़ रही रिमझिम बूंदों के बीच अखिल भारतीय प्रधान संगठन के बैनर तले जिला पंचायत के सभागार में जमा हुए ग्राम प्रधान खूब गरजे। इसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट तक मार्च निकालकर अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन डीएम प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे एसडीएम मिश्रिख अनिल कुमार को सौंपा।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जिले भर से प्रधान धरने में शामिल हुए इस दौरान प्रधानों ने कहा कि अखिल भारतीय प्रधान संगठन द्वारा 28 अक्टूबर 2021 को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में महारैली

- जिला प्रशासन के जरिए प्रधानमंत्री को भेजा है ज्ञापन
- सीएम योगी को 15 दिसंबर 2021 के आश्वासनों की दिलाई याद
- कलेक्ट्रेट में प्रधान संगठन ने दिखाई ताकत

का आयोजन कर अपनी मांगों को शासन के सामने रखा था।

इस क्रम में 15 दिसंबर 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधान संगठन के प्रतिनिधियों को बुलाकर उनकी मांगें सुनने के बाद कुछ मांगों को पूरी किए जाने का आश्वासन दिया था, इस दौरान संगठन के पूर्वी यूपी अध्यक्ष घनश्याम यादव, संध्या गिरी, मीनू वर्मा, सुंदरलाल तिवारी, सर्वेश मिश्रा, अवधेश कटियार, अतुल कुमार मिश्रा, मानवेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह, रूद्रप्रताप सिंह, कुनेंद्र यादव, उमेश अवस्थी, राकेश कुमार, मिथिलेश, गोविंद प्रसाद, नरपति, विजय कुमार, देवेंद्र त्रिवेदी, रंजीत, हरीशंकर, देवेंद्र सिंह, उमा यादव, अंजू वर्मा, ब्रजलाल सिंह, बलराम, धमेंद्र, कुंजबिहारी, बाबू लाल यादव, अनिल कुमार, महेश प्रसाद, उत्तम, रोशन लाल, राजेश कुमार मनोहर, अच्छे लाल, अतुल यादव आदि प्रधान व प्रधान प्रतिनिधिगण तथा भाकियू के रामसागर और आरती गौतम आदि मौजूद रहीं।

# पेंशनरों, नियोक्ताओं की समस्याओं का अब खीरी में ही होगा निराकरण : एडीएम

**लखीमपुर खीरी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठनए निजीए संगठित/असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है। उक्त आशय की जानकारी अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व संजय कुमार सिंह ने दी।

- हर माह की 27 तारीख को होगा निधि आपके निकट कार्यक्रम

सदस्यों/पेंशनरों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए निधि आपके निकट, पेंशन अदालत, वेबिनार आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम संगठन द्वारा चलाये जा रहे थे। हालांकि, ये कार्यक्रम अधिकतर उन जिलों तक ही सीमित थे जहां संगठन के कार्यालय स्थित हैं। ईपीएफ़ संगठन द्वारा अपनी सेवाओं का विस्तार करने की मंशा से सदस्यों को और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए अब प्रत्येक माह की 27 तारीख को, अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवसों में निधि आपके निकट डिस्ट्रिक्ट आउटरीच प्रोग्राम के रूप में शुरू करने का उच्च स्तर से निर्णय लिया गया है। एडीएम ने बताया कि निर्धारित तिथि को क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के परिक्षेत्र में आने वाले जनपद खीरी में कलेक्ट्रेट में स्थित ई-गवर्नेंस सेल, कमरा नंबर 14 में निधि आपके निकट का आयोजन करेगी। खीरी में निवास करने वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों/पेंशनरों, नियोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करेंगी।

# कृषि विभाग व लोक भारती के तत्वावधान में हुई प्राकृतिक खेती पर संगोष्ठी

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**कृषि** विभाग एवं लोक भारती के संयुक्त तत्वावधान में मोहम्मदी में प्राकृतिक खेती पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ उप्र प्राक्कलन समिति के सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह ने विधायक शशांक वर्मा, योगेश वर्मा, मंजू त्यागी ने किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने स्वयं भी प्राकृतिक खेती अपनाने का संकल्प लिया तथा उपस्थित कृषकों से भी प्राकृतिक खेती अपनाने का अनुरोध किया।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने संगोष्ठी की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता पर बताते हुए प्राकृतिक खेती को अपनाने की बात कही। गोशालाओं पर प्राकृतिक खेती से सम्बंधित जीवामृत ,घनजीवामृत



आदि तैयार करने हेतु निर्देशित किया। उप्र प्राक्कलन समिति सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए नित नए कदम उठा रही है। प्राकृतिक खेती से जुड़कर किसान अपने लिए न केवल समृद्धि के रास्ते खोल सकता बल्कि यह खेती किसानों के लिए वरदान साबित होगी। मुख्य वक्ता विजेंद्र पाल सिंह राष्ट्रीय संगठन मंत्री लोक भारती ने गन्ने के साथ सहफसलों पर विशेष जानकारी देते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर दिया। राष्ट्रीय सह.संगठन मंत्रीए लोक भारती गोपाल उपाध्याय ने रासायनिक खेती से मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को हो रहे नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा प्राकृतिक खेती के लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि बीजामृत, जीवामृत, बहमात्र, अग्निमात्र आदि प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग द्वारा प्राकृतिक खेती से गुणवत्तायुक्त कृषि उत्पादों के उत्पादन से देश में आर्थिक, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित होने से ही देश कृषि में आत्मनिर्भर बन सकेगा।

जनप्रतिनिधियों ने भी कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में हुई विभिन्न क्रांतियों की चर्चा करते हुए इंद्रधनुषीय क्रांति एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए टिकाऊ खेती की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। लोकभारती के जंपड सीतापुर के संयोजक कमलेश सिंह ने प्राकृतिक खेती में मल्च के प्रयोग एवम जीवामृत तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी। संगोष्ठी में सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने मोटे अनाज, मिलेट से निर्मित खाद्य सामग्री का लुत्फ उठाया। गोष्ठी के आयोजन में मुख्य भूमिका लोक भारती के जनपद संयोजक अतुल रस्तोगी ने निभाई।

# मोहम्मदी के सरैया में लगातार अलर्ट मोड पर है स्वास्थ्य विभाग: सीएमओ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मोहम्मदी** के मोहल्ला सरैया में बच्चों की मृत्यु के मामले में लगातार 12 दिन से स्वास्थ्य विभाग द्वारा समुचित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सभी बच्चों की जांच सहित दवाओं का वितरण किया जा रहा है। साथ ही नगर पंचायत द्वारा सफाई व्यवस्था भी करवाई जा रही है। बच्चों की मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग और उसकी सहयोगी संस्थाओं द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

- 5546 घरों का हुआ भ्रमण, 886 बच्चों को लगाए गए टीके, लिए गए 629 सैंपल

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन के क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीमों के द्वारा सरैया में बचाव हेतु टीमें गठित कर कार्रवाई की गई जो निरंतर जारी है। बुधवार तक सर्वे हेतु लगाई गई टीमों की संख्या 134 है। जिनके द्वारा 5546 घरों का भ्रमण किया गया है। टीकाकरण हेतु 94 टीमों के द्वारा कार्य किया गया एवं 886 बच्चों को टीका कृत किया गया। अब तक 629 सैंपल एकत्र किए गए। जिसमें मलेरिया के 335, डेंगू 271, चिकनगुनिया 27, कोविड-19 एंटीजन 315, कोविड.19 आरटीपीसीआर 345, मलेरिया हेतु बनाई गई स्लाइड 215 हैं जो कि सभी नेगेटिव हैं। 51 मरीजों के ब्लड सैंपल एकत्र किए गए। केजीएमसी लखनऊ भेजे सैम्पल में से 31 की रिपोर्ट मिल चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्थाओं डब्ल्यूएचओ यूनिसेफ और चाई के साथ ही एपिडेमियोलॉजिस्ट आईडीएसपी द्वारा पूरे क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर यह पता लगाने की कोशिश की गई है कि आखिर इन मृत्यु के पीछे क्या कारण है। लखनऊ भेजे गए सैंपलों में 4 मरीजों को लैप्टोस्पाइरोसिस का इन्फेक्शन होने की पुष्टि की गई है। मोहम्मदी के वार्ड सरैया में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सीएचसी अधीक्षक डॉ. मयंक मिश्रा द्वारा प्लान बनाकर टीकाकरण कार्य एवं दवा वितरण का कार्य निरंतर जारी है। वहां पर नगर इमाम से भी वार्ता कर सभी मस्जिदों से एवं अन्य धार्मिक स्थलों से आग्रह किया गया है कि वह वहां की आम जनता को भी साफ सफाई हेतु जागरूक करें एवं सभी छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण भी करवाएं। जिला प्रशासन तथा तहसील मोहम्मदी एसडीएम के द्वारा भी उक्त क्षेत्र का भ्रमण किया गया एवं साफसफाई हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया है। उक्त क्षेत्र में एंटी लारवा स्प्रे फागिंग आदि का भी कार्य करवाया गया है। जिस हेतु जनपद स्तर से जिला मलेरिया अधिकारी को निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग की सभी तैयारियां पूरी हैं और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है।

# प्रेस क्लब का स्थापना दिवस संपन्न

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)

**प्रेस** क्लब के सात वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में प्रथम अध्यक्ष समेत अन्य अध्यक्षों को सम्मानित किया गया।

प्रेस क्लब कार्यालय पर वर्तमान अध्यक्ष अमित कुमार मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रेस क्लब के प्रथम अध्यक्ष वसीम अहमद सिद्दीकी ने कहा कि संडीला के पत्रकारों ने संगठन को मजबूत बनाने तथा पत्रकारिता को गति देने के उद्देश्य से प्रेस क्लब की स्थापना की थी। यह प्रेस क्लब लगातार पत्रकारिता के उच्च मानदंडों को सामने रखते हुए लोकतंत्र की सेवा कर रहा है। उन्होंनें प्रेस क्लब पदाधिकारियों को सफल संचालन के लिए साधुवाद दिया। इसके अलावा प्रेस क्लब अध्यक्ष रहे हरिअमोल सिंह तथा प्रभात अस्थाना के अलावा प्रेस क्लब के संरक्षक अनुराग अस्थाना, उदय प्रताप चौरसिया का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। प्रेस क्लब के संयोजक मुईज सागरी ने कहा कि सभी वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान करना प्रेस क्लब कार्यकारिणी का सराहनीय कदम है। अध्यक्ष अमित कुमार मौर्य ने कहा कि वरिष्ठतम पत्रकारों को सम्मानित एवं उनसे मार्ग दर्शन प्राप्त कर हम स्वंय को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अनिल राठौर, मंत्री हिमांशू गुप्ता, संगठन मंत्री रामानुज यादव के अलावा तौहीद अहमद, रितेश सिंह लकी, अभिषेक सोनी, गंगाराम, मो. हस्सान, यासिर कासमी आदि पत्रकारों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्य एवं महामंत्री लाल चन्द्र चौरसिया ने किया।

# सड़क जागरूकता का संदेश लेकर छात्राओं के बीच पहुंचे एआरटीओ, किया जागरूक

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मुख्य** सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा के मार्गदर्शन, निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद खीरी में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा। सड़क सुरक्षा माह पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में नगर के सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसका शुभारंभ एआरटीओ रमेश चौबेए टीएसआई जेपी यादव, प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई के साथ मां सरस्वती के चित्र का अनावरण एवं दीप जलाकर किया। एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं ज्यादातर हमारी गलती से होती हैं। अगर हम नियमों का पालन करें तो सड़क दुर्घटनाओं को कम कर सकते हैं। वाहन चलाने को लेकर लापरवाह और अति आत्मविश्वास नहीं होना चाहिए। सीट बेल्ट और हेलमेट आपको गंभीर चोट से बचाते हैं। अगर हम अपनी और अपने परिजनों की चिंता करते हैं, तब हम इतने लापरवाह कैसे हो सकते हैं। आंकड़ों के अनुसार सड़क सुरक्षा में हम सबसे अधिक युवाओं को खो देते हैं।

# छात्राओं को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

**संडीला ( हरदोई )।** बालिका दिवस के अवसर पर मेधावी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बालिका दिवस के उपलक्ष में खण्ड शिक्षाधिकारी सीमी निगार एवं एचसीएल टीम के सदस्यों की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण किया गया। इस पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य रूप से प्राथमिक विद्यालय जामू से अंजलि आश्वी प्राथमिक विद्यालय गंगाखेड़ा से जानवी, प्राथमिक विद्यालय पटेरा से प्रिया, प्राथमिक विद्यालय जाजमऊ से निधि एवं रिया, प्राथमिक विद्यालय प्रिया शगुन, प्राथमिक विद्यालय से अनुष्का सोनी, प्राथमिक विद्यालय से किरण, पूजा आदि को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापिका प्रियंका जायसवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन देवेन्द्र कुमार बाजपेयी, प्राथमिक विद्यालय संडीला द्वारा कराया गया। इस मौके पर अंकित, प्रदीप, प्रियंका पाण्डेय, प्रतिमा जायसवाल, वंदना यादव, ज्ञानचंद्र, अनीता मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# बरेली में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट : 500 से ज्यादा निवेशकों ने 13000 करोड़ निवेश को दी सहमति

**संवाददाता।** बरेली

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के महत्वाकांक्षी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के क्रम में मंगलवार को बरेली के आइएमए सभागार में बरेली इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया। इन्वेस्टर्स समिट के मुख्य अतिथि प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद संतोष गंगवार, शहर विधायक डॉ. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने मां सरस्वती के समझ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बरेली में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, लघु उद्योग भारती, सेंटर यूपी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी समेत करीब 500 निवेशकों ने 13 हजार करोड़ के



निवेश को अपनी सहमति दी है। बरेली में फूड प्रोसेसिंग, टूरिज्म, टेक्सटाइल, बायोफ्यूल, इलेक्ट्रिकल व्हीकल, डेयरी और एमएसएमई के क्षेत्र में निवेश को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। कमिश्नर संयुक्ता समद्दार ने सभी निवेशकों से वार्ता कर इन्वेस्टर्स समिट को सफल बनाने की पहले ही रूपरेखा तैयार कर ली थी। कार्यक्रम में उद्यमियों को इस के बारे में बताया गया किस तरह से बरेली अब अपने बांस , बेंत, जरी, जरदोजी के बाद टूरिज्म फूड प्रोसेसिंग में अपनी पहचान बनाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने इन्वेस्टर समिट का उद्देश्य बताए हुए बताया। 100 एकड़ से अधिक पूंजीगत निवेश में भूमि लागत को छोड़कर 80 फीसदी तक की सब्सिडी दी जाएगी। भूमि की खरीद स्टांप ड्यूटी 100 प्रतिशत की छूट में 70 प्रतिशत प्रोत्साहन पार्क का विकास पूर्ण होने पर जारी किया जाएगा। 10 प्रतिशत भूखंडों का आवंटन और अंतिम 15 प्रतिशत पार्क में इकाइयों के वाणिज्यिक संचालन प्रारंभ होने के बाद जारी किया जाएगा।

# रेल वेल्ड फ्रैक्चर की जानकारी देने वाले पंकज को दो हजार का नगद पुरस्कार

**संवाददाता।** बरेली

**इज्जतनगर** मंडल के मथुरा-राया रेलखण्ड पर 19 जनवरी, 2023 को रात्रि पैट्रोलिंग के दौरान पैट्रोलमैन पंकज कुमार मीना ने देखा कि किमी संख्या 339/8-9 रेलपथ पर एक रेल वेल्ड भ्रंश हुआ है। पंकज कुमार मीना ने तत्काल ट्रैक संरक्षित करके स्टेशन मास्टर, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ), मथुरा छावनी एवं मंडल नियंत्रण कक्ष को रेल फ्रैक्चर की सूचना दी। पंकज कुमार मीना की कर्त्तव्यनिष्ठा, जागरुकता, कर्मठता एवं सतर्कता के फलस्वरुप वेल्ड फ्रैक्चर को सही समय पर ठीक किया गया तथा रेल संरक्षा को सुनिश्चित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक सुश्री रेखा यादव ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेल पथ), मथुरा छावनी के अधीन कार्यरत ट्रैक मैंटेनर पंकज कुमार मीना को संभावित रेल दुर्घटना को टालने के लिए रुपये दो हजार का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया ताकि मंडल पर कार्यरत अन्य सहरेल कर्मचारी भी इनसे प्रेरणा लेकर पूरी जागरुकता, कर्मठता एवं सतर्कता से अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। साथ ही उनके मनोबल में वृद्धि हो तथा वे कर्त्तव्य पालन में सदैव उत्साहित रहें।

मंडल रेल प्रबंधक सुश्री रेखा यादव ने श्री पंकज कुमार मीना को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे पैनी दृष्टि रखने वाले पेट्रोल मैन अपने निष्ठापूर्ण कार्यों से इज्जतनगर मंडल को गौरवान्वित कर रहे हैं। ऐसे कर्त्तव्यनिष्ठ एवं कर्मठ रेल कर्मियों पर पूरा रेल प्रशासन गर्व करता है।

# दो दिवसीय सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार यज्ञ का शुभारम्भ

**संवाददाता।** बरेली

**प्राचीन** गुरुकुल परम्परानुसार संचालित श्री टीबरीनाथ सांगवेद संस्कृत महाविद्यालय, नैनीताल मार्ग, बरेली के प्रांगण में आज ब्रह्मचारी बटुको का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार यज्ञ का शुभारम्भ आचार्य महेश चन्द्र शर्मा, एवं वरिष्ठ छात्रों के कुशल निर्देशन में गणेशाम्विका पूजन, मात-पूजा नान्दीश्राद्व, नवग्रह पूजन, कलश स्थापन पंचांग पीठस्थ देवपूजन क्रमानुसार विधिवत प्रारंभ हुआ। प्रधानाचार्य बंशीधर पाण्डेय ने बताया कि प्रतिवर्ष माघ शुक्ल पंचमी बसंत पंचमी पर्व पर गुरुकुल में प्राचीन वैदिक ऋषिकुल परम्परानुसार सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार यश एवं वार्षिकोत्सव-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। दिव्य परम्परा का अनुपालन इस गुरुकुल में 40वें वार्षिकोत्सव के रूप में किया जा रहा



है। आज गुरुवार, वसंत पंचमी पर्व एवं प्रात: काल से ही विधिवत पूजन आरम्भ हो जायेगा, ब्रह्मचारी- वेश बटुक गुरु से दीक्षामन्त्र ग्रहण करेगा, तत्पश्चात लगभग 11:00 बजे बटुक ब्रहमचारी- वेश में दीक्षा प्राप्त करने हेतु परिसर में उपस्थित पारिवारिक जनों जन समुदाय से याचना करेगा। यह सात्विकता ग्रहण करने, अहम की निवृत्ति का संकेत है। यह प्राचीन गुरुकुल परंपरा का साक्षात् मनोहारी एवं हृदयस्पर्शी दृश्य होगा। भिक्षा प्राप्ति हेतु याचना( अहम् निवृति का भाव), संयम की वृत्ति का बरन एवं संचय की प्रवत्ति पर अंकुश का संकल्प होगा। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेमशंकर अग्रवाल, मंत्री सुधीर गोयल एवंशशिकांत मोदी , महेश चन्द्र शर्मा, अभिभावक गण उपस्थित रहे। विद्यालयीय व्यवस्थाओं में डॉ सुरेश चन्द्र शर्मा निधि सक्सेना सपना सिंह विवेक उपाध्याय, अक्षय देवघर, प्रशांत कुमार, शिवबालक शर्मा, सुरेन्द्र, अरुण दीवान का योगदान रहा।

# चित्रकूट के पर्यटन विकास को नई उड़ान देगा टेबल टॉप एयरपोर्ट

**रतन पटेल।** चित्रकूट






**आदि तीर्थ** के रूप में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट की देवांगना पहाड़ी के ऊपर 1132 करोड़ की लागत से देश का सबसे खूबसूरत 'टेबल टॉप' एयरपोर्ट बनकर तैयार हो चुका है। सरकार के इस ड्रीम प्रॉजेक्ट के शुरू होते ही चित्रकूट के पर्यटन विकास को नई उड़ान मिलेगी। सूबे की योगी सरकार जल्द ही 19 सीटर विमानों की उड़ान शुरू कर चित्रकूट को हवाई सेवा की सौगात देगी। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच विंध्य पर्वत श्रृंखला में स्थित विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट का धार्मिक, आध्यात्मिक और पौराणिक दृष्टिकोण से समूची दुनिया में विशेष महत्व है।

इसी पावन धारा पर भगवान श्रीराम ने वनवास काल का सर्वाधिक साढ़े 11 साल का समय व्यतीत किया था। प्रभु श्रीराम ने चित्रकूट गिरि को कामदगिरि (मनोकामनाओं के पूरक) होने का वरदान दिया था। तभी से लाखों-करोड़ों श्रद्धालु चित्रकूट आकर मां मन्दाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए कामदगिरि पर्वत की पंच कोसीय परिक्रम करते हैं। भगवान राम से जुड़ा प्रमुख तीर्थ होने की वजह से केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार का मुख्य फोकस चित्रकूट के पर्यटन विकास पर है।

देश के प्रमुख महानगरों से कनेक्टविटी बढ़ाने के लिए सरकार ने 147 करोड़ की लागत से हरे भरे जंगलों के बीच देवांगना पहाड़ी पर टेबल टॉप एयरपोर्ट का निर्माण कराया है। लगभग 260 एकड़ भूमि पर बन रहे चित्रकूट एयरपोर्ट पर 1475 मीटर लम्बा और 23 मीटर चौड़ा रनवे बनाया जा रहा है।

### ● देवांगना की खूबसूरत पहाड़ी पर बन कर तैयार है देश का सबसे खूबसूरत एयरपोर्ट

### दो महीने के अंदर पर्यटकों को मिलने लगेगी चित्रकूट से हवाई सेवाएं

## पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

चित्रकूट के जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि भारतीय विमानन प्राधिकरण और राइट्स कम्पनी की ओर से संयुक्त रूप से चित्रकूट की देवांगना पहाड़ी पर देश के सबसे सुंदर 'टेबल टॉप' एयरपोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस एयरपोर्ट के चालू होने के बाद चित्रकूट के पर्यटन विकास को नए पंख लगेंगे। चित्रकूट देश के प्रमुख महानगरों से सड़क, रेल के बाद अब वायु मार्ग से भी जुड़ जाएगा।

उन्होंने बताया कि दो पहाड़ियों को जोड़कर बनाए जा रहे इस एयरपोर्ट में अब तक रनवे के विस्तारीकरण, टर्मिनल और एयर ट्रैफिक कंट्रोल भवन और कार पार्किंग का निर्माण कार्य 90 फीसदी पूरा हो चुका है। इस एयरपोर्ट में 350 सीटर विमान बड़ी आसानी से आ-जा सकेंगे। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती करीब एक दर्जन से अधिक जिलों के लोग इस एयरपोर्ट से लाभान्वित होंगे।

## पौराणिक तीर्थ है चित्रकूट

धर्म नगरी के प्रमुख संत एवं भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवन दास महाराज एवं मत्गजेंद्र नाथ मंदिर के प्रधान पुजारी विपिन महाराज बताते है कि चित्रकूट से बड़ा विश्व में कोई दूसरा तीर्थ नहीं है। चित्रकूट में ही भगवान ब्रम्हा ने सृष्टि का प्रथम यज्ञ कर मतगयेन्द्र नाथ से प्रथम शिव लिंग की स्थापना की थी।

### 19 सीटर विमानों की जल्द होगी शुरुआत-सांसद

**बांदा।** चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने बताया कि मोदी और योगी सरकार चित्रकूट के पर्यटन विकास को संकल्पित है। बताया कि रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम अन्तर्गत यूपी के आठ शहरों के लिए जल्द ही सस्ती उड़ानें शुरू होंगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इसके लिए गुरुग्राम की विमानन कंपनी को लाइसेंस दिया है। अब उड़ानों का शेड्यूल जारी होगा। कंपनी 19 सीटर विमान उड़ाएगी। केन्द्र सरकार की उड़ान योजना के अन्तर्गत इनका किराया आम आदमी को ध्यान में रखकर तय होगा। रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस) के महाप्रबंधक अतुल्य अग्रवाल के मुताबिक एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से कंपनी को भेजे स्वीकृति-पत्र अनुसार लखनऊ, प्रयागराज, आजमगढ़, चित्रकूट, वाराणसी, म्यूरपुर कोरबा, मुरादाबाद, श्रावस्ती के बीच उड़ानें शुरू होंगी। गाजियाबाद हिंडन एयरपोर्ट से एक उड़ान बठिंडा की होगी। कुल 15 नियमित उड़ानें छोटे-बड़े शहरों के बीच सम्पर्क का जरिया बनेंगी। आरसीएस योजना के अन्तर्गत छोटे शहरों को विमान सेवाओं से जोड़ने का लक्ष्य है।

**इन शहरों के बीच उड़ानें**

- चित्रकूट से प्रयागराज, प्रयागराज चित्रकूट
- चित्रकूट से वाराणसी, वाराणसी से चित्रकूट
- चित्रकूट से लखनऊ, लखनऊ से चित्रकूट
- चित्रकूट से कानपुर, कानपुर से चित्रकूट

इसके अलावा वनवास काल में भगवान श्रीराम ने सर्वाधिक साढ़े 11 वर्ष चित्रकूट की पावन धरा पर व्यतीत किया था। इसीलिए प्रतिमाह लाखों श्रद्धालु चित्रकूट की मन्दाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए कामदगिरि पर्वत की पंचकोसीय परिक्रमा लगाते हैं।

## क्विक न्यूज

### डीएम ने लेखपाल को प्रशिस्त पत्र देकर किया सम्मानित

**घाटमपुर।** तहसील में तैनात लेखपाल राजेश कुमार को बुधवार दोपहर कानपुर स्थित सभागार कक्ष में कानपुर जिलाधिकारी विशाख की अय्यर ने प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया है। घाटमपुर तहसील में तैनात लेखपाल राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने 218 घाटमपुर विधानसभा में निर्वाचन सुपरवाइजर के पद रूप में मन लगाकर तत्पर्यता से काम किया था। जिसके चलते राष्ट्रीय मतदाता दिवस के तहत जिलाधिकारी ने उन्हें प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया है। उन्होंने घाटमपुर में निर्वाचन सुपरवाइजर के पद पर रहकर घाटमपुर तहसील क्षेत्र में गांव गांव वोटर लिस्ट का सर्वे कर रही ठण्सण्वण् ;बूथ लेबल अधिकारीद्ध की निगरानी रखना साथ ही उन्हें काम करने में कोई दिक्कत आ रही है तो उनकी मदद करना ए जिसके बाद बूथ लेबल अधिकारियों की वर्किंग रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजना। यह जिम्मेदारी का काम घाटमपुर में लेखपाल राजेश कुमार ने किया था। मामले में कानपुर जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने बताया कि घाटमपुर में सुपरवाइजर के पद पर लेखापाल राजेश कुमार ने अच्छा काम किया हैए जिसके चलते उन्हें प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

### पांच मीटरों में प्रतिरोधक लगा बिजली चोरी पकड़ी गई

**जालौन (उरई)।** मीटर में अतिरिक्त प्रतिरोधक लगाकर बिजली चोरी कर रहे पांच लोगों समेत एक व्यक्ति द्वारा अतिरिक्त केबिल डालकर बिजली की चोरी किए जाने पर बिजली विभाग प्राथमिकी दर्ज करा रहा है। परीक्षणशाला उरई के सहायक अभियंता अनुपम सचान एवं विद्युत उपखंड अधिकारी कौशलेंद्र सिंह के नेतृत्व में नगर में संदिग्ध मीटरों की चेकिंग की गई। जिसमें सात मीटरों की जांच की गई। जिनमें पांच मीटर में अतिरिक्त प्रतिरोधक लगाकर बिजली चोरी होती हुई मिली। बिजली विभाग की टीम को मकबूल काशीनाथ, लाल सिंह दबगरान, विनोद कुमार मुरली मनोहर, वंशीधर चिमनदुबे, राजकुमार चिमनदुबे के यहां मीटर में अतिरिक्त प्रतिरोधक लगाकर बिजली चोरी होती हुई मिली। वहीं, राहुल निवासी काशीनाथ के सर्विस केबिल के अतिरिक्त केबिल डालकर बिजली चोरी कर रहे है। टीम ने बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। निरीक्षण टीम में प्रवर्तन दल प्रभारी अरविंद तिवारी, अवर अभियंता प्रवर्तन दल अजीम सिद्दीकी, सहायक अभियंता मीटर अनुपम सचान, शिवम साहू, जेई पी राम, टीजीटू नरेंद्र सोलंकी, राहुल साहू आदि मौजूद रहे।

# लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मताधिकार का करें प्रयोग: श्रुति

**संवाददाता।** फतेहपुर

**13वां** राष्ट्रीय मतदाता दिवस भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में मनाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्रुति ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालयों की छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। साथ ही मतदाता जागरूकता संम्बंधी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान करने के लिए जागरूक किया।

डीएम ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र हमारे देश का है। लोकतंत्र में प्रतिनिधि चुनने का पूर्ण अधिकार जनता को है। बिना किसी प्रलोभन के निडर, निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना योगदान दें। एसपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि मतदान करने का अधिकार हम सभी को प्राप्त है। यह सौभाग्य की बात है कि एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए मतदान अवश्य करें और जागरूक भी करें। डीएम ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके शिवम सिंह एवं कु अर्चना देवी को मतदाता पहचान पत्र दिए। उन्होंने शासन द्वारा नामित मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप आईकॉन डॉ.अनुराग श्रीवास्तव एवं नित्या त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा अन्य उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया।

### ● 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर डीएम ने दिलाई शपथ

### ● छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए

डीएम ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं नागरिको को मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। संचालन अनुराग मिश्रा ने किया। इस अवसर पर सीडीओ सूरज पटेल, एडीएम (वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक, एसडीएम सदर नन्द प्रकाश मौर्य, पीडी डीआरडीए एमपी चौबे, जिला विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार कुशवाहा सहित अनेक अधिकारी, शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए करें अपने मताधिकार का प्रयोग : अभिषेक आनंद



**चित्रकूट।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सीआईसी मैदान पर बने भारत के नक्शे के हर प्रांत में खड़े बच्चों को मतदाता जागरूकता के संबंध में शपथ दिलाई। इसके पहले जिलाधिकारी ने भारत के प्रांतों का अवलोकन किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जनवरी 2023 में जिन छात्र-छात्राओं युवकों युवतियों की उम्र 18 साल पूरी हो गई वह सभी फार्म 6 भरकर मतदाता बनें और जो भी मतदाता हैं वे सभी आगामी सभी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करके जागरूक मतदाता होने का गौरव प्राप्त करें । लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। मतदान प्रतिशत बढ़ने से ही सर्वश्रेष्ठ लोकतांत्रिक सरकार के गठन में मतदाताओं की भूमिका सराहनीय रहती है।

# गौशालाओं की बदहाली देख दंग रह गए कमिश्नर



### डीएम से रिपोर्ट मांगी कार्रवाई के दिए निर्देश

**आलोक निगम।** बाँदा

**चित्रकूटधाम** मंडल बाँदा के आयुक्त आर पी सिंह ने पायनियर की खबरों को संज्ञान में लेते हुए आज अचानक डीजीए के संग गौशाला पहुंच गए। वह गोवंश की दुर्दशा देखकर स्तब्ध रह गए। आयुक्त आर पी सिंह ने पुलिस उपमहानिरीक्षक के साथ ग्राम पंचायत द्वारा संचालित कान्हा गौशाला सियार पाखा, ग्राम पंचायत गुढा तहसील नरैनी का गहन अवलोकन किया। उन्होंने अव्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी बांदा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का उपरोक्त के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अवलोकन के समय खण्ड विकास अधिकारीए प्रधान ग्राम पंचायतए पशु अधिकारी चिकित्सा और अन्य विषयगत कर्मचारी वन्यजीवों में मिले। यह गौशाला ग्राम पंचायत द्वारा संचालित की जा रही है जिसमें 230 गौवंश संरक्षित हैं। गौवंशों के भोजन बनी चरही को देखने से हुआ कि इसकी कभी सफ़ई नह्न ??ीं की जाती। चरही तो गंदी थी ही साथ.ही.साथ आस . पास और पूरा परिसर बहुत गन्दा था जिससे यह स्पष्ट है कि ग्राम पंचायत के संबंधित अधिकारियों और गौशाला के केयर टेकर द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने देखा कि कैसे प्रतिदीन गोवंश मर रहा हैए प्रशासकीय अधिकारी असत्य बोल रहेए आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री आर पी सिंह एवं विपिन कुमार पुलिस उपमहानिरीक्षकए चित्रकूटधाम परिक्षेत्रए बांदा के साथ ग्राम पंचायत द्वारा संचालित कान्हा गौशाला सियार पाखाए ग्राम पंचायत गुढा तहसील नरैनी का अवलोकन किया गया। यह गौशाला ग्राम पंचायत द्वारा संचालित की जा रही है जिसमें 230 गौवंश संरक्षित हैं। गौवंशों के भोजन बनी चरही को देखने से हुआ कि इसकी कभी सफ़ई नहीं की जाती। चरही तो गंदी थी ही साथ.ही.साथ आस . पास और पूरा परिसर बहुत गन्दा था जिससे यह स्पष्ट है कि ग्राम पंचायत के संबंधित अधिकारियों और गौशाला के केयर टेकर द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गौवंशों को केवल पयार खिलने के करण उनकीी भूख से मौते हो रही ह। इसीक्रम में ग्राम पंचायत द्वारा संचालित उक्त कान्हा गौशाला सियार पाखाए ग्राम पंचायत गुढ़ाकलॉ तहसील नरैनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारीए प्रधान ग्राम पंचायतए पशु चिकित्सा अधिकारी तथा अन्य अधीनस्थ स्टाफमौके पर मिला । चरही तो गंदी थी ही साथ.ही.साथ आस . पास और पूरा परिसर बहुत गन्दा था इस पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थित खण्ड विकास अधिकारीए सचिव एवं पशु चिकित्साधिकारी से यह पूंछने पर कि उनके द्वारा कितने दिन में भ्रमण किया जाता है तो बताया गया कि 07 दिवस में एक बार किया जाता है। पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि उन्हें जब भी बुलाया जाता हैए वह तत्काल आते हैं। मृत गौवंशों के सम्बन्ध में पशु चिकित्सा अधिकारी से जानकारी करने पर बताया गया कि दो.तीन माह में लगभग 30 गौवंशों की स्वाभाविक मृत्यु हुई है। उन्होंने गौवंशों से सम्बन्धित पंजिका का अवलोकन किया। स्पष्ट हुआ कि 1 नवम्बर से अब तक 32 गौवंशों की मृत्यु हुई हैए किन्तु यह कहीं अंकित नहीं किया गय। उन्होंने अव्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी का उपरोक्त के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर किया जागरुक




**मौदहा (हमीरपुर)।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर नगर के तहसील भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर उप जिलाधिकारी समेत अन्य वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नगर के तहसील भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता करते हुए उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने सभी को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र व निष्पक्ष तथा धर्म जाति से हटकर बिना किसी प्रलोभन के देश हित के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर उप जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में अवश्य होने चाहिए। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के 18 वर्ष पूर्ण होते ही वह अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य अंकित कराएं और मतदान के दिन बिना किसी भय व प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग देश हित में अवश्य करें।

इस मौके पर क्षेत्र के आला अधिकारियों समेत अधिवक्तागण व अन्य लोग मौजूद रहे।

## रामचरित मानस पर एक और सपा नेता ने दिया विवादित बयान

**बाँदा।** उत्तर प्रदेश में हिंदू धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस को लेकर इस समय सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर जहां एक तरफ घमासान मचा हुआ है वहीं अब एक और सपा नेता व पूर्व विधायक बृजेश प्रजापति ने भी रामचरित मानस को लेकर विवादित बयान दिया है। बृजेश प्रजापति ने कहा कि रामचरित मानस में कुछ आपत्तिजनक पंक्तियां हैं, उन्हें सरकार हटा दे या फिर रामचरित मानस को ही बैन कर दिया जाय। प्रजापति ने कहा कि रामचरित मानस की कुछ चौपाइयों से आदिवासी, दलित , पिछड़े समाज और महिलाओं को ठेस पहुंचती है। यदि केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार ध्यान नहीं देती तो समाजवादी पार्टी व्यापक पैमाने पर पूरे देश में आंदोलन खड़ा कर देगी, जरुरत पड़ी तो पार्टी, माननीय सर्वोच्च्य न्यायालय जायेगी, और हर हाल में रामचरित मानस को बैन करा देगी या फिर उन आपत्तिजनक चौपाई हटाने का प्रयास कराएगी।

# जनपद में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**13वें** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा इको पार्क सामुदायिक भवन माती में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी नेहा जैन ने विभिन्न विद्यालयों से आए हुए छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं, नये युवा एवं बुजुर्गों मतदाताओं को मतदाता जागरूकता के संबंध में शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं मतदाता बैच भी भेंट किया। जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र छात्राओं को भी लोकतंत्र के बारे में जानकारी होनी चाहिए, उन्होंने कहा कि जनवरी 2023 में जिन छात्र-छात्राओं, युवकों, युवतियों की उम्र 18 साल पूरी हो गई, वे सभी फार्म 6 भरकर मतदाता बनें और जो भी मतदाता हैं वे सभी आगामी सभी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करके जागरूक मतदाता होने का गौरव प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। मतदान प्रतिशत बढ़ने से ही सर्वश्रेष्ठ लोकतांत्रिक सरकार के गठन में मतदाताओं की भूमिका सराहनीय रहती है। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं द्वारा स्लोगन, नृत्य, नुक्कड़ नाटक, आदि के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### ● जिलाधिकारी ने नए बुजुर्ग मतदाताओं को माला पहना कर किया सम्मानित, वितरित किए मतदाता पहचान पत्र

जिलाधिकारी ने सभी को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए सभी को वोटर बनने और मतदान करने के लिए प्रेरित करने की सलाह दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नए मतदाता एवं पुराने बुजुर्ग मतदाताओं को माला पहनाकर सम्मानित किया एवं उन्हें मतदाता पहचान पत्र भी वितरित किया। इसके पश्चात नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य से विभिन्न युवा मंडल को खेल किट वितरण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अपने संविधान के संबंध में तथा एक जागरूक मतदाता होने के दायित्व को समझाया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन केशव नाथ गुप्त, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, तहसीलदार अकबरपुर, आदि अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**13वें** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज दिनांक 25 जनवरी 2023 को फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्पमाला अर्पित करते हुए किया गया ।

सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई । प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों, निर्णायक एवं सहयोगी अध्यापकों तथा विगत चुनाव में श्रेष्ठ कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों के सुपरवाइजर एवं बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देते हुए सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में संजीव कटियार, प्रदीप यादव ,प्रदीप यादव, राजकुमार , अर्पण शाक्य, जितेंद्र सिंह, सर्वेश शाक्य , सरिता त्रिवेदी आदि रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विगत चुनाव में स्वीप टीम के द्वारा श्रेष्ठ कार्य किया गया तथा पूरे जनपद के बूथों पर सुपरवाइजर और बूथ लेवल अधिकारियों के सक्रिय सहयोग से मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा मतदान का प्रतिशत बढ़ाया है। आगे आने वाले चुनाव में और अधिक सक्रियता से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा । जिलाधिकारी ने कहा कि आज के इस अवसर पर निश्चित रूप से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे।

आगे आने वाले सभी निर्वाचनों में सभी मतदाता अपने-अपने बूथों पर शत - प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करते हुए जनपद को अग्रणी बनाने का प्रयास करेंगे । तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा सभी को मतदाता शपथ ग्रहण कराई गई । अंत में उप जिला निर्वाचन अधिकारी - अपर जिलाधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया । कार्यक्रम का संचालन स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी- स्वीप नोडल अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी-् अपर जिलाधिकारी, प्रधानाचार्य महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद , प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र पाल, विद्यालय निरीक्षक महेश चंद्र पाल, स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा उपस्थित रहे।

# भागवत कथा के चौथे दिन व्यास पीठ का हुआ पूजन



**फतेहपुर।** श्री मोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्री रामकृष्ण साई मंदिर के तृतीय वार्षिकोत्सव में आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर प्रयागराज से पधारे पूज्य पाद संत सच्चा बाबा के कृपापात्र राघव जी महाराज द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। भागवत कथा के चतुर्थ दिवस के सवर्प्रथम डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी वर्षा श्रीवास्तव के साथ व्यास पीठ का पूजन किया। कथा व्यास ने गुरु के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। गुरु निधि भव निधि तरिय न कोई, जो विरंचि शंकर सम होई। गुरु के बिना इस भव सागर से पार नहीं किया जा सकता है। चाहे भगवान शंकर क्यों न हो। उन्होंने हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रहलाद के चरित्र के बारे में विस्तार से चर्चा की। जो प्रभु के प्रति अनुराग के कारण अपने पिता की बात न मानकर प्रभु गुणनुवाद में मगन रहा। तमाम प्रतारणाओं, पहाड़ों से फिंकवाने, बुआ होलिका द्वारा आग में जलवाने के बावजूद वह ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करते हुए बचता रहा। अंत ने स्वयं भगवान नरसिंह अवतार के रूप में आकर हिरण्यकश्यप का वध करके प्रहलाद को दर्शन दिए। भगवान के विभिन्न अवतारों के प्रश्नों के बारे भी बृहद चर्चा की। श्री रामचरितमानस की चौपाइयों का गान करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम राम और जानकी के विवाह का वर्णन सुनाया।

# पशु चिकित्साधिकारी गौवंशों की टैगिंग करने में बरत रहे लापरवाही

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**पशु** चिकित्सा अधिकारी कुठौंद की खाऊ कमाऊ नीति के चलते गौशालाओं का संचालन बेहतर रूप से नहीं चल पा रहा है। पिछले कार्यकाल में भी विवादों से इन साहब का चोली दामन का साथ रहा है। दो-दो स्थानों का प्रभार होने की वजह से यह अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी सुचारू रूप से नहीं कर पा रहे हैं। यदि जमीनी हकीकत देखनी है तो किसी भी गौशाला में जाकर गोवंश के सापेक्ष टैगिंग चेक कर दूध का दूध पानी का पानी किया जा सकता है।


विवरण के अनुसार प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कुठौंद डॉ. संतोष राजपाल के पास गोहन के अतिरिक्त कुठौंद का भी चार्ज है। दिलचस्प बात यह है कि यह मूल तैनाती स्थल पर 1 सप्ताह में 10 या 05 मिनट के लिए ही जाते हैं। शेष समय कुठौंद में व्यतीत कर प्रधान व सचिवों से सांठगांठ की फिराक में रहते हैं। प्रदेश सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर पशुधन मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन तक गौशालाओं के बेहतर इंतजामातों को लेकर खंड विकास अधिकारी तथा पशु चिकित्सा अधिकारियों को लगातार निर्देश देते रहे हैं। परंतु जमीनी हकीकत में धरती आसमान का अंतर रहता है।

मीडिया की पड़ताल में यह मामला प्रकाश में आया कि विकास खण्ड कुठौंद में संचालित सभी 30 गौशालाओं में निरंतर कोई न कोई गोवंशज बीमार रहता है। परंतु सूचना देने के बावजूद भी उनका समुचित उपचार नहीं किया जाता। जिसका दुष्परिणाम कि कराह-कराह कर बेजुबान गोवंश असमय ही काल के गाल में समा जाते हैं। प्राय: देखा जाता है कि 2 दिन से हो रही रिमझिम बरसात से गौशालाओं में बचाव के इंतजामात तक नहीं हो सके हैं। अलबत्ता गायें ठंड से कराह गई हैं। बताया गया है कि पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा कभी भी ससमय गोवंशजों का इलाज नहीं किया जाता है। बताया जाता है कि विवादों से पशु चिकित्सा अधिकारी का पुराना नाता रहा है। गौशालाओं में गोवंश की स्थिति अच्छी नहीं कही जा सकती है। सूत्रों द्वारा बताया गया है कि यदि कोई पशु पालक पशु चिकित्सालय में उपचारार्थ आता है तो उसे दवा सरकारी तथा पैसे प्राइवेट रूप से लिए जाते हैं। जिसके चलते पशुपालकों में रोष बढ़ता जा रहा है।

## शुभकामना संदेश

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के पुनीत अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों, शुभचिंतकों का हार्दिक अभिनन्दन


शान्तनु सोनी
नगर संवाददाता महोबा


हरिकृष्ण पोद्दार
ब्यूरोहेड महोबा

# गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवं इष्टमित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवम इष्ट मित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**इ0 मनीष कुमार** अवर अभियन्ता
**डी0सी0 लाल** सहा0 परियोजना प्रबन्धक
यूपी प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड


गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवम इष्ट मित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**सुनील कुमार अग्रवाल**
जय दुर्गे मोटर्स
(अधि0 वि0 हीरो मोटर्स) कुलपहाड़

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवम इष्ट मित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**इ0 अरुण कुमार यादव** अधिशासी अभियन्ता
**इ0 राजकुमार शुक्ला** सहायक अभियन्ता
लघु सिंचाई विभाग महोबा

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवं इष्टमित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**राजीव कुमार तिवारी**
जिला पूर्ति अधिकारी
महोबा

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवं इष्टमित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**आलोक कुमार पटेरिया**
क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी
महोबा


गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवम इष्ट मित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**डा0 कौशल सोनी**
क्षेत्रीय सह संयोजक
भारतीय जनता पार्टी (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ)
जैतपुर – महोबा

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवं इष्टमित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**रोहित सिंह** यात्री कर अधीक्षक
**एस0के0 वर्मा** एआरटीओ
सहा0 सम्भागीय परिवहन कार्यालय–महोबा

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवं इष्टमित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**सी0बी0 सिंह**
वन क्षेत्राधिकारी–अजनर

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवं इष्टमित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**बृजेश बाबू**
गोदाम प्रभारी
विपणन विभाग– कबरई

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवम इष्ट मित्रों का हार्दिक अभिनन्दन


**सुलभ सक्सेना**
वरिष्ठ भाजपा नेता
उ0प्र0 चित्रगुप्त महासभा महोबा

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवं इष्टमित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**इ0 कमलेश वाजपेयी** अवर अभियन्ता
**इ0 एस0एस0 तोमर** अधिशासी अभियन्ता
जल निगम (निर्माण शाखा) महोबा

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवं इष्टमित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**राजू श्रीवास**
वन क्षेत्राधिकारी–महोबा

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवं इष्टमित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**कपूर चन्द्र नायक**
उप निबन्धक
निबन्धन कार्यालय– महोबा

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवं इष्टमित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**महेन्द्र कुमार जैन**
वन क्षेत्राधिकारी–चरखारी

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवं इष्टमित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**अमित कुमार श्रीवास्तव**
वन क्षेत्राधिकारी–पनवाड़ी

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2023) के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवं इष्टमित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा**
गोदाम प्रभारी
विपणन विभाग –महोबा

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवम इष्ट मित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**डा0 सन्तोष कुशवाहा** चीफ फार्मासिस्ट
**डा0 संध्या सिंह** मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका
जिला महिला अस्पताल महोबा

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवम इष्ट मित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

ग्राम पंचायत पिपरामाफ विकास खण्ड कबरई जनपद महोबा

**पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह**
ग्रा0पं0 विकास अधिकारी
**श्रीमती कृष्णा देवी**
ग्राम प्रधान
**महेन्द्र सिंह**
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि

## ग्राम पंचायत श्रीनगर
विकास खण्ड कबरई–जनपद महोबा

रिपोर्ट कार्ड

1. बापरा तालाब का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण
2. कचरा रिसाइकिल प्लाण्ट का निर्माण कार्य
3. कस्बे में सौरऊर्जा स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य
4. मुहाल मनोहरगंज में सीसी निर्माण कार्य
5. मुहाल बांस पहेड़िया में भूमिगत नालियों का निर्माण
6. ग्राम सचिवालय का आधुनिकीकरण
7. आपरेशन कायाकल्प के तहत प्राथमिक विद्यालयों का सुन्दरीकरण


**आशीष राजपूत**
ग्राम प्रधान


**शिवकुमार राजपूत**
जिला पंचायत सदस्य
प्रतिनिधि–श्रीनगर


**शिवकुमार सोनी**
ग्राम विकास अधिकारी
श्रीनगर

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवम इष्ट मित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**मेंसर्स श्रद्धा कन्स्ट्रक्सन**
**कबरई**


धीरेन्द्र राजपूत


देवेन्द्र रावत


कमलेश सोनी


गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवम इष्ट मित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**छोटे लाल**
ग्राम प्रधान
जैतपुर
महोबा

**रूपेश निगम**
ग्राम विकास अधिकारी
जैतपुर
महोबा

**स्वच्छ महोबा** **सुन्दर महोबा**

नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर नगर वासियों का अभिनन्दन करते हुए नागरिकों से अपील करती है

● नगर आपका है इसे साफसुथरा रखें ● सार्वजनिक सम्पत्ति को क्षति न पहुंचायें ● करों की समय से अदायगी करें

वीर भूमि के विकास की ओर बढ़ते कदम


**अरुण शुक्ला**
लेखाकार


**अवधेश कुमार**
अधि0 अधिकारी


**रामप्रकाश**
अपर जिलाधिकारी


**मनोज कुमार** IAS
जिलाधिकारी/प्रशासन


गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवम इष्ट मित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**जे0पी0 अनुरागी**
अध्यक्ष
जिला पंचायत महोबा


गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवम इष्ट मित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**संदीप कुमार राजपूत**
ब्लॉक प्रमुख
वरिष्ठ भाजपा नेता
विकास खण्ड–जैतपुर


गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवम इष्ट मित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**रमेश यादव**
सह0 संयोजक
भारतीय जनता पार्टी (पंचायत प्रकोष्ठ)
बुन्देलखण्ड क्षेत्र महोबा


गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के पावन अवसर पर जनपद वासियों, अधिकारियों एवम इष्ट मित्रों का हार्दिक अभिनन्दन

**राजेन्द्र कुमार शिवहरे**
वरिष्ठ भाजपा नेता
प्रमुख समाजसेवी कबरई (महोबा)

# सूर्यकुमार बने आईसीसी के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

## रेणुका वर्ष की उभरती क्रिकेटर

**भाषा।** दुबई



**भारत के** विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में उनकी शानदार फॉर्म के चलते बुधवार को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरूष क्रिकेटर चुना गया। सूर्यकुमार के लिए 2022 बेहतरीन रहा है जिसमें उन्होंने खेल के इस प्रारूप में कई रिकॉर्ड तोड़े और कई उपलब्धियां अपने नाम की। स्काई के नाम से मशहूर सूर्यकुमार ने सैम करेन, पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और जिम्बाब्वे के बल्लेबाजी आल राउंडर सिकंदर रजा को पछाड़ते हुए यह पुरस्कार हासिल किया।

महिलाओं के वर्ग में भारत की स्टार तेज गेंदबाज रेणुका सिंह आईसीसी की वर्ष की उभरती हुई महिला क्रिकेटर पुरस्कार हासिल करने में सफल रहीं। हालांकि भारतीय कप्तान और पिछले साल वर्ष की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर नवाजी गईं स्मृति मंधाना इस साल आस्ट्रेलिया की तहलिया मैकग्रा से पिछड़ गईं। सूर्यकुमार टी20 अंतरराष्ट्रीय में एक कैलेंडर वर्ष में 1000 से ज्यादा रन बनाने दूसरे बल्लेबाज भी बने और 32 साल के इस खिलाड़ी ने 187.43 के स्ट्राइक रेट से 1164 रन जोड़कर साल का अंत सर्वश्रेष्ठ रन बनाने वाले क्रिकेटर के तौर पर किया। इस दौरान उन्होंने 68 छक्के जड़े और इस प्रारूप के इतिहास में एक साल में किसी क्रिकेटर का यह सर्वाधिक छक्के जमाने का रिकॉर्ड रहा। पूरे साल सूर्यकुमार भारतीय टीम के मुख्य बल्लेबाज बने रहे और इस दौरान उन्होंने दो शतक और नौ अर्धशतक जड़े। आस्ट्रेलिया में आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप 2022 के दौरान वह अपने शिखर पर थे जिसमें उन्होंने छह पारियों में छह अर्धशतक जड़े जिसमें उनका औसत 60 के करीब रहा। उनका स्ट्राइक रेट फिर 189.68 रहा। साल के शुरू में एक शतक जड़ चुके सूर्यकुमार ने इसी शानदार लय को जारी रख वर्ष की शुरूआत की और न्यूजीलैंड में द्विपक्षीय श्रृंखला में टी20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरा शतक जमाया। सूर्यकुमार शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाले टी20 खिलाड़ी बने जिसमें उन्होंने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक 890 हासिल किए। वहीं महिलाओं में 26 साल की रणुका ने आस्ट्रेलिया की डार्सी ब्राउन, इंग्लैंड की एलिस कैप्से और हमवतन यास्तिका भाटिया को पछाड़कर एमर्जिंग प्लेयर पुरस्कार जीता।

## सिराज वनडे किकेट में नंबर एक गेंदबाज बने

**दुबई।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज आईसीसी एक दिवसीय गेंदबाजों की रैंकिंग में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बन गए। सिराज ने न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट और आस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड को पछाड़ा। पिछले 12 महीने में सिराज ने शानदार प्रदर्शन किया और श्रीलंका तथा न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में काफी परिपक्व गेंदबाजी भी की। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों में नौ विकेट लिए और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में चार विकेट चटकाए थे। उनके पास 729 रेटिंग अंक है जबकि हेजलवुड उनसे दो अंक ही पीछे हैं।मोहम्मद शमी 11 पायदान चढकर 32वें स्थान पर हैं। वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शीर्ष पर बने हुए हैं। भारत के तीन खिलाड़ी शीर्ष दस में हैं। शुभमन गिल 20 पायदान चढकर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।

# सानिया-बोपन्ना ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मिश्रित युगल फाइनल में

**भाषा।** मेलबर्न



**अपने** करियर का अंतिम ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट खेल रही सानिया मिर्जा ने बुधवार को यहां हमवतन भारतीय रोहन बोपन्ना के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी नजरें सातवें मेजर खिताब पर टिकी हैं। गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने एक घंटे और 52 मिनट चले सेमीफाइनल में डेसिरे क्रॉसिक और नील स्कुपस्की की तीसरी वरीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 7-6(5) 6-7(5) 10-6 से हराया। शुरुआती सेट जीतने और फिर दूसरा सेट गंवाने के बाद भारतीय जोड़ी ने सुपर टाईब्रेकर में अच्छी शुरुआत की। सानिया ने बैकहैंड विनर के साथ तीन मैच प्वाइंट हासिल किए और फिर अगले अंक पर मुकाबला जीत लिया जब क्रॉसिक ड्राइव वॉली को लौटाने में नाकाम रहीं।

सानिया ने मैच के बाद कहा, यह शानदार मैच था, काफी नर्वस थे। यह मेरा आखिरी ग्रैंडस्लैम है और रोहन के साथ खेलना विशेष है। वह मेरा पहला मिश्रित युगल जोड़ीदार था जब मैंने 14 साल की उम्र में उसके साथ जोड़ी बनाई थी और अब मैं 36 और वह 42 साल का है। हम अब भी खेल रहे हैं और हमारा रिश्ता बहुत मजबूत है। सानिया ने घोषणा की है कि फरवरी में दुबई में होने वाला डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट उनके करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। उन्होंने अमेरिका और इंग्लैंड के अपने प्रतिद्वंद्वियों के संदर्भ में कहा, हम यहां पर एक बार फिर उतरकर और खुद को एक और मौका देने को लेकर उत्साहित हैं। हम टूर पर सर्वश्रेष्ठ मिश्रित युगल जोड़ी से खेल रहे थे और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था। हमवतन महेश भूपति के साथ 2009 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाली सानिया ने कहा, मैं पिछले 18 साल से यहां खेलने के प्यार को महसूस कर सकती हूं। यह मेरे लिए घर की तरह है, यहां मेरा परिवार है, मैं घर में खाना खाती हूं और इतने सारे भारतीय मेरा समर्थन करते आते हैं। सानिया ने इसके बाद 2016 में स्विट्जरलैंड की दिग्गज मार्टिना हिंगिस के साथ मिलकर मेलबर्न पार्क में महिला युगल खिताब भी जीता। फ्रेंच ओपन में कनाडा की गैब्रिएला दाब्रोवस्की के साथ मिलकर मिश्रित युगल खिताब के रूप में अपने करियर का एकमात्र ग्रैंडस्लैम जीतने वाले बोपन्ना ने कहा कि टाईब्रेक में मौकों का फायदा उठाना महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा, जैसा कि सानिया ने कहा था कि हम कड़ी टीम के खिलाफ खेल रहे थे। दूसरा सेट गंवाने के बाद लय बनाए रखना आसान नहीं था लेकिन हम मजबूत बने रहे और शुरुआती बढ़त हासिल की जिससे हमें लय मिली। बोपन्ना ने कहा, सानिया के साथ कोर्ट साझा करके वास्तव में खुशी हो रही है। यह शानदार यात्रा रही, स्वदेश में सभी के लिए प्रेरणादाई और आज यहां इतने सारे प्रशंसकों के लिए। उन्होंने कहा, एक और मुकाबला बचा है। यह सपना है (सानिया के साथ खिताब जीतना)। यह इससे बेहतर नहीं हो सकता। यह विशेष होगा और हमें भारत में इसकी आवश्यकता है, सभी को प्रेरित करते रहें। सानिया के छह ग्रैंडस्लैम खिताब में से तीन मिश्रित युगल हैं जो उन्होंने महेश भूपति (2209 ऑस्ट्रेलियाई ओपन, 2012 फ्रेंच ओपन) और ब्राजील के ब्रूनो सोरेस (2014 अमेरिकी ओपन) के साथ जीते।

# जर्मनी सेमीफाइनल में, नीदरलैंड भी अंतिम चार में



## एफआईएच पुरुष विश्व कप

**भाषा।** भुवनेश्वर

**जर्मनी** ने बुधवार को यहां एफआईएच पुरूष विश्व कप मैच के अंतिम दो मिनट में दो गोल कर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इंग्लैंड पर पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि नीदरलैंड की टीम भी दक्षिण कोरिया पर जीत से उसके साथ अंतिम चार में पहुंच गई।

इंग्लैंड की टीम 58वें मिनट तक 2-0 से आगे चल रही थी लेकिन जर्मनी के कप्तान मैट्स ग्रामबुश और उनके छोटे भाई टॉम ने एक मिनट के अंतर पर गोल दागकर रोमांचक क्वार्टरफाइनल मैच में हार की कगार से वापसी कर जीत हासिल की। जर्मनी की टीम पूल बी में दूसरे स्थान पर रही थी और उसने क्रॉसओवर मैच में फ्रांस को 5-। से मात दी थी। अब सेमीफाइनल में शुक्रवार को उसका सामना तीन बार की चैम्पियन और पिछले चरण की कांस्य पदक विजेता आस्ट्रेलिया से होगा।

# महिला प्रीमियर लीग की पांच टीमें 4669.99 करोड़ रुपए में बिकी

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पहली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की पांच टीमों की बिक्री से 4669.99 करोड़ रुपए हासिल किए जबकि अडाणी स्पोटर्सलाइन ने अहमदाबाद टीम के लिए सबसे अधिक 1289 करोड़ रुपए खर्च किए। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम मालिकों मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स ने 912 . 99 करोड़ रुपए, 901 करोड़ रुपए और 810 करोड़ रुपए में सफल बोलियां लगाई।

कैप्री ग्लोबल होल्डिंग्स ने लखनऊ टीम 757 करोड़ रुपए में खरीदी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने ट्वीट किया, क्रिकेट में आज ऐतिहासिक दिन है। पहली महिला प्रीमियर लीग की टीमों की बोली ने पहली पुरुष आईपीएल 2008 के रिकॉर्ड तोड़ दिए। विजेताओं को बधाई, कुल 4669.99 करोड़ रुपए की बोली लगी।

